दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 180 | जयपुर | सोमवार, 05 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## भारत ने चिनाब नदी का पानी रोका

### एयरफोर्स चीफ पीएम से मिले; ओवैसी बोले- भारत ऐसी कार्रवाई करेगा, पाकिस्तान 100 बार सोचेगा

बढ़ता राजस्थान

**पहलगाम/नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि सस्पेंड करने के बाद भारत ने चिनाब नदी का पानी रोक दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू के रामबन में बने बागलिहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया है। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है। उधर एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक पीएम और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल) को 12 दिन हो चुके हैं। पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी लगातार सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग कर रहे हैं, शनिवार को उन्होंने नेवी चीफ के साथ मीटिंग की थी। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, इस कायराना आतंकी हमले पर देश की सरकार और प्रधानमंत्री कार्रवाई करेंगे। जो लोग मारे गए हैं, उन्हें इंसाफ मिलेगा। हम उम्मीद करते हैं कि वे (पीएम) ऐसा कदम उठाएंगे कि पाकिस्तान भारत में घुसकर किसी को मारने से पहले 100 बार सोचेगा। वहीं, पंजाब की अमृतसर पुलिस ने रविवार को 2 जासूसों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि दोनों सैन्य छावनी और एयरफोर्स बेस की इन्फॉर्मेशन और फोटोज विदेश भेज रहे थे। ये दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के ऑपरेटिव हैं।

## कोटा में मेडिकल की तैयारी कर रही छात्रा का सुसाइड

### एग्जाम से पहले ही चुन्नी से फंदा लगाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** कोटा में एक और नाबालिग स्टूडेंट (छात्रा) ने सुसाइड कर लिया। 17 साल की छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी। रविवार उसका एग्जाम था। मामला शहर के कुन्हाड़ी इलाके का है। कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया- पार्श्वनाथपुरम इलाके में छात्रा पूरे परिवार के साथ रह रही थी। वह नीट की तैयारी कर रही थी। शनिवार को उसने अपने घर के कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर जान दे दी।

### मध्य प्रदेश के श्योपुर का है परिवार

थाना इंचार्ज अरविंद भारद्वाज ने बताया- मूल रूप से परिवार मध्य प्रदेश के श्योपुर क्षेत्र का रहने वाला है। बेटी की पढ़ाई के लिए परिवार ने कोटा में ही मकान खरीद लिया था। छात्रा की मां श्योपुर में ही सरकारी कर्मचारी हैं। घटना का पता लगा तो पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की को एमबीएस हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया जाएगा।

### अप्रैल महीने में 4 सुसाइड

कोटा में अप्रैल महीने में 4 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया। मई महीने में एग्जाम से पहले सुसाइड का यह पहला मामला है। 28 अप्रैल की रात बिहार से कोटा नीट की कोचिंग करने आए छात्र तमीम इकबाल ने भी फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था। 2025 में अब तक कोटा में 14 स्टूडेंट सुसाइड कर चुके हैं।

# 20 लाख की घूस लेते बीएपी विधायक गिरफ्तार



## रुपए लेकर भागा एमएलए का व्यक्ति

### विधानसभा में लगाए सवाल वापस लेने के लिए मांगे थे 10 करोड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एंटी करप्शन ब्यूरो राजस्थान ने बागीदौरा (बांसवाड़ा) से विधायक जयकृष्ण पटेल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। राजस्थान में यह पहली बार है, जब किसी विधायक को रिश्वत लेते अरेस्ट किया गया है। विधानसभा में लगाए खनन विभाग से जुड़े सवालों को वापस लेने के लिए भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण ने 10 करोड़ की डिमांड की थी। बाद में 2.5 करोड़ रुपए में सौदा हुआ था। रविवार को 20 लाख रुपए लेते विधायक को गिरफ्तार किया गया है। जयकृष्ण पटेल के जयपुर में ज्योति नगर स्थित सरकारी क्वार्टर पर रिश्वत ली गई थी। एसीबी की टीम विधायक के आवास पर पहुंची उससे पहले विधायक का कोई व्यक्ति रिश्वत के 20 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। जो व्यक्ति पैसे लेकर भागा है, उसको लेकर विधायक आवास परिसर में सर्च किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### एसीबी डीजी बोले- विधायक को रंगे हाथों पकड़ा

एसीबी डीजी रविप्रकाश मेहरड़ा ने कहा- विधायक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। उनके हाथ धुलवाए तो उनमें रंग आया है। विधायक ने पैसे के हाथ लगाया है, हमारे पास पैसा लेकर जाते के वीडियो एविडेंस है।

एसीबी डीजी ने कहा- विधायक ने दूसरे जिले की खान से जुड़े तीन सवाल पूछे थे। उन सवालों को वापस लेने की एवज में विधायक ने पहले 10 करोड़ मांगे थे, फिर 2.50 करोड़ में सौदा हुआ था। तीन सवाल में प्रश्न संख्या- 5998 और 6284 ये दोनों तारांकित हैं और प्रश्न संख्या- 950 अतारांकित है। ये तीनों सवाल अभी विधानसभा में टेबल नहीं हुए हैं, सिर्फ लगाए गए हैं। रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा- विधायक पर कार्रवाई से पहले विधानसभा स्पीकर को जानकारी दी गई थी। स्पीकर को पूरे मामले में ब्रीफ किया गया था। मुख्यमंत्री को भी कार्रवाई की जानकारी दी गई। वे गृह मंत्री भी हैं।



### 4 अप्रैल को शिकायत मिली, सत्यापन के बाद विधायक के फोन कॉल सर्विलांस पर लिए


एसीबी डीजी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया- शिकायतकर्ता रविंद्र सिंह 4 अप्रैल को उनके पास आया था। उसने विधायक के बारे में शिकायत दी थी। विधायक ने विधानसभा में कुछ सवाल उठाए थे, उस बारे में शिकायतकर्ता ने विधायक से संपर्क किया था। इसके बाद विधायक ने शिकायतकर्ता को बांसवाड़ा बुलाया था और 10 करोड़ रुपए की मांग की थी। हालांकि सौदा 2.5 करोड़ में तय हुआ। रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया- विधायक के बारे में शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने उसका सत्यापन कराया। इसमें विधायक बार-बार शिकायतकर्ता को फोन कर पैसा देने के लिए कह रहा था। इसके बाद से विधायक, उनके गनमैन, पीएस और शिकायतकर्ता के सभी फोन कॉल 24 घंटे सुने जाने लगे। 3 मई को विधायक ने फोन कर शिकायतकर्ता को कहा था कि वह 4 मई (रविवार) को जयपुर में उससे मिलेगा। इस पर शिकायतकर्ता ने समय पूछा तो विधायक ने समय देने से मना किया।

### विधायक ने कार में बैठकर गिने रिश्वत के रुपए

एसीबी डीजी ने बताया- रात को विधायक का शिकायतकर्ता के पास फोन आया और सुबह विधायक क्वार्टर पर आने के लिए कहा। इसके बाद एसीबी की पांच टीमें सुबह से ही विधायक क्वार्टर के पास पहुंच गई। करीब 11.30 बजे शिकायतकर्ता पैसा लेकर विधायक आवास के बेसमेंट में पहुंचा, जहां पर विधायक पहले से मौजूद थे। शिकायतकर्ता ने कार में ही विधायक को रुपए दिए, जिनको विधायक ने कार में बैठकर गिना। इसके बाद विधायक ने पैसा किसी अन्य व्यक्ति को दिया, जो पैसा लेकर निकल गया। मेहरड़ा ने बताया- विधायक को उसी दौरान डिटेन कर उनके हाथ धुलाए गए तो उनके हाथों से रंग निकला। इसके बाद टीम विधायक को उनके आवास पर लेकर गई और सर्च किया। ष्क्रकी टीम ने विधायक से पूछताछ की और उनको सर्विलांस रिपोर्ट के बारे में बताया गया। एसीबी की टीम करीब 3 बजे विधायक को ऑफिस मुख्यालय लेकर आई। इसके बाद मेडिकल करवाकर गिरफ्तार किया गया। एसीबी डीजी ने बताया- विधायक से पूछताछ की जा रही है, लेकिन विधायक पूछताछ में कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। सोमवार को उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में सेना की गाड़ी हादसे की शिकार

### रामबन में तीन जवानों की दर्दनाक मौत...



बढ़ता राजस्थान

रामबन। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में रविवार को सेना का एक वाहन 600 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई। मृतक जवानों की पहचान अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, सेना का वाहन जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। करीब साढ़े 11 बजे जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 44 पर ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया, जिससे गाड़ी खाई में गिर गई। सेना, पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं।

शुक्रवार को रामबन में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ था। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते एनएच-44 को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया था। प्रशासन ने लोगों को अलर्ट किया था कि हाईवे क्लियर होने की जानकारी मिलने के बाद ही सफर के लिए निकले।

इससे पहले, 4 जनवरी को बांदीपोरा जिले में सेना का ट्रक खाई में गिरने से 4 जवानों की मौत हुई थी। 2 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ट्रक में 6 जवान ही सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ।

## भारत ने आईएमडी बोर्ड से अपने एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर को हटाया

### 6 महीने का टेन्योर बाकी था; अभी तक नए डायरेक्टर के नाम का ऐलान नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने डॉ. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमडी) में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। यह फैसला उनके तीन साल के कार्यकाल के खत्म होने से 6 महीने पहले यानी 30 अप्रैल 2025 को लिया गया। आईएमडी की आधिकारिक वेबसाइट पर 2 मई तक डॉ. सुब्रमण्यम का नाम कार्यकारी निदेशक के रूप में मौजूद था, लेकिन 3 मई से यह पद खाली दिखाया गया है। सुब्रमण्यन को अगस्त 2022 में आईएमडी बोर्ड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वे 2018 से 2021 तक भारत सरकार के 17वें मुख्य आर्थिक सलाहकार थे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 अप्रैल को जारी आदेश में कृष्णमूर्ति की तत्काल प्रभाव से सेवाएं समाप्त करने की मंजूरी दी। सरकार ने इसके पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है।

### कृष्णमूर्ति को हटाए जाने के संभावित कारण

आईएमडी के डेटासेट के कलेक्शन प्रोसेस और रेटिंग सिस्टम पर डॉ. सुब्रमण्यम के उठाए गए सवालों से संगठन में उन्हें लेकर मतभेद बढ़े। उनकी हालिया पुस्तक इंडिया ऐट 100 के प्रचार-प्रसार में पद के दुरुपयोग और अनियमितताओं को लेकर भी चिंताएं व्यक्त की गईं।




## पाकिस्तानी सैनिकों ने एलओसी पर लगातार दसवें दिन संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर विभिन्न सेक्टर में बिना उकसावे के गोलीबारी की जिसका भारतीय सेना ने प्रभावी तरीके से जवाब दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि में केंद्र शासित प्रदेश के पांच जिलों के आठ स्थानों से पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किए जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बीच यह लगातार दसवीं रात थी जब सीमा पार से बिना उकसावे के गोलीबारी की गई। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी जिसमें अधिकतर पर्यटक थे।

एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, ''तीन और चार मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना की चौकियों की तरफ से जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के सामने स्थित एलओसी पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। भारतीय सेना ने तुरंत और प्रभावी तरीके से इसका जवाब दिया।''

भारत और पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम समझौते को 25 फरवरी 2021 को नवीनीकृत किए जाने के बाद से नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाएं बहुत कम



देखी गई थीं। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित किए जाने के कुछ घंटों बाद 24 अप्रैल की रात से पाकिस्तानी सैनिक एलओसी पर विभिन्न स्थानों पर बिना उकसावे के गोलीबारी कर रहे हैं। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में एलओसी के पास कई चौकियों पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू करने के बाद, पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ सेक्टर और फिर जम्मू क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में भी संघर्ष विराम का उल्लंघन किया।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## भारवाहक पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रखने के संबंध में जिलों को दिशा निर्देश किए जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पशुधन संवर्धन और पशुपालन के क्षेत्र में विकास के निरंतर प्रयास कर रही है । शासन सचिव पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं मत्स्य डॉ समित शर्मा ने जिलों को दोपहर के समय भारवाहक पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रखने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। डॉ शर्मा द्वारा जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि वर्तमान में राज्य के अधिकांश हिस्सों में अत्यधिक तापमान के कारण लू की स्थिति बन रही है। ऐसे मौसम में भारवाहक पशुओं जैसे घोड़े, गधे, खच्चर, भैंस, बैल आदि जानवरों को दोपहर के समय तीखी धूप में काम में लिए जाने से उन्हें हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट और कभी-कभी मृत्यु जैसी गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए पशुओं के कल्याण तथा उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उनके प्रति करूणापूर्ण और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिलों को पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम 1960, 1965 और 2001 के नियमों के अनुरूप पशुओं की देखभाल और उनका उपयोग करने तथा विधिक प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डॉ शर्मा ने कहा कि इन नियमों के अनुसार किसी जीव जंतु की देखभाल करने या उसे रखने वाले हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह उनके कल्याण के लिए और उन्हें अनावश्यक पीड़ा या यातना से मुक्त कराने के सभी संभव प्रयास करेगा। जिन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री से अधिक रहता हो वहां दोपहर 12 से 3 बजे तक भार वाहक पशुओं का उपयोग नहीं करेगा और न ही होने देगा। उन्होंने बताया कि पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम के एक अन्य नियम के तहत 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर किसी जानवर का पैदल परिवहन भी निषेध है।

## नर्मदा प्रसाद अहिरवार करेंगे संगठन का विस्तार-आर्य सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक आंदोलन को देंगे गति

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड जिले के एक दिवसीय कार्यक्रम में आए जिला प्रभारी दीपचन्द आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि बहुजन समाज पार्टी जिला कोटपूतली बहरोड के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी संगठन विस्तार एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय नर्मदा प्रसाद अहिरवार केन्द्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं प्रदेश प्रभारी राजस्थान विशिष्ट अतिथि माननीय भगवान सिंह बाबा, केन्द्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रदेश प्रभारी राजस्थान व माननीय एडवोकेट प्रेम बारूपाल प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान,अतिथि माननीय सीताराम गोठवाल जौन प्रभारी, दीपचंद आर्य जिला प्रभारी बसपा मौजूद रहेंगे।संगठन विस्तार कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय दीवानचन्द जोया जिला अध्यक्ष कोटपूतली बहरोड करेंगे। कार्यक्रम दिनांक 5 मई 2025 सोमवार प्रात: 11 00 बजे स्थान नेशनल हाईवे 48 पर बीडीएम अस्पताल के पास कोटपूतली पर आयोजित होगा।

# देवली क्षेत्र के आसपास चप्पे चप्पे पर धड़ल्ले से हो रही है शराब की अवैध बिक्री

## राजस्थान सरकार की नई आबकारी नीति कागजों में हो गई है दफन



हरी नेट में कुचल वाला माताजी रोड पर नारायण पत्थर फैक्टरी के करीब शराब की अवैध ब्रांच



गणेश रोड पर शराब की अवैध ब्रांच

### देवली, ऊंचा, कुचलवाड़ा ग्राम पंचायतो में डेड़ दर्जन से भी अधिक बने हुए हैं अवैध शराब बिक्री के ठिकाने

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** राजस्थान सरकार के आबकारी विभाग को प्रतिवर्ष लगभग 15 करोड रुपए का रेवेन्यू देने वाले देवली शहर के आसपास शराब की अवैध बिक्री बिना रोक-टोक के धड़ल्ले से हो रही है। ऐसा नहीं की ऐसे हालातो की जानकारी पुलिस या आबकारी विभाग के अधिकारियों को नहीं है। पूरी-पूरी जानकारी होने के बावजूद पुलिस और आबकारी विभाग दोनों ही जिम्मेदार यहां चप्पे चप्पे पर हो रही शराब की अवैध बिक्री को रोक पाने में पूरी तरह नाकाम साबित होते चले आ रहे है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार की नई आबकारी नीति के अंतर्गत अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए कई ठोस कानून बनाए गए हैं। ऐसे में उक्त बनाए गए कानून की पालना करा पाना यहां जिम्मेदारों के लिए क्यों मुश्किल या नामुमकिन हो रहा है। यह सोचनिय विषय बना हुआ है। इसलिए कि जिम्मेदारों की आंख के नीचे अवैध शराब माफिया सक्रिय बने हुए जो बेखौफ रहते हुए। खुलेआम शराब की अवैध ब्रांच खोलकर उक्त कानून और कानून के रखवालो को ठेंगा दिखा रहे हैं। शायद इसी खामियों के कारण गली,मोहल्ला,चौराहे,और नुक्कडो पर कई वर्षों से शराब की अवैध ब्रांचे संचालित होती चली आ रही है। ऐसे में उक्त क्षेत्र वासियों का मानना है कि इन शराब की अवैध ब्रांचों को हटाने के लिए सख्ती के साथ कठोर कार्रवाई होनी चाहिये जो कि जिम्मेदारों से नहीं हो पा रही है। उल्लेखनीय की राजस्थान प्रदेश के भजन लाल सरकार नहीं आबकारी नीति में होटल एवं रेस्टोरेंट में शराब बिक्री की योजना बनाई है। ऐसे में सोचने वाली बात यह है कि राजस्थान सरकार की नई आबकारी नीति को उम्मीद के अनुरूप सफलता कैसे प्राप्त हो पाएगी,? अगर देवली शहर की बात की जाए तो यहां शहर में आबकारी विभाग ने 7 दुकाने और एक होटल इन बीयर बार आवंटित किया हुआ है। इसी प्रकार देवली शहर कि सीमा पर लगे देवली गाव,ऊंचा गांव और कुचलवाडा गांव में भी विभाग की ओर से शराब की एक-एक दुकाने आवंटित की हुई है। लेकिन इसके बावजूद इन तीनों गांव के क्षेत्रों में लगभग डेट दर्जन से भी अधिक शराब की अवैध ब्रांचे,खुलेआम मुख्य मार्गो पर संचालित हो रही है। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार देखने वाली बात तो यह है कि शराब की अवैध ब्रांच कहीं अंडे चाय की दुकान पर तो कहीं झोपड़पट्टी की आड़ में तो कहीं रोड पर रखी केबिनो में जिम्मेदारों की आंखों के सामने संचालित है। ऐसे में इधर देखने वाली बात तो यह भी है कि इन शराब की अवैध ब्रांचो की वजह से आबकारी विभाग के अनुज्ञाधारियों को भी प्रतिवर्ष लाखों रुपयों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे मामलों पर यह जरूर है कि।अभी हाल ही में हनुमान नगर थाना पुलिस के थाना प्रभारी गणेश राम मीणा ने इनमें से कोटा रोड ओम मेटल के के करीब शराब की अवैध ब्रांच से,अवैध शराब जप्त कर पुलिस करवाई जरूर की थी। लेकिन इनके विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अन्य क्षेत्र में हालत ज्यो के त्यो ही बने हुए हैं।

लोगों से मिली जानकारी के अनुसार यहां संचालित है शराब की अवैध ब्रांचे, देवली पुलिस थाना क्षेत्र के देवली,ग्राम पंचायत क्षेत्र के जयपुर रोड पर रीको इंडस्ट्रियल एरिया मे गणेश रोड पर बैकुंठ मोक्ष धाम के पास,,हनुमान नगर पुलिस थाना क्षेत्र के कुचलवाड़ा ग्राम पंचायत के माताजी रोड पर नारायण पत्थर फैक्टरी के करीब, राजकीय चिकित्सालय के बाहर,नई धान मंडी के करीब, कोटा रोड ओम मेटल के पहले , इसी प्रकार ऊंचा पंचायत मे, बोयेडा गणेश जी रोड पर, ऊंचा गांव में, श्री दयाल हॉस्पिटल के पास,,अजमेर कोटा रोड नाना होटल के आसपास,अजमेर बाईपास रोड पर इन क्षेत्रों सहित कई अन्य स्थानों पर अवैध शराब बिक्री के ठिकाने बने हुए कानून नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

**क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी :** हनुमान नगर थाना क्षेत्र में जहां से भी अवैध ब्रांच की जानकारी मिलती है वहां पूर्ण रूप से उसे के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। मेरे यहां ज्वाइन करने से अब तक मैंने कई अवैध शराब की ब्रांचो के विरुद्ध कार्रवाई कर शराब जप्त की है आगे भी हमारी ओर से अवैध ब्रांचो के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

**गणेश राम मीणा**
**थाना प्रभारी, पुलिस थाना**
**हनुमान नगर जहाजपुर भीलवाड़ा**

देवली पुलिस थाना क्षेत्र में जहां भी शराब की अवैध ब्रांच खोली हुई है उनके विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**दौलत राम गुर्जर, थाना प्रभारी,**
**देवली टोंक**

### गोवर्धन विलास पुलिस व डीएसटी टीम की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## अवैध अंग्रेजी शराब के 14 कार्टुन के साथ बोलेरो कार जप्त व एक अभियुक्त गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** गोवर्धनविलास पुलिस थाना टीम ने दक्षिण विस्तार योजना बलीचा क्षेत्र में आज जोगी तालाब की तरफ से आ रही एक बोलेरो कार को नाकाबंदी के दौरान रोका व चैक किया तो उक्त कार में राजस्थान निर्मीत विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब की कुल 14 पेटी बरामद हुई। उक्त कार्यवाही में बोलेरो चालक प्रमोद सुहालका पिता भंवरलाल सुहालका उम्र 48 वर्ष निवासी नयाघर, मेलडीमाता थाना गोवर्धनविलास को गिरफ्तार कर राजस्थान आबकारी अधिनियम धारा 19/54 में मामला दर्ज किया। थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा के सुपरविजन में गिर्वा वृताधिकारी सूर्यवीर सिंह राठौड़ के निर्देशन में गोवर्धनविलास पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली की एक बोलेरो कार जोगी तालाब से बलीचा की तरफ आ रही है। जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब भरी होने की संभावना है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दक्षिण विस्तार क्षेत्र में नाकाबंदी प्रारंभ की। नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की बोलेरो कार को पुलिस टीम ने रूकवाने का प्रयास किया तो युटर्न लेकर वापस भगाने का प्रयास किया। जिसको पुलिस टीम द्वारा रोका व बोलेरो चालक का नाम पता पूछा तो उसके अपना नाम प्रमोद सुहालका पिता भंवरलाल सुहालका उम्र 48 वर्ष निवासी नयाघर, मेलडीमाता थाना गोवर्धनविलास होना बताया। कार में क्या भरा हुआ है। इस बारें में पूछे जाने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस टीम द्वारा बोलेरो कार को खोलकर चैक किया तो कार खाली होकर कुछ भी नजर नही आया। पुलिस टीम द्वारा कार की सघनता से तलाशी ली तो बोलेरो कार के अंदर पार्टीशन बनाकर उसके अंदर राजस्थान निर्मीतम अवैध अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांडस की कुल 14 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब छुपाई हुई पाई गई। जिसकी बाजार किमत करीब 2 लाख रूपये है।

संभवतया उक्त अवैध शराब गुजरात तस्करी कर ले जाई जा रही होगी। उक्त अवैध शराब कहां से भरी गई व कहां सप्लाई देनी थी, जिसके संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने उक्त घटना पर प्रकरण संख्या 163/25 धारा 19/54 राजस्थान आबकारी अधिनियम में दर्ज किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है। मामलें में प्रताप सिंह, मनोहरसिंह, भगवतीलाल, अंकित सिंह, कल्याण सिंह, टीम प्रभारी श्याम सिंह रत्नू, विक्रम सिंह, हितेन्द्र सिंह, चन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार शामिल थे।

## शहर वक्फ कमेटी द्वारा शाहगंज चौकी पुलिस कर्मियों को कूलर भेट किया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शहर वक्फ कमेटी द्वारा पुलिस टीम और फरियादियों की सुविधा के लिए एक ऐयर कूलर थाना अधिकारी की उपस्थिति में शाहगंज चौकी को भेंट किया गया। शाहगंज पुलिस चौकी पर सादगीपूर्ण कार्यक्रम में कोतवाली थानाधिकारी महावीर प्रसाद की मौजूदगी में शहर वक्फ कमेटी की ओर से एक बड़ा एयर कूलर शाहगंज पुलिस चौकी को भेंट किया गया। ताकि शहर की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कार्मिकों और फरियादियों को गर्मी से राहत मिल सके। थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने कमेटी द्वारा पुलिस और आमजन की सेवा करने के उद्देश्य से कूलर भेंट करने की इस पहल की सराहना करते हुए सभी को समाज में रचनात्मक कार्यक्रम करते रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने कहा कि वक़्फ़ जायदादों से होने वाली आमदनी का एक हिस्सा सार्वजनिक हित में खर्च करने से समाज के हर वर्ग में अच्छा संदेश जाएगा। कार्यक्रम में जमीअत उलमा ए हिंद तहसील सदर हाफिज बाबुद्दीन, जनरल सेकेट्री हाफिज सईद, मौलाना मुजाहिद, अब्दुल मुगनी पार्षद, सोनू हाड़ौली,सद्दाम कुरैशी, रफीक मलिक, सलीम फौजी, रज्जो मनिहार, अशफाक कुरैशी, शाहिद खलीफा, अखलाक पठान, मुफीद चौधरी, पुलिस कांस्टेबल अनिल शर्मा, आमिर खान,विशाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बिजयनगर-ब्यावर के पास बड़ा सड़क हादसा, सालासर से पुणा जा रही बस एनएच-48 पर पलटी



बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान) । रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा उस समय हो गया जब सालासर से पुणा जा रही एक प्राइवेट बस का टायर अचानक फट गया। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (एनएच-48) पर सथाना गांव के पास हुआ। बस में लगभग 40 से 50 यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टायर फटने के कारण बस असंतुलित होकर पलट गई और सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। फिलहाल सभी यात्री घायल बताए जा रहे हैं, गंभीर रूप से घायलों की जानकारी जुटाई जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन की मदद से सीधा करने का कार्य जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों के परिजनों को सूचित किया जा रहा है ।

## भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय कार्यकारिणी गठित, प्रकाश जैन अजमेर क्षेत्रीय अध्यक्ष व नीरज जैन अलवर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष घोषित

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सुरेश जैन ऋतुराज एवं उनकी कार्यकारिणी के द्वारा क्षेत्र संख्या 19 राजस्थान के लिए क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी में वीर प्रकाश जैन को क्षेत्रीय अध्यक्ष, वीर मदनलाल बाफना कार्यकारी अध्यक्ष, वीर नीरज जैन अलवर उपाध्यक्ष, वीर पीसी गंगवाल उपाध्यक्ष एवं वीर विजय पोखरण को मंत्री मनोनीत किया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि शीघ्र ही केंद्रीय कार्यक्रमों के अनुरूप नई कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

## राजगढ़ पुलिस की कार्यवाही : पुलिस हैड कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने वाले 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** राजगढ़ थाना पुलिस ने पुलिस हैड कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने वाले 1 आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेश मीना ने बताया कि 22 फरवरी को परिवादी रामकेश मीना ने मामला दर्ज कराया कि 21 फरवरी को अचानक तबीयत खराब हो गई। मैं अपने बेटे रामकेश को फोन किया तो वह अपने मिलने वाले कि बोलेरो कार लेकर घर आया और मेरा इलाज कराने के लिए ढ़िगावडा में डॉक्टर को दिखाने के लिए लेकर आ रहा था तभी रास्ते में शिवलाल के मकान के पास पहुंचे तो वहां पर पहले से घात लगाकर बैठे शिवलाल, देवकरण, उमराव पुत्र केहरीलाल, रिंकू उर्फ दुल्ली पुत्र शिवलाल अन्य महिला पुरुष एक राय होकर अपने हाथों में धारदार हथियार, फर्सी व देसी कट्टा लेकर आये और हमारी गाड़ी को जबरदस्ती रोक लिया और गाड़ी से मुझे जबरदस्ती निकाल लिया और मुझे बंधक बनाने लगे तो मेरे बेटे रामकेश व गाड़ी के ड्राइवर ने मुझे छुड़ाने का प्रयास किया तो उक्त सभी लोगों ने एक राय होकर मेरे बेटे को जान से मारने की नीयत से उस पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया जिससे मेरे बेटे के सर व शरीर में काफी गंभीर चोट आई। हमारे पीछे आ रही एक कार में बैठे लोगों ने हमें बचाने का प्रयास किया तो शिवलाल के परिवार वालों ने उनकी कार व उन पर पत्थर फेंके जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई तथा उक्त कार में बैठे लोग डर से भाग गए। तब शिवलाल में उसके परिवार वालों ने हमें बंधक बना लिया तभी किसी ने थाने में फोन कर दिया तो मौके पर पुलिस आ गई और हमें उक्त लोगों से छुड़वाया तथा मेरे बेटे को राजगढ़ सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तो उसकी हालत गंभीर होने पर अलवर व अलवर से जयपुर भर्ती कराया। जो अभी भी जयपुर सरकारी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं। थाना पुलिस ने हैंड कांस्टेबल रामकेश पर जानलेवा हमला करने वाले रिंकु उर्फ दुल्ली पुत्र शिवलाल निवासी खरखड़ा को गिरफ्तार कर घटना के समय प्रयोग में ली गई लाठी को बरामद किया गया।

## भारत विकास परिषद ने पक्षियों के लिए मोक्षधाम परिसर में 11 परिंडे लगाए



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** भारत विकास परिषद ने पक्षियों के लिए विशेष पहल की है। परिषद ने रविवार को मोक्षधाम परिसर में 11 परिंडे लगाए। इन परिंडों में पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था की गई है। शाखा सचिव दीनदयाल सिंहल और जीवदया प्रकल्प प्रभारी अभिषेक रामपुरा के अनुसार, परिषद ने आमजन से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की है। परिषद शहर और आस-पास के चिह्नित स्थानों पर पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करेगी।परिषद के अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर कुल 200 परिंडे लगाने का लक्ष्य है।

स्थानीय लोगों को इन परिंडों की सफाई और पानी भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।कार्यक्रम में प्रांतीय सेवा प्रकल्प प्रभारी देवेंद्र शर्मा, शाखा समन्वयक सुबोध जैन, मोक्षधाम प्रभारी पवन ऐरन और पर्यावरण प्रभारी राजेंद्र बजाज सहित कई सदस्य मौजूद थे। परिषद के सभी सदस्यों ने अपने घरों में भी परिंडे लगाने और पक्षियों के लिए दाना-चुग्गा रखने का संकल्प लिया।

## एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा-2025 का हुआ सफल आयोजन-अग्रवाल जिला कलक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, लिया व्यवस्थाओं का जायजा!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहरोड़ एवं बानसूर रोड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला कलक्टर ने केंद्र प्रभारियों एवं संबंधितों से चर्चा कर परीक्षा की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा समय पर प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी और अनुशासित ढंग से संचालित हो।5086 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा! परीक्षा में 18 केंद्रों (बानसूर ब्लॉक- 4, बहरोड़-2, कोटपूतली- 9, पावटा-3) पर कुल 5328 परीक्षार्थियों (बानसूर-960, बहरोड़-528, कोटपूताली- 2712, पावटा-1128) को परीक्षा में उपस्थित होना था, जिनमें से 5086 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 242 अनुपस्थित रहे।

# राजस्थान के स्वच्छता अभियान को मिली रफ्तार

## 14 नगरीय निकायों में 17 शौचालयों का लोकार्पण

### स्वच्छता केवल आदत नहीं, यह संस्कार है - नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रविवार को राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता के क्षेत्र में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ा, जब राज्य के नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा 14 नगरीय निकायों में निर्मित 17 सामुदायिक, सार्वजनिक एवं पिंक (महिला) शौचालयों का लोकार्पण किया गया।

इन शौचालयों का निर्माण स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत कुल 5.07 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुआ है। इन 17 शौचालयों में 7 सामुदायिक, 5 सार्वजनिक और 5 पिंक शौचालय शामिल हैं, जिनकी विशेषता है – आधुनिक सुविधाएं, दिव्यांग अनुकूल रैम्प, सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन, वॉश बेसिन, स्वच्छता किट्स और रखरखाव के लिए नियुक्त केयरटेकर।

इस अवसर पर झाबर सिंह खर्रा ने कहा की ,आज का यह आयोजन केवल शौचालयों का उद्घाटन नहीं, बल्कि एक स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की दिशा में हमारा संकल्प है। गांधी जी का सपना और मोदी जी का मिशन आज राजस्थान में साकार हो रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित जीवन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है ।

खर्रा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के प्रथम चरण में राजस्थान के सभी नगरीय निकायों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया था। अब मिशन के दूसरे चरण में सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक शहरी नागरिक को सुरक्षित और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध हों।

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की निदेशक श्रीमती श्वेता चौहान ने इस मौके पर कहा की , राज्य सरकार की मंसानुरूप महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य में पिंक टॉयलेट्स की एक विशेष श्रृंखला विकसित की जा रही है। अब तक 86 पिंक टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्यादेश जारी हो चुका है, जिसमें से 9 पूर्ण हो चुके हैं। यह पहल नारी सम्मान और स्वस्थ समाज की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि सभी नए शौचालयों में स्वच्छता और तकनीक का संतुलन सुनिश्चित किया गया है, जिससे वे लंबे समय तक टिकाऊ और जनोपयोगी रहेंगे। कार्यक्रम का समापन



गंदगी भारत छोड़ो के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आमजन से अपील की हम सब साथ मिलकर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाएं और राजस्थान को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाएँ।

## वनौषधि विशेषज्ञ वैद्य शंभु लाल शर्मा को मिला ब्राह्मण रत्न पुरस्कार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने एक समारोह में नाड़ी वैद्य शंभु लाल शर्मा को ब्राह्मण रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें पारंपरिक आयुर्वेद, वनौषधि चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। वैद्य शंभु शर्मा वर्तमान में राजकीय आयुर्वेद औषधालय कोटखावदा (जयपुर) में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वह पूर्व वनौषधि चिकित्साधिकारी कुलिश स्मृति वन (वन विभाग जयपुर) रह चुके हैं और वनौषधियों के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में समर्पित हैं।

इस अवसर पर मंच पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा एवं पूर्व सांसद रामचरण बोहरा,आचार्य राजेश्वर एवं शिक्षाविद एवं समाजसेवी सुदीप तिवारी जैसे अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने वैद्य शंभु शर्मा के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। यह सम्मान ब्राह्मण समाज ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है, क्योंकि वैद्य शर्मा ने आयुर्वेद और परंपरागत ज्ञान को आधुनिक संदर्भों में स्थापित किया है।

### आशुतोष मिश्रा को ब्राह्मण रत्न, देशभर में छोड़ी अपनी छाप

वहीं सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से जयपुर के पूर्व बिजनेस हेड आशुतोष मिश्रा को ब्राह्मण रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया है। मिश्रा को यह सम्मान व्यवसाय के क्षेत्र में दिया गया। गौरतलब है कि आशुतोष मिश्रा वर्तमान में होमेनलाइन के सीओओ के साथ ही देश के विभिन्न अन्य बड़े प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए बतौर कंसलटेंट अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्हें यह सम्मान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने दिया।

## ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल सिर फोड़ भागे बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करणी विहार थाना इलाके में ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल पर हमला कर सिर फोड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ट्रैफिक कंट्रोल की ड्यूटी करने के दौरान ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को पीछे से ईंट मारकर बदमाश भाग गए। इस संबंध में पीड़ित ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

थानाधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि जयपुर ट्रैफिक में तैनात ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल रामप्रसाद पर हमला हुआ है। जो गांधी पथ चौराहे पर वह ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात था। जहां अज्ञात बदमाशों ने ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल रामप्रसाद पर हमला किया और फिर पीछे से सिर पर ईंट फेंक कर फरार हो गए। लहूलुहान हालत में पुलिस कांस्टेबल रामप्रसाद के मुड़कर देखने पर हमलावर भाग चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कांस्टेबल का प्राथमिक उपचार करवाया गया। इसके बाद पीड़ित कांस्टेबल ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल हमलावरों की तलाश में जुटी है।

## नकबजनी की वारदात करने वाले तीन शातिर नकबजनों को धर-दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले तीन शातिर नकबजनों को धर-दबोचा है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही ह।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले शातिर नकबजन बहादुर सिंह उर्फ कटप्पा निवासी सवाई माधोपुर,दीपक उर्फ दीपू निवासी सवाई माधोपुर और रोहित उर्फ रघुनंदन निवासी बूंदी को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी के खिलाफ जयपुर सहित सवाई माधोपुर के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। जिन्होंने पूछताछ में नकबजनी की कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

## कृषि उद्यमिता को नई दिशा: IIAASD की दो दिवसीय कार्यशाला जयपुर में सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट द्वारा श्री पिंजरापोल गौशाला परिसर, टोंक रोड, सांगानेर, जयपुर में 3 एवं 4 मई 2025 को दो दिवसीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, और उत्तर प्रदेश के कृषि उद्यमी (एंटरप्रेन्योर) तथा उद्योग जगत के प्रमुख लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य औषधीय पादपों की व्यावसायिक कृषि, जैविक (ऑर्गेनिक) स्टार्टअप, फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशंस का गठन, मिलेट्स (श्री अन्न) के निर्यात की संभावनाएं, तथा *भारत सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों* द्वारा किसानों और उद्योगकर्मियों को प्रदान किए जा रहे सहयोग पर चर्चा करना था।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट के चेयरमैन डॉ. अतुल गुप्ता ने अपने प्रेरक व्याख्यान में इन विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने औषधीय पादपों की खेती को बढ़ावा देने, जैविक खेती के माध्यम से स्टार्टअप स्थापित करने, और मिलेट्स के वैश्विक निर्यात की अपार संभावनाओं पर जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने भारत सरकार और राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली योजनाओं और सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जो किसानों और उद्यमियों के लिए लाभकारी हो सकती हैं।

कार्यशाला में रूपेश कुमार श्रीवास्तव, संजय राठी, गजेंद्र सिंह, दिव्या तिवारी, आर्यन शर्मा, कुंज कच्छावा, समित मोदी, और रामगोपाल नेवी ने अपने विचारोत्तेजक वक्तव्य प्रस्तुत किए। इन वक्ताओं ने कृषि उद्यमिता, जैविक खेती, और मिलेट्स के निर्यात जैसे विषयों पर अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा किए, जिससे प्रतिभागियों को नई प्रेरणा और जानकारी प्राप्त हुई।

समापन समारोह में, जैसा कि संलग्न तस्वीर में देखा जा सकता है, प्रतिभागियों और वक्ताओं को *द्वद्धस्ष्ठ* द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने विभिन्न सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। इस आयोजन ने कृषि उद्यमिता और जैविक खेती* के क्षेत्र में नए अवसरों को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट* ने इस कार्यशाला के माध्यम से *कृषि और उद्योग* के क्षेत्र में *सतत विकास और नवाचार* को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। आयोजन के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता की कामना की।

## विजयवर्गीय (वेश्य) राजसेवक परिषद् संस्थान जयपुर की बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दिनांक 04.05.2025 को संगम भवन, सेक्टर 26, प्रताप नगर, जयपुर में विजयवर्गीय (वेश्य) राजसेवक परिषद् संस्थान जयपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन परिषद अध्यक्ष शिवकुमार विजय बुटेरी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगम भवन के पीछे स्थित पुरानी रसोई को हटाकर दो नई आधुनिक रसोईयों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही बचे हुए स्थान पर निम्न सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा-

-चार महिला एवं चार पुरुष शौचालय
-दो महिला एवं दो पुरुष स्नानघर (बाथरूम)
-पुरुषों के लिए पेशाबघर
-दो वॉश बेसिन, जिनके साथ दर्पण भी लगे होंगे

### उपस्थित कार्यकारी सदस्य

विशंभर दयाल (मुख्य संरक्षक),सुशील कुमार सिकंदरा (महासचिव) नंदकिशोर बसवा (मुख्य संरक्षक),अजय कुमार विजय (गलता गेट) उमाकांत खेड़ा (कल्याणपुर), सिंबू दयाल कुंडल, नरेंद्र कुमार (करतारपुर) यश कुमार (झोटवाड़ा),लोकेश (विद्याधर नगर), आनंद (गोपालपुर) नरेंद्र (जगतपुरा), देवेंद्र (बांदीकुई),रतन लाल (अजमेरी)रामबाबू (बरतला),बनवारीलाल विजय (बांदीकुई)

### महत्वपूर्ण सूचना

विजयवर्गीय समाज से जो भी भामाशाह या संगम सदस्य इस योजना में सहयोग करना चाहते हैं, उनका संस्थान की ओर से हृदय से स्वागत किया जाएगा एवं उन्हें आगामी कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा।

**संपर्क सूत्र-**
**सुशील कुमार विजय - 9413200279**
**बनवारीलाल विजय ( मीडिया प्रभारी ) - 9414446431**

## अनौपचारिक कार्यबल को सशक्त बनाने के लिए नि:शुल्क शिविर

### 6 से 8 मई तक श्रमिकों का पंजीयन कर ई-श्रम कार्ड जारी किए जाएंगे

### मजदूर दिवस पर 1 से 7 मई तक असंगठित कामगारों के हित में विशेष कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर एक सप्ताह 1 मई से 7 मई 2025 तक असंगठित कामगारों के हित में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।

इस क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला एवं श्रम विभाग के समन्वय से दिनांक 6 मई 2025 को हीरापुरा चौराहा चौखटी पर, 7 मई 2025 को सीकर रोड व रोड नं 14 चौखटी पर तथा 8 मई 2025 को इंडिया गेट, सीतापुरा चौखटी पर ई-श्रम कार्ड बनवाए जाने एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा श्रमिकों के कल्याण के संबंध में संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु नि:शुल्क शिविर लगाए जा रहे हैं।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि शिविर में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने पर श्रमिक का ई-श्रम कार्ड जारी किया जाएगा। ई-श्रम कार्ड से श्रमिक को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा जिसमें से प्रमुख योजनाएं क्रमश: श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति राशि व प्रोत्साहन राशि, बच्चों के जन्म पर सहायता राशि, दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की स्थिति में वित्तीय सहायता, विभिन्न गंभीर बीमारियों के पीड़ितों हेतु सहायता, बच्चियों के विवाह के दौरान प्रोत्साहन राशि, विभिन्न बीमा योजना का लाभ, व्यावसायिक ऋण पर ब्याज के पुनर्भरण, श्रमिकों के बच्चों का उच्च शिक्षा में प्रवेश पर ट्यूशन फीस की पुनर्भरण योजना का लाभ, श्रमिकों के बच्चों का खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर वित्तीय लाभ, आदि है।

ई-श्रम कार्ड के पंजीयन के लिए 18 से 60 वर्ष तक की आयु के श्रमिक पात्र हैं। उक्त शिविर में आधारकार्ड, बैंक पासबुक तथा मोबाइल साथ लेकर आने पर मौके पर ही श्रमिकों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा तथा ई-श्रम कार्ड जारी किया जाएगा। इस कार्य में एक्शन एड स्वयंसेवी संस्थान, ट्रेड यूनियन और सीएससी द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

## लोकमंच की ओर से परिंडा लगाओ अभियान की शुरुआत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** लोकमंच मानसरोवर की ओर से शुक्रवार को मानसरोवर में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंदा अभियान का शुभारंभ किया गया। लोकमंच अध्यक्ष नीरज पांथरी ने बताया कि कार्यक्रम शुभारंभ डॉक्टर व्रन्दा राव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोकमंच के सौरव तिवारी आरोग्य भारती संस्था गर्भ संस्कार आयाम प्रांत प्रमुख और अपना यार सवारिया सरकार के अभय अरोड़ा और रामजीलाल आसिवाल भी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में महिला अधिकारियों की बैठक आयोजित

### प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रविवार को राजस्थान महिला अधिकारी एवं कर्मचारी एकीकृत महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के पुनर्गठन पर चर्चा करते हुए नव-पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। महासंघ की प्रवक्ता डॉ संजुला थानवी ने बताया कि बैठक के दौरान महासंघ के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार विमर्श किया गया। जिसमें बालिका शिक्षा एवं सरकारी योजनाओं को साधारण विशेष तक पहुँचाने के प्रयासों के साथ ही सामाजिक सरोकार के कार्यों जैसे राहगीरों, पशु-पक्षीयों हेतु जल व्यवस्था, वृक्षारोपण व अनाथ असहाय बच्चों के लिए कार्य करने पर विचार किया गया। विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से यह सुझाव दिया गया कि राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में क्रेच (बाल देखभाल केंद्र) की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए, जिससे कार्यालय समय में कामकाजी महिलाओं के छोटे बच्चों को सुरक्षित वातावरण में देखभाल की सुविधा मिल सके। नर्सेज कैडेर द्वारा , महिला-पुरूष पदोन्नती में भेदभाव का विषय भी उठाया गया। बैठक में भाग लेने वाली महिला अधिकारियों ने इस हेतु अब तक किये गये प्रयासों में गती लाने पर ज़ोर दिया। सभी महिला अधिकारीयों ने महासंघ के भविष्य की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। महासंघ का उद्देश्य महिलाओं के हितों की रक्षा करना, उनके कार्यस्थल की परिस्थितियों में सुधार लाना और प्रशासनिक स्तर पर उनकी भागीदारी को सशक्त बनाना है।

बैठक की अध्यक्षता महासंघ की संरक्षक डॉ नसरीन भारती, अध्यक्ष विजेता चारण, महासचिव अंजु हर्ष एवं कोषाध्यक्ष अंजु गोयल ने की। सम्माननीय सदस्य अंजुरानी जी एवं नवीन पदाधिकारी डॉ वंदना कल्ला, कविता जोशी, कल्पना देबाना, स्वाति दीक्षित, नीलम नावरीया, मितेश झाझरीया, शाइस्ता खान, कविता खण्डेलवाल, डॉ आशालता, डॉ पुनम सैनी एवं अन्य उपस्थित रहे। महासंघ में बड़ी संख्या में नई सदस्याओं ने सदस्यता ग्रहण की। जिससे इसकी ज़िम्मेदारीयों और दायित्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने हाउसिंग बोर्ड पर लगाया जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला उपभोक्ता आयोग तृतीय ने हाउसिंग बोर्ड द्वारा फ्लैट की कीमत से ज्यादा राशि वसूलने और तीन साल की देरी पर आवंटन को लापरवाही और अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस माना हैं। इस पर आयोग अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर और सदस्य दुष्यंत कुमार शर्मा की बैंच ने हाउसिंग बोर्ड पर 62 हजार का जुर्माना लगाया हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि हाउसिंग बोर्ड को आवासीय योजना में फ्लैट की अनुमानित कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी का अधिकार नहीं हैं। इस मामले में बोर्ड ने परिवादी से फ्लैट की अनुमानित कीमत से 66 प्रतिशत अधिक की वसूली की हैं। वहीं आवंटन तिथि से तीन साल की देरी पर उसे फ्लैट का आवंटन किया हैं।बोर्ड ने अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस करते हुए सेवादोष कारित किया हैं। ऐसे में बोर्ड परिवादी को मानसिक पीड़ा के बदले 51 हजार रुपए और परिवाद खर्च के 11 हजार रुपए का भुगतान करे। वहीं फ्लैट की अनुमानित कीमत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ आवंटन करें।

परिवाद का विरोध करते हुए हाउसिंग बोर्ड की ओर से कहा गया कि हमने आवेदन के समय ही परिवादी को एक बुकलेट जारी की थी।

## सम्पादकीय

# पाक प्रायोजित आतंकवाद पर अमेरिका का ढुलमुल रवैया

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले 26 से अधिक पर्यटक मारे गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विध्न डाल कर कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेंस की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमेरिका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमेरिका ने सिर्फ घडियाली आंसू ही बहाएं हैं। सही मायने में तो अमेरिका चाहता ही नहीं है कि पाकिस्तान पर ऐसी आतंकी वारदातों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करे। यही वजह है कि अन्य देशों की तरह अमेरिका भी सिर्फ सहानुभूति जता कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है।

अमेरिका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किन्तु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमेरिकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है। 20 मार्च, 2000 की रात को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया था। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की 21-25 मार्च की यात्रा से ठीक पहले हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के सामने हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का मुद्दा उठाया था। उस समय क्लिंटन जयपुर और आगरा के दौरे पर थे, जबकि विदेश मंत्री मैडलिन अलब्राइट और उप विदेश मंत्री स्ट्रोब टैलबोट भारतीय अधिकारियों से बातचीत करने के लिए दिल्ली में ही थे। वर्ष 2002 में जब दक्षिण एशियाई मामलों को लेकर अमेरिकी असिस्टेंट सेक्रेटरी क्रिस्टीना बी रोका भारत की यात्रा पर थीं, तब 14 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर के कालूचक के पास एक आतंकवादी हमला हुआ। तीन आतंकवादियों ने मनाली से जम्मू जा रही हिमाचल रोडवेज की बस पर हमला किया और सात लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आतंकी आर्मी क्वार्टर्स में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 10 बच्चों, आठ महिलाओं और पांच सैन्यकर्मियों सहित 23 लोग मारे गए। मारे गए बच्चों की उम्र चार से 10 साल के बीच थी और इस हमले में कुल 34 लोग घायल हुए थे। इन आतंकी हमलों से जाहिर है कि पाकपरस्त आतंकियों ने हमला करने के लिए ऐसे वक्त का चुनाव किया जबकि कोई न कोई प्रमुख अमेरिकी भारत यात्रा पर आया हो। आश्चर्य की बात यह है कि इन हमलों के बावजूद अमेरिका ने कभी पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की। कहने को अमेरिका भारत को महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताता है, किन्तु हकीकत में उसका उद्देश्य सिर्फ व्यवसायिक हित साधना भर रहा है। अमेरिका के व्यवसायिक हित सर्वोपरि हैं।

भारत के भारी विरोध के बावजूद अमेरिका ने पाकिस्तान को घातक एफ16 लड़ाकू विमानों की बिक्री की। इतना ही नहीं इनकी मरम्मत के नाम पर लाखों डालर की मदद भी अमेरिका करता रहा है। अमेरिका ने भारत के विरोध को नजरांदाज करते हुए यह सैन्य मदद दी। अमेरिका न सिर्फ भारत से दुश्मनी साधे हुए पाकिस्तान की हरसंभव मदद करता रहा है, बल्कि विदेशी धरती से भारत के खिलाफ साजिश करने वाले लोग और देशों का सहयोग भी करता रहा है। कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में अमेरिका ने कनाडा की पैरवी की।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 5 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- कुबलाई खां मंगोल साम्राज्य का राजा 1260 में बना।
- रूस और प्रशा ने सेंट पीटर्सबर्ग शांति समझौते पर 1762 में हस्ताक्षर किया।
- मैरी किज यूएस पेटेंट कराने वाली पहली महिला 1809 में बनीं।
- बेल्जियम में यूरोप की पहली रेल लाईन 1836 में शुरू हुई थी।
- सुरेन्द्र नाथ बनर्जी 1883 में जेल जाने वाले पहले पत्रकार बने।
- पेरिस में रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना 1919 में हुई।
- पहली बार जर्मनी में 1926 को आइन्सटीन की फिल्म बैटलशिप पोटेमकिन दिखाई गई।
- जापान और चीन ने शांति समझौते पर 1932 में हस्ताक्षर किये।
- इटली के सैनिकों ने इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पर 1936 में कब्जा किया।
- महात्मा गांधी को 1944 में जेल से रिहा किया गया।
- भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना 1949 में हुई।
- ब्रिटेन में वह पहला कम्प्यूटर प्रदर्शित किया गया था, जो खेलने के लिए 1951 में बनाया गया था।
- कमांडर एलन शेफर्ड अंतरिक्ष में 1961 को जाने वाले पहले अमेरिकी बने।
- लंदन में स्थित ईरानी दूतावास को कुछ हमलावरों से 1980 में आज़ाद कराया गया था।
- फु दोरजी बिना ऑक्सीजन के एवरेस्ट फतह करने वाले पहले भारतीय 1984 में बने।
- ब्रिटेन में स्थानीय चुनाव में लेबर पार्टी ने कंजरवेटिव पार्टी को 1994 में हराया।
- रोजाने प्रोदी यूरोपीय संघ के कार्यकारी 1999 में अध्यक्ष बने।
- भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग की बैठक सिलहट में शुरू, बेल्जियम में गुय वेरहोफ्सराड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का पतन 2003 में हुआ।
- आज ही के दिन ब्रिटेन में लेबर पार्टी के नेता टोनी ब्लेयर 2005 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।
- संगीत और सफलता का सही मिश्रण कहे जाने वाले संगीत निर्देशक नौशाद अली ने 2006 में आज ही के दिन दुनिया को अलविदा कहा था।
- एनटीपीसी के रिहन्द सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट को लगातार तीसरे वर्ष ग्रीनटेक गोल्ड सेफ्टी अवार्ड 2008 में मिला।
- पद्मविभूषण पं. किशन महाराज का अन्तिम संस्कार 2008 को सम्पन्न हुआ।
- राजस्थान सरकार द्वारा गुर्जरों को 1 प्रतिशत आरक्षण तत्काल और 4 प्रतिशत का बैकलॉग रखने के समझौते के बाद गुर्जरों ने 2010 में आंदोलन समाप्त कर दिया।

### 5 मई को जन्मे व्यक्ति

- सिखों के तीसरे गुरु अमरदास का जन्म 1479 में हुआ।
- प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक, अर्थशास्त्री और वैज्ञानिक कार्ल मार्क्स का जन्म 1818 में हुआ।

## विशेष आलेख

# इतिहास का बोझ : कब तक हमारी पीढ़ियाँ झुकती रहेंगी?

**मुझे यह सोचकर पीड़ा होती है कि आज भी हमारे बच्चों को इतिहास के नाम पर मुग़ल शासकों की गाथाएँ पढ़ाई जाती हैं, जबकि चाणक्य, चित्रगुप्त और छत्रपति शिवाजी जैसे हमारे महान विचारकों और योद्धाओं को पाठ्यक्रम में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। मेरा मानना है कि इतिहास केवल जानने का विषय नहीं, बल्कि आत्मगौरव और पहचान का आधार है। मैं चाहता हूँ कि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ें और उन्हें वह शिक्षा मिले जो उनके भीतर आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति जगाए। जय सनातन मेरे लिए केवल नारा नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक संकल्प है।**



प्रियंका सौरभ

इतिहास केवल अतीत का आईना नहीं होता, वह आने वाली पीढ़ियों की दृष्टि का आधार भी होता है। पर अफसोस, भारत के वर्तमान शैक्षणिक ढाँचे में यह आईना धुंधला कर दिया गया है। मुग़ल दरबारों की चमक, विदेशी आक्रांताओं की वीरता और गुलामी के प्रतीकों को जिस तरह से भारतीय इतिहास के केन्द्र में रखा गया है, वह न केवल बौद्धिक अन्याय है बल्कि सांस्कृतिक आत्महीनता का भी बीज है। आखिर कब तक हमारे बच्चों पर मुग़ल शासकों का बोझ लादा जाएगा? कब तक हमारी नई पीढ़ी औरंगज़ेब, बाबर, और खिलजी की तलवारों को आदर्श समझेगी, और अपने महान पूर्वजों की गाथाओं से अनजान रहेगी? यह प्रश्न केवल शिक्षा व्यवस्था का नहीं है, यह हमारी आत्मा और पहचान का प्रश्न है।

**चाणक्य- रणनीति और राष्ट्र का मस्तिष्क :** चाणक्य, जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है, कोई साधारण राजपुरुष नहीं थे। वे राजनीति, अर्थशास्त्र और कूटनीति के मनीषी थे। 'अर्थशास्त्र' जैसा ग्रंथ लिखने वाला यह विचारक, केवल एक राजा का गुरु नहीं था, वह सम्राटों को राष्ट्रधर्म का बोध कराने वाला मार्गदर्शक था। पर क्या हमारे पाठ्यक्रम में चाणक्य के सिद्धांतों को वह स्थान मिला है, जो वह वास्तव में डिजर्व करते हैं? किसी भी राष्ट्र की नीतिगत समझ अपने विचारशील नेताओं के दर्शन से बनती है। चाणक्य के सिद्धांत आज भी शासन, कूटनीति और प्रशासन के क्षेत्र में प्रासंगिक हैं। लेकिन जब इतिहास की किताबों में चाणक्य के नाम पर केवल 2-3 पंक्तियाँ मिलती हैं, तब समझ आता है कि ज्ञान के सूर्य को कितनी कृत्रिम छायाओं में ढक दिया गया है।

**चित्रगुप्त-धर्म और कर्म के प्राचीन लेखाकार :** चित्रगुप्त — एक ऐसा नाम, जो केवल धार्मिक आस्थाओं तक सीमित कर दिया गया है, परन्तु उनका महत्व एक अत्यंत उच्च कोटि के सामाजिक व्यवस्थापक का था। वे कर्म का लेखा-जोखा रखने वाले देवता माने जाते हैं, पर इसका व्यापक आशय आज की पीढ़ी को नहीं सिखाया जाता। चित्रगुप्त न्याय और दायित्व की उस परंपरा का प्रतीक हैं, जो भारतीय दर्शन की रीढ़ है।अगर हम अपने बच्चों को यह नहीं बताएँगे कि हमारे पूर्वजों ने न्याय, विवेक और उत्तरदायित्व को कितनी ऊँचाई दी थी, तो वे विदेशी न्यायशास्त्रों को ही आधुनिक और सर्वोत्तम मानते रहेंगे।

**छत्रपति शिवाजी महाराज-राष्ट्र के स्वाभिमान की तलवार :** छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा नहीं थे; वे भारतीय राष्ट्रवाद की जीवंत प्रतिमा थे। उनकी युद्धनीति, उनकी प्रशासनिक सूझबूझ, और उनके धर्मनिरपेक्ष व्यवहार ने उस दौर में भी हिन्दुस्तान की अस्मिता को एक नई परिभाषा दी, जब भारत टुकड़ों में बँटा हुआ था। पर आज भी कई राज्यों के स्कूली पाठ्यक्रमों में शिवाजी का नाम केवल एक 'मराठा योद्धा' तक सीमित कर दिया गया है। क्या यही है हमारी ऐतिहासिक दृष्टि? क्या यह न्याय है उस नायक के साथ, जिसने हिंदवी स्वराज्य की कल्पना को तलवार की धार पर जिया?

**इतिहास के पन्नों से बहिष्कृत गौरव :** इतिहास सिर्फ़ वो नहीं होता जो घटित हुआ, इतिहास वो होता है जिसे बताया गया, पढ़ाया गया और दोहराया गया। जब पाठ्यपुस्तकों में तैमूर और ग़ोरी को विस्तार से पढ़ाया जाए और पृथ्वीराज चौहान, राणा प्रताप, गुरुगोबिंद सिंह, झाँसी की रानी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को हाशिये पर डाल दिया जाए, तो पीढ़ियाँ गुलाम मानसिकता की पाठशाला से ही निकलेंगी। भारत का इतिहास वेदों में है, उपनिषदों में है, रामायण और महाभारत में है, नालंदा और तक्षशिला में है, आर्यभट्ट, वराहमिहिर और भास्कराचार्य के विज्ञान में है। पर अफ़सोस, बच्चों को इनकी जगह सिखाया जाता है कि किस विदेशी ने भारत में रेल लाया, डाकघर लाया और क़ानून सिखाया।

**समस्या केवल इतिहास की नहीं, आत्मबोध की है :** यह विषय केवल पाठ्यक्रम में नाम जोड़ने और हटाने का नहीं है। यह एक गहरी वैचारिक लड़ाई है - हमारे आत्मबोध, आत्मगौरव और सांस्कृतिक अस्तित्व की। अगर हमारी पीढ़ियाँ लगातार वही इतिहास पढ़ेंगी जिसमें वे पराजित, गुलाम और निरीह चित्रित किए गए हैं, तो वे स्वाभिमान और स्वतंत्र सोच कैसे विकसित करेंगी? हम यह नहीं कहते कि मुग़ल इतिहास को हटाया जाए। हम यह कहते हैं कि उसे भी उसी आलोचनात्मक दृष्टि से पढ़ाया जाए जैसे किसी भी अन्य युग को।

**जय सनातन- कोई नारा नहीं, एक पुनर्स्मरण है :** जय सनातन का अर्थ केवल धार्मिक जयघोष नहीं है। यह उस मूल चेतना का आह्वान है जो भारत को भारत बनाती है — सहिष्णुता, विज्ञान, दर्शन, आत्मानुशासन और कर्म। सनातन भारत की आत्मा में चाणक्य की नीति, शिवाजी की शौर्यता, चित्रगुप्त की न्याय भावना, विदुर की नैतिकता, और महर्षि पतंजलि की योगमय सोच शामिल है।

**निष्कर्ष- समय है पुनर्लेखन का, पुनर्जागरण का :** आज आवश्यकता है एक नए भारत के निर्माण की — ऐसा भारत जो अपने अतीत से शर्मिंदा न हो, बल्कि उस पर गर्व करे। हमें अपने इतिहास का पुनर्लेखन नहीं, पुनर्जागरण करना है। हमारे पूर्वजों की गाथाएँ, उनके सिद्धांत, उनके मूल्यों को नई पीढ़ी तक ले जाना।

# गुम होती सुबहें : प्रकृति की चेतावनी
## जहाँ गौरैया नहीं गाती- शहर की मूक त्रासदी

**हर सुबह की शुरुआत पहले चहचहाते स्वर के साथ होती थी- जब गौरैया की चहचहाहट, कोयल की मधुर कूक और कबूतरों की गुटरगूं से घर आंगन गूंज उठते थे। ऐसा लगता था मानो प्रकृति ने जागरण की घड़ी भेजी हो। पर अब वह सुबहें खामोश हैं, और वो स्वर कहीं गुम होते जा रहे हैं। यह खामोशी सिर्फ कानों को नहीं, दिल को भी चीरती है। हमने ऊंची इमारतें, चमचमाती सड़कें और आधुनिकता का तमगा तो हासिल कर लिया, पर क्या कभी ठहरकर सोचा कि इस चकाचौंध के पीछे हमने क्या खो दिया?**




प्रो. आरके जैन

वे छोटे पंखों वाले मेहमान, जो कभी हमारे आंगन का हिस्सा थे, अब कहीं गुम हो चुके हैं। यह सिर्फ पक्षियों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि हमारे और प्रकृति के बीच बढ़ती खाई की कहानी है। शहरों में बदलते पक्षी आवास एक अनदेखी चुनौती बनकर उभरे हैं, जो हमें चेतावनी दे रही है — अगर अभी नहीं जागे, तो आने वाली सुबहें और भी सन्नाटे में डूब जाएंगी।

शहरों का विस्तार आधुनिकता का प्रतीक है, लेकिन यह विस्तार एक भारी कीमत वसूल रहा है। कभी जिन पेड़ों की छांव में चिड़ियां घोंसले बनाती थीं, वे अब कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं। बगीचे, तालाब और खुली छतें, जो पक्षियों का बसेरा हुआ करती थीं, अब मॉल्स, हाईवे और बहुमंजिला इमारतों की भेंट चढ़ गए हैं। गौरैया, जो कभी हर घर की शोभा थी, अब दुर्लभ हो चली है। बुलबुल की मधुर आवाज और मैना की चंचलता अब शायद ही कहीं सुनाई दे। यह सिर्फ कुछ प्रजातियों का गायब होना नहीं, बल्कि उस पारिस्थितिकी तंत्र का टूटना है, जो हमें जीवन देता है। पक्षी केवल गीत और सौंदर्य नहीं लाते; वे प्रकृति के संतुलन का आधार हैं। वे बीज बिखेरते हैं, कीटों को नियंत्रित करते हैं और जैव विविधता को जीवंत रखते हैं। लेकिन जब उनके घर ही उजड़ जाएंगे, तो वे कहां जाएंगे? शहरीकरण की अंधी दौड़ ने पक्षियों के लिए कई खतरे खड़े किए हैं। बढ़ता प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विद्युत-चुंबकीय विकिरण, और हरित क्षेत्रों का तेजी से सिकुड़ना उनके अस्तित्व पर संकट बनकर मंडरा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार, भारत के कई शहरों में गौरैया की आबादी में 60-70% तक की कमी आई है, और यह आंकड़ा हर साल बढ़ रहा है। विश्व स्तर पर, 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर' ने कई शहरी पक्षी प्रजातियों को लुप्तप्राय की सूची में शामिल किया है। यह संकट केवल पक्षियों तक सीमित नहीं है। जब पक्षी गायब होते हैं, तो कीटों की संख्या बढ़ती है, फसलों को नुकसान होता है, और पारिस्थितिकी तंत्र की पूरी श्रृंखला प्रभावित होती है। फिर भी, हम इस संकट को गंभीरता से क्यों नहीं लेते? शायद इसलिए कि इसका असर तुरंत सामने नहीं आता। यह एक मूक आपदा है, जो धीरे-धीरे हमें घेर रही है। हमारी अनदेखी का एक कारण यह भी है कि हम पक्षियों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़कर नहीं देखते। हमारी सुबहें अब अलार्म की घंटियों से शुरू होती हैं, न कि चिड़ियों की चहचहाहट से। बच्चे अब गौरैया को किताबों में या यूट्यूब पर देखते हैं, न कि अपने आंगन में। यह नुकसान सिर्फ पर्यावरण का नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत का भी है। क्या हम चाहेंगे कि हमारी अगली पीढ़ी प्रकृति के इस जीवंत हिस्से से अनजान रहे? क्या हम उन्हें वह अनुभव देने से चूक जाएंगे, जो हमने अपने बचपन में जिया — जब एक गौरैया का दाना चुगना या कोयल का गाना हमें प्रकृति से जोड़ता था? इस संकट का समाधान असंभव नहीं है, बशर्ते हम अभी कदम उठाएं। छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव ला सकते हैं। शहरों में छतों पर बगीचे बनाना, पुराने पेड़ों को संरक्षित करना।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



महेश मुद्गल
( नाट्य कर्मी )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है परशुराम कला मन्दिर से जुड़े नाट्य कर्मी महेश मुद्गल जी। इनका जन्म 7 जुलाई 1964 जन्म बानसूर में हुआ था, लेकिन यहां नाना के गौद आ गए इसलिए तब से यहीं हैं जब इनकी उम्र चार वर्ष थी। 2002 से श्री राज ऋषि अभय समाज से जुड़े 2015 श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति, दादा दादी फाउंडेशन, जो हर अमावस्या को संजय शर्मा की कोठी के बाहर भंडारा करते हैं श्री परशुराम कला मंदिर समिति, अयोध्या धाम आश्रम पुराना चुंगी जयपुर रोड, श्री श्याम कला मंदिर, सिंह द्वार टेंट किराया व्यवसाय समिति, के अलावा अन्य कई संस्थानों से जुड़े हुए हैं। टेंट हाउस का व्यवसाय करते हैं तथा पुरानी कमर्शियल वाहनों का भी खरीदने बेचने का काम करते हैं। नाट्य कला में विशेष रूचि रखते हैं। मेहताब सिंह का नोहरा स्थित प्राचीन दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर में हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा एवं दीपावली पर अन्नकूट महोत्सव जन सहयोग से पिछले 40 वर्षों से करते आ रहे हैं। पुश्तैनी व्यवसाय बीडी का था और खुद ने भी गुटके की 23 साल तक सप्लाई की है लेकिन उपयोग कभी भी नहीं किया दोनों ही चीजों का। ये एक अच्छा संदेश है कि हम अपना पेट पालने के लिए कार्य क्या करते हैं लेकिन हमारी मंशा अच्छी होनी चाहिए। रामलीला में हनुमान जी का तथा भृतहरि के नाटक में गुरु गोरखनाथ का सशक्त रोल अदा करते हैं और दर्शकों की तालियां बटौर लेते हैं। बेहद स्वाभिमानी व्यक्तित्व है इनका। सामाजिक सरोकार के कार्यो में हमेशा आगे रहते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

## 2025_0119
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 2 | | | 1 | | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | | 5 |
| | | | 8 | | 3 | 2 | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | 5 | 3 | 2 | | | 6 | 7 | |
| | 6 | | | 7 | | 8 | | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | | | | |
| | 9 | | 6 | 1 | | 5 | 3 | |
| | | 6 | 9 | | | 1 | 4 | 2 |

**Ans_2025_0118**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**वृष**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कर्क**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**सिंह**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**कन्या**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**धनु**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मकर**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कुंभ**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**मीन**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सरकारी स्कूलों में खुल रही नामांकन की पोल 7 बच्चों को पढ़ाने के लिए 12 शिक्षक तैनात

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चौकिंए नहीं! झुंझुनूं के रायपुर अहीरान के राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल में 7 छात्र हैं, लेकिन 12 शिक्षक तैनात हैं। चार कक्षाएं खाली हैं, और शिक्षकों के वेतन पर 10 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। यह तो महज उदाहरण है... सही मायने में राजस्थान के सरकारी स्कूल बच्चों की शिक्षा से ज्यादा शिक्षकों को 'एडजस्ट' करने का जरिया बन गए हैं। प्रदेश में 1,000 से अधिक स्कूलों में 10 से कम विद्यार्थी हैं, जहां शिक्षकों की संख्या छात्रों से ज्यादा है। यह हाल शिक्षा विभाग के समानीकरण दावों की पोल खोलता है। प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। जयपुर में 350, कोटा, अलवर, झुंझुनूं, जैसलमेर, दौसा, टोंक और करौली जैसे जिलों में सैकड़ों स्कूलों में यही स्थिति है। शिक्षा विभाग को समानीकरण, तबादला नीति और संसाधन वितरण पर ठोस कदम उठाने होंगे। स्कूलों को बच्चों की जरूरतों के हिसाब से चलाना होगा, न कि शिक्षकों की सुविधा के लिए।

**चौंकाने वाली हकीकत :** झुंझुनूं के रायपुर अहीरान के राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल में 7 छात्र हैं, लेकिन 12 शिक्षक तैनात हैं। चार कक्षाएं खाली हैं, और शिक्षकों के वेतन पर 10 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। जिले में 40 स्कूलों में 10 से कम नामांकन है। हनुमानगढ़ के चक तीन टीकेडब्ल्यू प्राथमिक विद्यालय में 1 छात्र और 2 शिक्षक हैं, जबकि जिले के 68 स्कूलों में नामांकन 10 से कम है। कोटा के गोरधनपुरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में 4 बच्चों पर 6 शिक्षक हैं। करौली के रंगमहल और भम्बूपुरा जैसे स्कूलों में शून्य नामांकन है, फिर भी शिक्षक नियुक्त हैं, जिन्हें अन्य स्कूलों में भेजा गया है।



**ऐस भी स्कूल जहां एक छात्र नहीं :** अलवर के मूंडिया गांव के प्राथमिक स्कूल में 3 छात्र थे, जो सत्र के बीच गायब हो गए, और शिक्षक को दूसरी जगह भेज दिया गया। दौसा के गरस्या ढाणी सीकरी स्कूल में 2 छात्रों पर 2 शिक्षिकाएं हैं। टोंक के कल्याण नगर में 9 बच्चे और 2 शिक्षक हैं। करौली के नयापुरा आगिर्री में 4 बच्चों पर 2 शिक्षक तैनात हैं। कई स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं, जबकि आसपास के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है।

**तबादलों का अटका खेल :** तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले वर्षों से लंबित हैं। हजारों शिक्षक गृह जिले या सुविधाजनक स्थानों पर तबादले की प्रतीक्षा में हैं। शिक्षा विभाग की उदासीनता से शिक्षक तनाव में हैं, जिसका असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है।

**दस से कम नामांकन वाले प्राथमिक विद्यालय**

- जयपुर- 350
- श्रीगंगानगर- 175
- जैसलमेर- 171
- भीलवाड़ा- 80
- हनुमानगढ़- 68
- ब्यावर- 44
- सवाईमाधोपुर- 34
- अलवर- 33
- कोटा- 30
- बूंदी- 30
- टोंक- 20
- दौसा- 20
- करौली- 3

### ऐसे शिक्षकों को हटाया जाएगा

जिन स्कूलों में छात्र नामांकन कम हैं और शिक्षकों की संख्या अधिक है। ऐसे स्कूलों से शिक्षकों को हटाकर उन स्कूलों में लगाया जाएगा जहां पर शिक्षकों की जरूरत है। तबादलों से रोक हटने के बाद यह फेरबदल किया जाएगा।

**मदन दिलावर, शिक्षा मंत्री**



## रणथंभौर बाघ परियोजना : नियम ताक पर, जिप्सी चालक ही बना रहे वीडियो

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथंभौर बाघ परियोजना में पार्क भ्रमण के दौरान अनियमितताओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पार्क भ्रमण के दौरान टाइगर साइटिंग के लिए आए दिन नियम तार-तार किए जा रहे हैं। ताजा मामला जोन सात में देखने को मिला। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह की पारी में पार्क भ्रमण पर गए पर्यटकों को जोन सात में बाघ टी-108 यानी जय के दीदार हुए। इस दौरान एक जिप्सी चालक ने जिप्सी को बाघ के बहुत नजदीक ले जाकर खड़ा कर दिया। काफी देर तक जिप्सी में सवार पर्यटक बाघ की तस्वीरें खींचते रहे। इस दौरान जिप्सी का गेट भी खुला हुआ था। अंदेशा है कि फोटो शूट के लिए जंगल में और भी नियम तोड़े गए हों।

**जिप्सी चालक भी बनाता रहा वीडियो :** जिप्सी को बाघ के बिल्कुल नजदीक खड़ा करने के बाद पर्यटकों के साथ-साथ जिप्सी चालक भी मोबाइल से बाघ का वीडियो बनाता नजर आया। वहीं विशेषज्ञों की मानें तो सफारी के दौरान बाघ के इतने नजदीक पर्यटन वाहन को ले जाने से बाघ उत्तेजित भी हो सकते हैं और कोई हादसा भी हो सकता है। इसलिए निर्धारित दूरी बनाए रखना भी जरूरी होता है।

**यह है गाइडलाइन :** नेशनल टाइगर कनजर्वेशन अर्थॉरिटी (एनटीसीए) की ओर से निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार सफारी के दौरान बाघ-बाघिन से पर्यटन वाहनों की दूरी कम से कम 20 फीट की होनी चाहिए। ताकि सफारी के दौरान बाघ-बाघिनों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। लेकिन पर्यटकों को लुभाने के लिए वाहन चालक और गाइड नियमों को दरकिनार करके वाहनों को बाघ-बाघिन के काफी नजदीक तक ले जाते हैं।

**इनका कहना है... :** इसके बारे में शिकायत नहीं मिली है। इस तरह का मामला सामने आया है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रमोद कुमार धाकड़, उपवन संरक्षक, पर्यटन रणथंभौर बाघ परियोजना।**

### करौली में महिला चिकित्सक से रिश्वत और 'फेवर' मांगने का मामला

## दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग लेकर सड़कों पर उतरा सर्वसमाज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/करौली ( राकेश शर्मा )।** करौली जिले के मंडरायल उपखंड की सीएचसी में तैनात दलित महिला चिकित्सक को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, रिश्वत और 'फेवर' मांगने का मामला तूल पकड़ गया है। पीड़ित महिला का शिकायती पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें महिला चिकित्सक ने सीएमएचओ दफ्तर के बाबू इमरान खान पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया। महिला चिकित्सक का आरोप है कि बाबू इमरान ने खुद और सीएमएचओ डॉ. दिनेशचंद मीणा के लिए रिश्वत व 'फेवर' मांगा। इसके बाद बाबू इमरान खान, राहुल मीना और लक्ष्यराज को एपीओ कर दिया गया। चिकित्सा एव स्वास्थ्य विभाग जयपुर के निदेशक ने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना राजस्थान के प्रभारी डॉ. रामबाबू जायसवाल के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई। कमेटी ने जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। दूसरी ओर अब दलित महिला को न्याय दिलाने भाजपा, बसपा, भीम आर्मी और सर्वसमाज के लोग सड़कों पर उतर आए. लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपे। इसमें बाबू इमरान खान समेत सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।



**हुई ये बड़ी कार्रवाई :** पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि वृत्ताधिकारी अनुज शुभम ने पीड़ित महिला चिकित्सक के बयान दर्ज किए। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। महिला चिकित्सक के बयान दर्ज कर लिए हैं। दोषी कितना भी बड़ा क्यों ना हो, सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले महिला चिकित्सक ने महिला थाने में सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीणा और बाबू इमरान खान के खिलाफ मामला दर्ज कराया. पुलिस ने सीएमएचओ और बाबू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

**कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन :** गौरतलब है कि भाजपा नेता इंदूदेवी जाटव के नेतृत्व में विगत दिवस सैकडों महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने सपोटरा विधायक हंसराज बालौती और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौपें।

**कमेटी ने सौंपी जांच रिपोर्ट :** चिकित्सक से रिश्वत और 'फेवर' मांगने के मामले के बाद जयपुर से करौली पहुंची तीन सदस्यीय कमेटी ने जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। कमेटी अध्यक्ष जायसवाल ने बताया कि पीडित चिकित्सक अन्य कार्मिक व लोगों के बयान लिए हैं। बाबू इमरान खान, राहुल मीना, लक्ष्यराज मीना को एपीओ कर दिया है। सीएमएचओ सहित अन्य लोगों की रिपोर्ट सरकार को पेश कर दी है।

## देश के स्वच्छता अभियान में वाल्मीकि समाज की अहम भूमिका : रामसहाय वर्मा

### वाल्मीकि समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शहर के वार्ड नंबर 30 में वाल्मीकि समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, अध्यक्षता कर रहे नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, विशिष्ट अतिथि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता एवं पार्षद नितिन छाबड़ा द्वारा समारोह पूर्वक किया गया। वाल्मीकि समाज के लोगों ने विधायक वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष इसरानी का 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा कहा कि वाल्मीकि समाज ने कोरोनाकाल में अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन किया है। देश में कोरोना काल के समय व्यक्ति घर से बाहर नहीं निकले थे किंतु वाल्मीकि समाज के लोग उस समय भी अपनी जान की परवाह नहीं करके अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश में बन रहे भगवान श्रीराम जी के मंदिर का नींव पूजन भी वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा करवाया।

वाल्मीकि समाज सदैव पूजनीय समाज रहा है। नगरपालिका द्वारा वाल्मीकि समाज के लिए आधुनिक सुविधा युक्त सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया है जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि देश के स्वच्छता अभियान में वाल्मीकि समाज की अहम भूमिका है। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। लोगों की सुविधा के लिए ज्यादा से ज्यादा सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है। शहर में आमजन की सुविधा के लिए करोड़ों रूपए के विकास कार्य प्रगति पर है। शहर में युवाओं के लिए और भी लाइब्रेरी का निर्माण कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्षद परसराम कुमावत, रामविलास बलाई, दुर्गाशंकर सेन, गिर्राज जाट, जयपुर नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, पूर्व सरपंच कैलाश नटवाड़ा, रामचरण पारीक, पृथ्वीराज टाटावत, कमलेश किराड, भाजपा नेता रामअवतार घाटी, आशु गोड, करण सिंह, अरूण नकवाल, जोंटी नकवाल, संजय रैगर, विनोद चांवरिया, कन्हैयालाल संगत, मास्टर गाविन्द, रामबाबू, प्रेम संगत, कुमेश नकवाल, गणेश संगत, नवल नकवाल व कमल संगत सहित कई कार्यकर्ता वार्डवासी मौजूद थे।

## तीव्र गर्मी में दोपहर 12 से 3 बजे तक भारवाहक पशुओं के उपयोग पर प्रतिबंध जिला कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने ग्रीष्म ऋतु में दोपहर 12ः00 बजे से 3ः00 बजे तक भारवाहक पशुओं का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में गर्मियों के दौरान घोड़े , खच्चर, बैल, पाड़ा , ऊँट, एवं गधे जैसे पशुओं को भार ढोने के लिए उपयोग में लिया जाता है। अत्यधिक गर्मी में इन पशुओं से कार्य कराने पर तापघात, लू लगने, निर्जलीकरण एवं अन्य स्वास्थ्यगत समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है, जो कि पशु क्रूरता की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर ने पशु क्रूरता की रोकथाम, पशु स्वास्थ्य के संरक्षण, पशु रोगों के प्रसार को रोकने, पशुओं के प्रति मानवीय दृष्टिकोण व दया भावना एवं जागरूकता की आवश्यकता के मध्यनजर भारवाहक पशुओं से अत्यधिक गर्मी व उच्च तापमान के समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच भारवाहक कार्य हेतु उपयोग नहीं लेने के आदेश दिए हैं। जारी आदेशानुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा भारवाहक पशु प्रजातियों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच भारवाहन हेतु उपयोग में लेते हुए पाए जाने पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कार्यवाही की जाएगी।


## पक्षियों के लिए लगाएं 61 परिण्डे



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जैन सखी संगठन के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन के चलते जीव दया हेतु एवं पक्षियों के पानी के लिए बंपुई वालों की धर्मशाला में पक्षियों के लिए परिण्डे बांधकर 61 परिण्डे वितरण किए गए। मीडिया संयोजक संजू जौंला ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते बंपुई वालों की धर्मशाला में जैन सखी संगठन की महिलाओं ने 61 परिण्डे लगाएं। जिसमें आचार्य शांतिसागर पाठशाला, जैन नसियां पाठशाला, श्री चंद्रप्रभु पाठशाला, श्री शांतिनाथ पाठशाला, जैन सखी महिला संगठन की एवं नन्हे मुन्ने जैन पाठशाला के बच्चों ने पक्षियों के लिए परिण्डे में प्रतिदिन पानी डालने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ममता जैन, अनिता जैन, नीलम जैन, डिंपल जैन, आशा जैन, दिव्या जैन, रेखा जैन, शशी जैन, संजू जैन, अनिता जैन, विजया जैन, पदमा जैन, त्रिशला जैन, मुन्नी देवी जैन, दीक्षा, विमल जौंला, अजीत काला, त्रिलोक रजवास, पदमचंद टोंग्या व नरेश हतौना जैन सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

## श्री चंडी महायज्ञ में मां कात्यायनी की पूजा कर हवन कुंड में दी आहुतियाँ



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** कस्बे में स्थित श्री बद्रीनाथ भगवान के मंदिर परिसर में में 8 जून से 16 जून तक चलने वाले नव दिवसीय 108 कुण्डीय श्री चंडी महायज्ञ में पूजा, परिक्रमा, प्रवचन एवं लीलाओं का दौर जारी है। महायज्ञ के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा कर प्रधान यजमान पुण्यप्रताप करण ने अपनी पत्नी नीता कंवर के साथ एवं अन्य यजमानो ने सपत्नीक हवन कुंडो में आहुतियां दी। रविवार की अल सुबह से ही महायज्ञ स्थल पर पूजा एवं यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

श्रद्धालु जय शिव, जय हनुमान, जय श्रीराम, जय माता दी आदि के जयकारे लगाते हुए यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे थे। वहीं आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। यहां सुबह बजे से 5 से 10 बजे तथा शाम 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला, पुरुष तथा बच्चे परिक्रमा में भाग ले रहे हैं। यज्ञाचार्य पं. जगदीश नारायण शास्त्री ने बताया कि यज्ञ से विश्व का कल्याण होता है इसलिए समय-समय पर यज्ञ के कल्याण के लिए महायज्ञ जरूरी है। यज्ञ मंडप में 125 आचार्यों द्वारा पूजा अर्चना, हवन आदि का संचालन किया जा रहा है। आगंतुक विद्वानों, आचार्यों के लिए रहने आदि की उत्तम व्यवस्था की गई है।

## नीट (यूजी) परीक्षा 2025 शांतिपूर्वक संपन्न परीक्षा केदो पर 36 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) 2025 रविवार को पूर्णतया शांतिपूर्वक संपन्न हुई! इस बार किसी भी केंद्र पर किसी प्रकार की अशांति अथवा अव्यवस्था की जानकारी सामने नहीं आई है!जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर कुल 1896 परीक्षार्थियों में से 1860 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, 36 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उधर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 के सफल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने रविवार को जिले के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महात्मा गांधी सीनियर सैकेंडरी स्कूल (साहू नगर), केंद्रीय विद्यालय एवं शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह महाविद्यालय जैसे प्रमुख केंद्रों पर पहुँचकर व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र प्रभारियों से चर्चा कर परीक्षा की तैयारी, सुरक्षा प्रबंध, परीक्षार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, समय पालन तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, छाया, बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, प्रवेश और निकास की प्रक्रिया भी सुव्यवस्थित रूप से संचालित होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करवाने हेतु सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा अनुचित साधनों पर निगरानी रखने हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।


परीक्षा के निष्पक्ष संचालन के लिए प्रशासन द्वारा निरीक्षण दल एवं निगरानी टीमें गठित की गई , जिन्होंने परीक्षा अवधि में लगातार केंद्रों पर निगरानी रखी।

## ट्रेन में गूंजी किलकारी : महिला ने टॉयलेट में दिया बच्चे को जन्म

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** गंगापुरसिटी से सवाई माधोपुर के लिए ट्रेन में चढ़ी गर्भवती महिला ने ट्रेन में ही बच्चे को जन्म दिया। महिला को प्रसव पीड़ा के बाद जिस तरह से रेल कर्मियों और कोच में मौजूद यात्रियों ने मदद की वह काबिले तारीफ रही। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं। पूरी घटना सवाई माधोपुर जिले की है, जहां पर एक महिला अपने पति और तीन बच्चों के साथ गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन से नन्दा देवी एक्सप्रेस के एसी कोच में चढ़ी थी। बताया जा रहा है कि पूरा परिवार सवाई माधोपुर के लिए निकला था, लेकिन स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी।





**रेलवे की मेडिकल टीम ने की मदद :** आनन-फानन में यात्रियों की मदद से महिला को ट्रेन के टॉयलेट में ले जाया गया, जहां पर महिला ने बच्चे को सुरक्षित जन्म दिया। इस घटना के दौरान महिला के साथ उसके तीन बच्चे और उसका पति भी रहा। ट्रेन के सवाई माधोपुर पहुंचते ही जीआरपी व रेलवे की मेडिकल टीम कोच के पास पहुंची।

**अस्पताल में कराया गया भर्ती :** रेलवे विभाग की मेडिकल टीम ने एंबुलेंस की मदद से महिला और नवजात शिशु को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह पूरी घटना नंदा देवी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच बी-8 में हुई। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रसूता हमीर पुलिया कच्ची बस्ती निवासी कन्हैया की पत्नी है।



# कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में पानी की मांग को लेकर लगाया जाम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शहर के अखेपुरा मोहल्ले के महिला एवं पुरुषों ने पीने के पानी की मांग करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में परशुराम सर्किल पर जाम लगाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि बढ़ती हुई गर्मी में अलवर शहर के चीमक अधिकारी ए कर्मचारी तथा भाजपा की सरकार की लापरवाही की वजह से आम जन पीने के पानी को तरस रहा है। बीजेपी की सरकार को बने हुए लगभग डेढ़ वर्ष बीत चुका है। लेकिन राजस्थान के अलवर के सांसद केन्द्र में मंत्री हैए तथा शहर विधायक राज्य में मंत्री होने के बावजूद अलवर शहर में पीने के पानी की किल्लत मची हुई है। तथा शहर के सभी 65 वार्डो में पीने के पानी को लेकर हा हा कार मचा हुआ है। ओर सरकार के अधिकारी और मंत्री यो का हाल ये है।

**अंधेर नगरी, चौपट राजा। टका शेर भाजी, टका शेर खा जा।।**

कल राजस्थान के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी अलवर पधारे थे। तथा जन सुनवाई के दौरान जब जलदाय मंत्री जी से पानी की मांग करते हुए उनका वीडियो बनाया जा रहा था,तो अलवर के माननीय मंत्री जी ने उस युवक का फोन छीन कर उसे धमकाया। ये अलवर में बीजेपी सरकार का तानाशाह पूर्ण रवैया है, जिसे शहर की जनता स्वीकार नहीं करेगी तथा पीने के पानी की मांग करने के लिए सड़क से लेकर सदन तक भी आंदोलन करना पड़े तो कांग्रेस पार्टी शहर की जनता के साथ खड़ी रहेगी। रविवार को परशुराम सर्किल पर जाम के वक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने चीमक के । मद तथा ौव अरावली विहार को मौके पर जनता की परिवेदना से अवगत करवाया। पीएचईडी एसई हरिओम जाट ने पांच दिन में अखेपुरा मोहल्ले की किन्नर वाली गली के पानी की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। तथा जबतक बोरिंग गहरी होकर हर घर में पानी नहीं पहुंचेगा तब तक कल से ही टैंकरों से पानी की आपूर्ति का आश्वाशन चीमक अधिकारियों ने दिया है। अगर अखेपुरा मोहल्ले की पानी की समस्या का समाधान अगले पांच दिन में नहीं हुआ तो जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में परशुराम सर्किल पर जाम लगा कर प्रदर्शन किया जाएगा,उसमें अगर कानून व्यवस्था खराब होती है। तो उसकी जिम्मेदारी राजस्थान सरकारए चीमक अधिकारी तथा जिला प्रशासन की होगी।

# दर्जनों संस्थानों ने संयुक्त तत्वाधान में धूमधाम से मनाया वर्ल्ड लाफ्टर-डे

## लाफ्टर योग (जेलोटोलोजी) एंड्रोफ्रींन नामक एक प्राकृतिक होर्मोन उत्पादन करके शरीर को स्वस्थ रखता है- डॉ. मित्तल

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन द्वारा संचालित अलवर लाफ्टर क्लब, कम्पनी बाग विकास समिति, भारतीय योग संस्थान पतंजलि परिवार, सर्व हितकारी योग संस्थान, लायंस क्लब अलवर मत्स्य भारत विकास परिषद् इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप अलवर एवं अन्य कई संस्थाओ द्वारा संयुक्त रूप से वर्ल्ड लाफ्टर-डे कम्पनी बाग अलवर में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। लाफ्टर योग से पूर्व विभिन्न आसन ,प्राणायाम ध्यान योग इत्यादि भी करवाए गए ताकि रोअना की सामान्य योग दिनचर्या बनी रहे। मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी एवं लाफ्टर क्लब के संस्थापक डॉ.एससी मित्तल ने सभी को विश्व लाफ्टर डे की बधाई देते हुए लाफ्टर योग कराया लोगो का हँस हँसकर बुरा हाल हो गया पेट में बल पड़ गए एक दुसरे को देखकर हँसी काफी देर तक छुटती रही। डॉ. मित्तल ने बताया कि हंसी के अध्ययन को जेलोटोलोजी कहा जाता है इस वर्ष का थीम . मानसिक स्वास्थ्य के लिए हँसी की शक्ति रखा गया है 10 मई 1998 में विश्व हँसी दिवस की शुरुआत डॉण् मदन कटारिया ने मुम्बई में की थी ! विश्व हँसी दिवस मनाने के कई फायदे होते है जैसे तनाव कम करने के लिएए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने सामजिक संबंधो को मजबूत करने में मदद करता है ! लाफ्टर योग एंड्रोफ्रींन नामक एक प्राकृतिक होर्मोन का उत्पादन करती है जो दर्द में राहत देती है हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी होता है क्योकि यह रक्त प्रवाह को बढ़ता है एपाचन को सुधरता है एमाँसपेशियो को आराम देता है ए रचनात्मकता को बढ़ता है।

कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता द्वारा लाफ्टर प्रश्नोतरी कार्यक्रम ने सभी को बहुत गुदगुदाया सही जवाब देने वालो को इंजीनियर आरएल अग्रवाल द्वारा लिखी हँसो.हंसाओ पुस्तक, पेन, चोकलेटए चाबी का छल्ला इत्यादि उपहार स्वरुप दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी को पौष्टिक आहार के रूप में अंकुरित मूँग, मोठ चना, किशमिश, काजू इत्यादि की चाट एवं मीठे में पतिशा मिठाई आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन द्वारा वितरित की गयी। कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता ने बताया कि लाफ्टर क्लब अलवर को 10 वर्ष पुरे होने तथा मई माह के प्रथम रविवार को वर्ल्ड लाफ्टर डे दोनों ही उपलक्ष्य में बड़ी धूमधाम से मनाया गया अलवर में इसकी शुरुआत 04 मई 2015 को की गयी थी इस मौके पर प्रथम प्रशिक्षक डॉ. रश्मि जैन एवं डॉ.सुनील जैन जो आजकल जयपुर में है विडियो कॉफ्रेंसिंग द्वारा बात करके याद किया। लाफ्टर योगा में तकरीबन 250-300 लोगो ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमे करीब 60 प्रतिशत महिलाये मौजूद रही।

# चार दिन-एक संकल्प, जिला कलेक्टर के नवाचार से 114 गोवंश पहुंचे सुरक्षित आशियाने

## जिला कलेक्टर के नवाचार से चार दिन में 114 गोवंश को मिला सुरक्षित आश्रय



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिले के शहरी क्षेत्रों (नगर परिषद / नगर पालिका) में निराश्रित गौवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका और घटनाओं को देखते हुए जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने इस दिशा में एक अभिनव पहल निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान 2025 शुरू की जिसमें अभियान के जिले भर में कुल अबतक 114 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का संचालन नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में किया जा रहा है।

अभियान के तहत रविवार को नगर परिषद तिजारा क्षेत्र से 42 गोवंश को आश्रय प्रदान किया, इसी प्रकार खैरथल में 3 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। अभियान के तहत अब तक नगर परिषद तिजारा में 70 गोवंश, नगर परिषद खैरथल में 13 गोवंश, नगर परिषद भिवाड़ी में 11 गोवंश, नगर पालिका कोटकासिम में 15 गोवंश, नगर पालिका मुंडावर में 5 गोवंश को आश्रय प्रदान किया गया। अभियान के तहत नगर परिषद और नगर पालिका स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित कर नगरों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को चिन्हित कर निकटवर्ती गौशालाओं में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और निराश्रित पशुओं को बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना है।

# वन मंत्री ने किया वनपाल नाका कुंडला का औचक निरीक्षण अव्यवस्था मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए लगाई फटकार

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) श्री संजय शर्मा ने टहला रेन्ज के वनपाल नाका कुण्डला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कार्मिक उपस्थिति पंजिका की जांच कर अनुपस्थित कार्मिकों की गैर हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों के सोते हुए पाए जाने पर फ्टकार लगाते हुए कहा कि अपने कार्य प्रति उत्तरदायी रहते हुए कार्य के प्रति सजग व सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पश्चात मंत्राी श्री शर्मा ने टहला में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत हुए श्री प्रदीप पंचोली के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में पहुंचकर उनके राजकीय सेवाकाल को पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक की भूमिका विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर समाज को नई दिशा देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में इनकी सेवाएं सराहनीय रही है। इन्होंने आदर्श शिक्षक के रूप में अपने कार्यों का जि मेदारीपूर्वक निर्वहन किया है। मंत्राी श्री शर्मा ने साउथ वेस्ट ब्लॉक काला कुआं अलवर में अपने प्रतिनिधि पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# जनता को पानी पिलाने में फेल, अवैध शराब भण्डार खोलने में पास : रावत

## राज्य सरकार लोगों को राहत देने के बजाए मौत दे रही है



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आई राजस्थान की शेरनी पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में पहुँचकर विवाह समरोहों में शिरकत की। इस मौके पर रावत ने लोगों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी वहीं वरों और वधुओं को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व रावत ने अलवर के सिलीसैढ़ के समीप विभिन्न गाँवों में जहरीली शराब से हुई मौतों पर दु:ख प्रकट किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढाढस बंधाया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। शराब दुखान्तिका से पीड़ित परिजनों से मिलने के बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर सिपाही इस दु:ख की घड़ी में आपके साथ है। हमसे कोई मदद हो सकेगी जो पीड़ित परिवारों की करी जाएगी और सरकार को भी पीड़ित परिवारों की मदद के लिए अवगत कराया जाएगा। रावत ने कहा राज्य सरकार के मंत्री विधायक यह कहते नहीं थकते कि डबल इंजिन की सरकार है। मैं कहती हूँ कि यह एक इंजन की भी सरकार कहीं से दिखाई नहीं दे रही। राज्य सरकार आमजन को पीने का पानी तो नहीं पिला रही। वहीं अवैध शराब के भण्डार खोलकर उन्हें मौत के घाट जरूर सुला रही है। राज्य सरकार का मकसद सिर्फ पैसा कमाना है जनता को सुविधाएं देना नहीं। इस मौके पर उनके साथ नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, जिलाध्यक्ष पूर्व प्रधान योगेश मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# नाबालिग के साथ 3 युवकों ने की जबरदस्ती, पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**प्रतापगढ़( थानागाजी )।** प्रतापगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 साल की बालिका के साथ 3 युवकों ने जबरदस्ती करने की कोशिश करने का मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित बालिका के चाचा बाबुलाल ने बताया कि 19 अप्रैल को मेरे बड़े भाई की लड़की व उनकी पत्नी घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे। रात में करीब 1.30 बजे के तकरीबन हमारे घर के पास किसी ने आवाज लगाई जिस पर मेरी भतीजी जाग गई। जैसे ही मेरी भतीजी चारपाई से खड़ी हुई तीन लड़कों ने जबरदस्ती मुंह बंद करके घसीट कर ले गए। कुछ समय पश्चात मेरी भाभी नींद से जागी तो वहां पर मेरी भतीजी नहीं थी। मेरी भाभी ने अन्य परिवारजनों को जगाया। आसपास खेतों में तलाश किया तो मेरी भतीजी पिछे से भागती हुई आ रही थी तथा उसके पीछे गांव के रोहिताश्व पुत्र गीलाराम उर्फ पुरण मीना, ललतेस पुत्र राजेश मीना निवासी लालपुरा तथा एक अन्य लड़का जिसको नहीं पहचान पाये ने उसके साथ जबरदस्ती की तथा विरोध करने पर मारपीट की। घटना की रिपोर्ट नाबालिग लड़की के पिता ने प्रतापगढ़ थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अभी तक एक भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जिससे आरोपियों के होंसले बुलंद हैं। पीड़िता के परिजनों ने अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण प्रियंका को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना :** प्रकरण की जांच थानागाजी सीईओं कर रहे हैं, तफ्तीश जारी है।

**राजेश कुमार , थानाधिकारी प्रतापगढ़**

# निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल के परिणाम घोषित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** निरंकारी मंडल अलवर के तत्वाधान में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं जिसमें सेमी फाइनल में गोविंदगढ़ ने नौगांव ब्रांच को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई वहीं अलवर के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए नौगांव को हराकर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित रखा । रविवार सुबह सेमीफाइनल मैच प्रारंभ होने से पूर्व जोन नंबर आठ हरियाणा से आए जोनल इंचार्ज एवं ज्ञान प्रचारक सुरेंद्र पाल सिंह जी एवं जिला संयोजक श्री सोमनाथ निरंकारी जी तथा सेवा दल संचालक शिलिराम जी की उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ किया गया फाइनल मैच में अलवर ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की तालिया की गड़गड़ाहट के बीच गोविंदगढ़ के खिलाड़ियों पर 7 विकेट सेजीत हासिल की इस प्रकार अलवर टीम विनर एवं गोविंदगढ़ टीम रनर अप रही। टूर्नामेंट के समापन पर जिला संयोजक सोमनाथ जी द्वारा विनर टीम तथा रनर अप टीम को पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

# जो पब्लिक कह रही वह गलत, जो प्रशासन कह रहा वह सही, ऐसा चलने वाला नहीं : जूली

## ये आकस्मिक मौतें नहीं,बल्कि मर्डर! ऊपर से नीचे तक सब लोग मिले हुए!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** अलवर जिले के सिलीसैढ़ के आसपास के गाँवों में में जहरीली शराब से हुई मौतों को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने बहुत बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जब शराब से 6लोगों की मौत हुई है उस पर प्रशासन लीपापोती कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब अस्पताल में उनकी मौत हुई तो पोस्टमार्टम क्यों नहीं करवाया गया। जबकि पुलिस प्रशासन कह रहा है कि यह आकस्मिक मौत है!उनके पास क्या पैमाना है जो उन्होंने सिद्ध कर दिया। आखिर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम क्यों नहीं करवाया गया। जूली ने कहा कि यह आकस्मिक मौत नहीं बल्कि मर्डर है। उन्होंने कहा कि ऊपर से लेकर नीचे तक सभी लोग मिले हुए हैं। उनके पास जमीन नहीं है और ये लोग बेंगन की खेती में दवा छिड़काव का बहाना बनाकर मामले को रफा -दफा करने की कौशीश कर रहे हैं जो नहीं चलेगा। जूली ने कहा कि मैं मुख्य शासन सचिव सहित डीजी से बात करूँगा। यह गूंगी बहरी सरकार किसी की सुनती ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए था कि वह उच्च स्तरीय जाँच करवाती और ग्रामीणों को भी उसमें समलित करती!उल्लेखनीय है कि नेता प्रतिपक्ष शराब दुखान्तिका से हुई मौतों पर परिजनों को सांत्वना देने गए थे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढाडस बंधाया और सांत्वना दी, और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

# रोजगार मेले में कुल 63 बेरोजगार युवाओं को मिला रोजगार का अवसर : यादव

## नीट परीक्षा के चलते कम आए बेरोजगार युवक /युवतियाँ



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले की पंचायत समिति बानसूर के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी को लेकर पंचायत समिति प्रधान सुमन सुभाष यादव के प्रतिनिधि सुभाष यादव ने अपने स्तर पर एक प्रयास किया। कांग्रेस नेता और प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव ने बताया कि यहाँ सैकड़ों बेरोजगार युवक आए, लेकिन उनमें से 63बेरोजगार युवाओं को ही रोजगार की गारंटी मिली !उन्होंने बताया कि आज नीट परीक्षा को लेकर भी बेरोजगार युवक /युवतियाँ कम पहुँची !जिसके चलते बेरोजगार मेले में बेरोजगार युवाओं की उपस्थिति कम नजर आई।

यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री शकुंतला रावत द्वारा दिखाए गए दिशा -निर्देशानुसार ही आयोजित किया गया है। जब वे उद्योग मंत्री थी तो उन्होंने हमें मार्ग दिखाया था। इस मौके पर रोजगार देने वाली कम्पनी के सदस्यों सहित काफ़ी संख्या में बेरोजगार उपस्थित रहे।

# मंत्री ने जनसुनवाई कर परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. ) ।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत पुनर्गठन, सडक, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण की परिवेदनाएं प्रमुख रही जिस पर मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। उन्होंने फरियादियों से कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की गई है जिनका जागरूक रहकर लाभ उठाने के साथ-साथ अन्य लोगों को लाभ उठाने हेतु जागरूक करें।

## पिछले साल से कठिन रहा नीट यूजी, कट ऑफ़ रह सकती है कम

# बायोलॉजी, केमिस्ट्री मीडियम रहे पर फिजिक्स टफ रहा : नितिन विजय

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2025 रविवार दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक सम्पन्न हुई। सवालों का स्तर पिछले साल की तुलना में कठिन रहा। इसमें बायोलॉजी और केमिस्ट्री का डिफिकल्टी लेवल मीडियम रहा जबकि फिजिक्स का लेवल हार्ड बताया गया। पेपर हल करते हुए कैंडिडेट्स के सामने टाइम मैनेजमेंट बड़ी चुनौती रहा। इससे कट ऑफ कम रहने के आसार है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि प्रश्न पत्र कुल 720 अंकों के लिए हुआ। फिजिक्स और केमिस्ट्री से 45-45 और बायोलॉजी (जूलॉजी- बॉटनी) से 90 सहित कुल 180 सवाल पूछे गए। पेपर का कठिनाई स्तर गत वर्ष की तुलना में कठिन रहा। इससे पेपर कठिन रहने के कारण सरकारी मेडिकल कॉलेज की कट ऑफ़ पिछले साल के मुकाबले 40 से 50 नंबर कम रहने के आसार है।

बायोलॉजी को नीट परीक्षा में सबसे आसान भाग कहा जाता है, लेकिन इस बार इसे सरल नहीं कहा जा सकता। इसमें कई सवाल लेन्थी और उलझाने वाले थे। केमिस्ट्री को कुछ आसान बताया जा रहा है।



सेक्शन ए और बी में ऑर्गेनिक, इनऑर्गेनिक और फिजिकल केमिस्ट्री से सवाल समान संख्या में थे। फिजिक्स का डिफिकल्टी लेवल सबसे टफ था। मॉर्डन फिजिक्स में चेप्टर एक, मैकेनिक्स, लॉज़ ऑफ़ मोशन, वर्क-एनर्जी-पावर और रोटेशनल स्पीड, इलेक्ट्रोडायनामिक्स, करंट इलेक्ट्रिसिटी, इलेक्ट्रोस्टैटिक्स और कैपेसिटेंस, ड्यूल नेचर ऑफ़ मैटर, फोटो इलेक्ट्रिक इफेक्ट, न्यूक्लियस, ऑप्टिक्स, रेज़ और वेव्स,थर्मोडायनामिक्स, काइनेटिक थ्योरी ऑफ़ गैसेस, सेमीकंडक्टर्स और कम्युनिकेशन सिस्टम्स से सवाल थे। केमिस्ट्री में इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री से केमिकल बॉन्डिंग, कोआर्डिनेशन कंपाउंड्स और पीरियाडिक टेबल, फिजिकल केमिस्ट्री से फार्मूला बेस्ड चेप्टर मोल कॉन्सेप्ट, केमिकल काइनेटिक्स और थर्मोडायनामिक्स और ऑर्गेनिक केमिस्ट्री से जनरल ऑर्गेनिक केमिस्ट्री, हाइड्रोकार्बन और बायोमोलेक्यूल्स जैसे चेप्टर से सवाल आए थे। बॉटनी में सेल स्ट्रक्चर, प्लांट फिजियोलॉजी, जेनेटिक्स और बायोटेक्नोलॉजी तथा जूलॉजी में ह्यूमन फिजियोलॉजी विशेष रूप से सर्कुलेटरी, नर्वस और एक्सक्रेटरी सिस्टम, ह्यूमन रिप्रोडक्शन, बायोमोलेक्यूल्स और रिप्रोडक्टिव हेल्थ जैसे अक्सर पूछे जाने वाले चैप्टर्स से सवाल थे।

**भारी सुरक्षा में हुई परीक्षा :** एनटीए की ओर से नीट- यूजी परीक्षा देश के 552 शहरों और विदेशों में 14 स्थानों पर रविवार को एक ही दिन और एक शिफ्ट में पेन-एंड-पेपर मोड में हुई। कोटा के 73 परीक्षा केंद्रों पर 32,424 परीक्षार्थी पंजीकृत गए थे। इनमें 32 राजकीय और 41 निजी विद्यालय थे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाली थी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक प्रवेश दिया। पिछले साल नीट यूजी में गड़बड़ी को लेकर काफी विवाद हुआ था। एनटीए ने गलतियों से सबक लेकर इस बार कड़े सुरक्षा उपाय किए थे। परीक्षार्थियों की केंद्र पर पूरी चेकिंग और डॉक्यूमेंट चेक करने के बाद ही केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। एनटीए कर्मचारियों के अलावा स्थानीय पुलिस भी परीक्षा केंद्रों पर मौजूद थी।

**14 जून को घोषित होगा रिजल्ट :** परीक्षा संपन्न होने के बाद अब एनटीए की ओर से अंतिम आंसर की जारी की जाएगी। प्रोविजनल आंसर की पर दर्ज आपत्तियों के निराकरण के बाद फाइनल आंसर की के आधार पर संभवतः 14 जून को रिजल्ट की घोषणा होगी।




## बेटियों को देंगे अवसर करेगी सपने पूरे

# कनवास में 6 करोड़ रुपए से निर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ कनवास।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को कनवास क्षेत्र में तीन स्थानों पर लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने लोढाहेड़ा, हिंगोनिया और कनवास पंचायत में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। जल संसाधन, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग की ओर से कराए गए 13 करोड रुपए से अधिक के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण संपन्न हुआ। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम नागर अडूसा, क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष ओम मेहता, भाजपा नेता विशाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष सत्यवान नागर, मंडल प्रतिनिधि हरिमोहन शर्मा, लोढाहेड़ा सरपंच बृजमोहन मेहता, बाछीहेडा सरपंच बीना नागर, धूलेट के पूर्व सरपंच नरोत्तम शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल सोनी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य , सड़क, बिजली, पानी समेत सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए काम कर रही है। कार्यकर्ता विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए सरकार का सहयोग करें तो कार्य और बेहतरीन हो सकेंगे। सांगोद विधानसभा क्षेत्र के तीनों ही उपखंड में कॉलेज खोल दिए गए हैं। जहां भवन की भी व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इन कॉलेज का सबसे अधिक लाभ बेटियों को मिलेगा। बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर भेजने से परिजन असहज महसूस करते हैं। ऐसे में, उच्च शिक्षा के लिए बेटियों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। हमें अब बेटियों को और अधिक अवसर देने होंगे, क्योंकि जब-जब भी बेटियों को मौका मिला है। उन्होंने लगन और मेहनत से बेहतर प्रदर्शन करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि कनवास में पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलने से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि आवाँ चौराहे से धुलेट चौराहे तक 2 करोड रुपए की लागत से गौरव पथ बनेगा। जिससे कॉलेज भी जुडेगा और बाईपास भी बेहतर होगा। उन्होंने बाछीहेड़ा में कहा कि सड़क के पैचवर्क का काम मार्केटिंग बोर्ड से स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से इस संबंध में बात हुई है। मंत्री नागर ने तालाब पर इंटरलॉकिंग और गौशाला की प्रक्रिया पूरी होने पर निर्माण के लिए राशि दिलाने का भी आश्वासन दिया।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पण शिलान्यास :** मंत्री श्री नागर ने लोढ़ाहेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय में 1.98 करोड रुपए से होने वाले एनीकट के नवीनीकरण के कार्य का शिलान्यास किया।

इसके बाद लक्ष्मीनाथ गौशाला बाछीहेड़ा में आयोजित लोकार्पण समारोह में 4.41 करोड रुपए से निर्मित मामोर से हिंगोनिया वाया केशोली बाछीहेड़ा सड़क का लोकार्पण किया। साथ ही, 61 लाख रुपए से की लागत से किए गए बाछीहेड़ा तालाब के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया गया। मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कनवास में 6 करोड रुपए की लागत से निर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का भी लोकार्पण किया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिया समरसता का सन्देश

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( संजय जैन )।** तीन दिवसीय भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रमों के अंतर्गत दिनांक 3 मई 25 शनिवार को रामलीला मैदान झालर बाबडी चारभुजा में बच्चों व महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीता शर्मा व नीलम शर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी ने की कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ इस कार्यक्रम में शाम 6:00 बजे बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता और महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता % थाली सजाओ प्रतियोगिता % बच्चों के डांस फैंसी ड्रेस और गाने की प्रतियोगिताएं हुई प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया । तथा अन्य सभी




प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए प्रतिभावान छात्रों का मंच से सम्मान किया गया । प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि % विप्र फाउंडेशन एक विश्व स्तरीय संस्था है % उन्होने कहा कि विप्र फाउंडेसन समर्थ राष्ट्र उन्नत समाज की सोच लेकर चलने वाला संगठन हैं। जिसमें सभी ब्राह्मण वर्गों का समागम है विप्र से तात्पर्य सनातन से है यानी जो भगवान को मानने वाला है वह विप्र है चाहे वह किसी भी वर्ग या वर्ण का हो भगवान परशुराम केवल ब्राह्मणों के ही भगवान नहीं है भगवान तो सबके होते हैं इसीलिए विप्र फाउंडेशन के इस कार्यक्रम में सभी समाजों के मुख्य महानुभावों को आमंत्रित किया जिनको उपराना पहना कर और भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा की समाज के चार वर्ण ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और सेवादार है यह चारों वर्ण हमारे शरीर में है मुख से ब्राह्मण भुजा से क्षत्रिय पेट से वैष्णव और पैरों से सेवादार जिस प्रकार शरीर में मुख को मुख्य माना गया है इसी प्रकार मुख को मुखिया कहा गया है तुलसीदास जी ने लिखा है मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक। पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक मुखियामुख सा चाहिए, खान सो एक पाले , इस प्रकार समाज में ब्राह्मण की भूमिका है इस कार्यक्रम में बच्चे ब्राह्मण परिवार एवं अन्य समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए मंच का संचालन पूनम शर्मा , रंजना पुरोहित और रश्मि मिश्रा ने किया सहयोग रीना शर्मा, मंजू शर्मा, रेखा शर्मा, मधुलिका अवस्थी, प्रेरणा क्षोत्रिय, मीरा उपाध्याय, मीनाक्षी द्विवेदी ने किया, प्रदेश से नवल किशोर शर्मा मुख्य संरक्षक, राम चरण श्रृंगी, जिला अध्यक्ष, बूंदी, मेघराज जी शर्मा, बूंदी शहर अध्यक्ष व प्रदेश संगठन मंत्री युवा ऋषभ शर्मा, मध्य प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत अशोक मंडलोई वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी जगदीश पंचोली उपस्थित है,कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष के के दुबे के अलावा प्रदेश की उपाध्यक्ष लीला शर्मा हरिओम शर्मा, महेश शर्मा, दिनेश शर्मा, राजेंद्र दशोरा , बनवारी लाल श्रोत्रिय, हेमंत व्यास, डी डी शर्मा, शोभा गोतम, यशवंत श्रृंगी, कैलाश अमरावत, कैलाश व्यास, अमोल धर्म, महासचिव संतोष शर्मा, रंजना शर्मा , मिथलेश शर्मा, विमलेश शर्मा, पारितोषिक मंजु तीवारी, गीता दूबे, ने वितरित किए ।

## अवैध मांस की दुकानें तत्काल बंद करें

# जनता की भावनाओं एवं स्वास्थ्य के खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** विधायक संदीप शर्मा ने रविवार को सर्किट हाउस में स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में अवैध मांस की दुकानों को बन्द करवाने के निर्देश देते हुए कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि शहर की ऐसी सभी दुकानों की जांच की जाए जिनके पास लायसेंस नहीं है, उन्हें तत्काल बन्द करवाया जाए और जिनके पास लायसेंस है वहां पर नियमों की पालना सुनिश्चित की जाए। शर्मा कहा है कि शहर में जगह जगह मांस की दुकानें खुली हुई हैं, जिसकी जहां मर्जी वहां दुकान खोल लेता है. न लायसेंस है न स्वच्छता का ध्यान रखा जा रहा है। यह स्थिति किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है। सर्वाधिक शाकाहारी राजस्थान में लोग अपनी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर शाकाहार को चुनते हैं। ऐसे में सड़क पर लगी मांस की दुकानें और वहां पर लटके हुए पशुओं के



शव आम जन को विचलित कर रहे है। यह उनके लिए मानसिक प्रताड़ना के जैसा है, यह आम नागरिकों के स्वच्छ वातावरण एवं स्वास्थ्य के मूल संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि गत कुछ वर्षों में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं की चोरी की घटनाएं भी बढ़ी है जिससे अंदेशा है कि चोरी हुए पशुओं को काटकर उनका मांस इन दुकानों पर बेचा जा रहा है, ऐसे में अवैध दुकानें बन्द होने पर पशुपालकों को भी चोरी से राहत मिलेगी। इसी प्रकार घडियाल अभ्यारण्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध मछली पकड़ने वालों की तादाद बहुत अधिक है, वे मछली पकडते हैं और कहीं भी सड़क किनारे बेचना शुरू कर देते हैं जबकि संरक्षित अभ्यारण्य में शिकार करना दण्डनीय अपराध है इसलिए वन विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई कर ऐसी नावों को तत्काल नष्ट किया जाए। अब तक 150 से अधिक अवैध दुकानों को चिन्हित किया है और नोटिस जारी किए हैं। विधायक संदीप शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोटा शहर में धार्मिक भावना को ध्यान में रखते हुए किसी भी सूरत में अवैध मांस मीट की दुकानें संचालित नहीं हो।

लेकिन अवैध मीट मांस की दुकान काफी समस्या पैदा कर रही है। कोटा स्मार्ट सिटी है केयर सिटी है एजुकेशन सिटी है, पर्यटन नगरी है धार्मिक नगरी है. इसे देखते हुए अवैध मीट मांस की दुकानों को नियम अनुसार सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अनुराग भार्गव, कोटा नगर निगम उपायुक्त जवाहर जैन, महावीर सिसोदिया, अधीक्षण अभियंता महेश गोयल, अधिशाषी अभियंता ए.क्यू कुरैशी, स्वास्थ्य अधिकारी रिचा गौतम, मोतीलाल चौधरी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र नागर सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भूसे से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली पलटी,चालक की मौत, माखिदा रोड की घटना

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा ) ।** उपखंड क्षेत्र के गैंता माखिदा रोड पर शनिवार रात को भूसे से भरी ट्रैक्टर - ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। वही दुर्घटना के बाद में लगी आग से ट्रेक्टर जल गया।सूचना पर लाखेरी से पहुंची दमकल ने लगभग 5 घण्टे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। देईखेड़ा पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि शनिवार रात को माखिदा रोड पर एक्सप्रेस वे इंटरचेंज से आगे पेट्रोलपम्प के समीप गैंता की ओर से आ रहा ट्रेक्टर भूसे से भरी ट्रॉली के साथ अनियन्त्रित होकर अचानक सड़क के किनारे स्थित गड्डो में पलट गया। अचानक हुए इस हादसे में ट्रैक्टर चालक सुरेश बंजारा ( 35)निवासी लेसरदा थाना के पाटन भूसे के नीचे दब गया सूचना पर मौके पहुच कर पुलिस ने एक्सप्रेस वे निर्माण कम्पनी जी आर की क्रेन से ट्रॉली को सीधा कर भूसे के ढेर से चालक को बाहर निकाला और एम्बुलेंस से देईखेड़ा राजकीय अस्पताल में लाया गया जंहा पर डॉक्टर ने चेक कर युवक को मृत घोषित कर दिया।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन कोटा रीजन द्वारा मूक पक्षियों के लिए परिंडे अभियान

# विज्ञान नगर में डीजेएसजीएफ ने बांधे परिंडे बांधकर किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन कोटा रीजन द्वारा रविवार को विज्ञान नगर स्थित भाभा पार्क में मूक पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से परिंडे बांधने के अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर फेडरेशन के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं विभिन्न ग्रुपों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रीजन अध्यक्ष अनिल जैन ठौरा की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा गर्मियों के मौसम में मूक प्राणियों के लिए पानी की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। यह अभियान न केवल पक्षियों की सेवा है, बल्कि यह समाज को एक सकारात्मक दिशा में ले जाने वाला कदम भी है। हमें अपने आसपास के प्रत्येक स्थान पर एक-एक परिंडा अवश्य बांधना चाहिए और उसका नियमित रखरखाव भी सुनिश्चित करना चाहिए। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पानी उपलब्ध कराना है, बल्कि समाज में जीवदया की भावना को भी जाग्रत करना है। उन्होंने यह भी बताया कि फेडरेशन इंदौर के शासकीय सलाहकार विकास अजमेरा एवं कार्यक्रम संयोजक मुकेश खटोड़ ने परिंडे में प्रतिदिन पानी भरने एवं रखरखाव की जिम्मेदारी ली है। रीजन सचिव पीयूष जैन ने सभी ग्रुपों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने ग्रुपों के माध्यम से सामूहिक रूप से परिंडे बांधने का कार्यक्रम आयोजित करें तथा प्रत्येक सदस्य अपने निवास स्थान पर भी कम से कम एक परिंडा अवश्य बांधे।इस आयोजन में फेडरेशन इंदौर के कार्याध्यक्ष सुरेश चंदवाड, संयुक्त महासचिव उमेश अजमेरा, पूर्व महामंत्री महावीर अजमेरा, बघेरवाल समाज के अध्यक्ष सुरेश हरसोरा, वर्धमान ग्रुप के राजेंद्र जैन, नवीन सेठिया, दिनेश बौरखडिया, अरविंद बागड़िया, हेल्पलाइन से जिवेन्द्र सोगानी, राष्ट्रीय निदेशक सोनीशा पांडे, नीना चंदवाड, अनुभव ग्रुप के एस के दोषी, कोटा मेंन के अभिषेक जैन, रॉयल के जयकुमार जैन, अतिवीर ग्रुप के शुभम लुहाडिया, अरविंद बरमुंडा, संगीता जैन, राजेंद्र गोयल, चेतन जैन सहित सभी ग्रुपों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने परशुराम जयंती शोभायात्रा का किया पुष्पवर्षा से स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( संजय जैन )।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर 4 मई 2025 को ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अंबे माता मंदिर पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा के स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान पूर्व प्रधान राधेश्याम गुप्ता, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र दशोरा, प्रहलाद जाट, अभिषेक गोखरू, कार्तिक तोमर,, पदमा सोनी अविनाश मित्तल, प्रेम चौधरी, कानाराम चारण, विनीता अग्रवाल, तन्वी शर्मा, पदमा सोनी, अतुल तिवारी एवं महेन्द्र चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे सांस्कृतिक गौरव से जुड़ा अवसर बताया और परशुराम जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# स्काउट गाइड ने कैंडल जलाकर पहलगांव के मृतकों को श्रृद्धांजलि दी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल केशवपुरा के स्वयंसेवकों द्वारा रविवार को कैंडल जलाकर पहलगाम आतंकी हत्याकांड में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कोटा जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल, प्रवीण शर्मा तथा मीनाक्षी महावर साथ थे। इस दौरान मां कल्याणी ओपन रेंजर टीम, सरोजनी नायडू ओपन गाइड कंपनी, चंद्रशेखर आजाद ओपन रोवर क्रू एवं लाल बहादुर शास्त्री ओपन स्काउट ट्रूप के स्काउट गाइड, कब बुलबुल एवं रोवर रेंजर शामिल हुए।

# नीमला गांव में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड के समीपवर्ती नीमला गांव में रविवार सुबह एक व्यक्ति की शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। टहला थाना पुलिस ने बताया कि नीमला गांव के ग्रामीणों ने सूचना दी कि नीमला गांव के भोमिया की डूंगरी धोलपुरी में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को राजगढ़ चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया।

## इस बार बारिश के सीजन में जलभराव का नहीं करना होगा सामना

# एक करोड़ की लागत से साफ होंगे शहर के नाले, वित्तीय स्वीकृति जारी...

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर मानसून सीजन से पहले नगर परिषद शहर को जलभराव मुक्त बनाने की तैयारियों में जुट गया है। जिसे लेकर शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई व्यवस्था को लेकर टेंडर निकाल दिए गए है। तीन जोन की टेंडर प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। एक जोन के नालों की सफाई का टेंडर लंबित है। मुख्य सफाई निरीक्षक प्रकाश श्रीवास्तव के अनुसार शहर में छोटे-बड़े 33 नाले और नालियां है। जिन पर पूरे शहर का ड्रेनेज सिस्टम टिका है। बीते साल 19 नाले थे। लेकिन इस साल नालों की संख्या में इजाफा हुआ है।

कुछ नए पक्के और कच्चे नाले बनाए गए है। जिनके बनने से शहर को जलभराव की समस्या से कही हद तक राहत मिल सकेगी। शहर की सफाई व्यवस्था को नगर परिषद द्वारा 4 जोन में बांटा गया है। जिनमें गुलाब बाग, कोठी, शहर और जिरौली जोन शामिल है। इन जोन से गुजरने वाले प्रत्येक नाले की नगर परिषद मानसून से पूर्व सफाई करवाएगा। इन नालों पर बने अतिक्रमणों को नगर परिषद पहले ही जेसीबी से अभियान के तहत ध्वस्त करा चुका है। साथ ही प्राप्त शिकायतों के आधार पर नालों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई जारी है।



**जाने कितनी लागत से किस जोन के कितने नाले होंगे साफ... :** जिरौली जोन से होकर गुजरने वाले 4 नाले लगभग 12 लाख 75 हजार की लागत से साफ होंगे। इसी प्रकार कोठी जोन के 4 नालों की सफाई लगभग 40 लाख की लागत से साफ कराए जाएगें। शहर जोन के 8 नालों की सफाई में लगभग 21 लाख की लागत आएगी। गुलाब बाग जोन के 7 नाले लगभग 27 लाख 20 हजार की लागत से साफ कराए जाएगें।इसके अलावा छोटे नाले की सफाई पर भी धनराशि खर्च की जाएगी। जिनकी टेंडर स्वीकृति नगर परिषद आयुक्त की ओर से जारी कर दी गई है। टेंडर के अंतर्गत साफ होने वाले नालों की सफाई निरीक्षण के लिए नपा एक टीम का गठन भी करेगी।

**पिछले साल हुई थी परेशानी...:** पिछली बार बारिश के मौसम में नालों की सफाई और अतिक्रमण के चलते मौसम में नालों की सफाई और अतिक्रमण के चलते शहर में कई जगह जलभराव के हालात बने थे। कई कॉलोनियां जलमग्न हुईं और लोगों को कई दिन तक घरों में कैद होना पड़ा था। इस बार ऐसी स्थिति न बने इसे लेकर नप ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

**बीते साल 60 लाख की लागत से साफ कराए गए थे 19 नाले..:** नगर परिषद ने बीते साल शहर के मुख्य 19 नालों की सफाई पर लगभग 60 लाख रुपए व्यय किए थे। इसके बावजूद प्रत्येक बारिश के बाद शहर जलभराव की बड़ी समस्या से त्रस्त नजर आया। लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। लोगों ने कई दिन और रात छतों पर रहकर बिताई। नगर परिषद की फैल व्यवस्था के मुद्दे कई बार विधानसभा में भी गूंजे। लोगों ने विधायकों पर समस्या से मुंह मोड़ लेने तक जैसे गंभीर आरोप लगाए और अधिकारियों की अधूरी व्यवस्थाओं को कई बार कठघरे में खड़ा किया। लेकिन अब नगर परिषद बीते साल की अपेक्षा इस साल दोगुनी टेंडर राशि खर्च कर शहर की नालों की शत-प्रतिशत सफाई का दावा कर रही है। जिसकी असल समीक्षा मानसून सीजन में होगी।

### इनका कहना

नालों की सफाई के लिए टेंडर निकाले गए हैं, प्रक्रिया चालू है। हम अपने स्तर से भी नालों को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ साफ करा रहे है। नालों की सफाई के लिए मॉनिटरिंग टीम गठित की जाएगी।

**अशोक शर्मा, आयुक्त नगर परिषद धौलपुर**

## शहर में चोर हुए बेलगाम, दिन दहाड़े किसान के छप्परपोश प्लॉट में चोरी

### एक पखबाड़े में दूसरी वारदात, पीड़ित किसान का आरोप पुलिस करती कार्यवाही तो नहीं होती चोरी,

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में चोरी की वारदाते अब बेलगाम होती नजर आ रही हैं। रात में ही नहीं चोर दिन में भी खाली घरों और मकानों के साथ अन्य स्थानों पर धावा बोल चोरी की वारदात कर रहे हैं। शहर के चेतन नगर में एक ही घर से एक पखवाड़े में चोरी की दो वारदात हुई है। ऐसे मे पीड़ित किसान ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। शहर के दमदमा मोहल्ला निवासी पीड़ित शिवदीश भारद्वाज पुत्र बालमुकुंद भारद्वाज ने बताया कि उनका एक प्लॉट शहर के बाईपास रोड पर चेतन नगर में काली माई मंदिर के पास स्थित है। जिसमें उन्होंने चारदीवारी कर लोगे जाले लगाकर कमरा बना लिया है। उक्त प्लॉट में वे अपने खेतों से आया अनाज और अन्य फसल रखने के साथ अपने पशुओं के लिए लाया चारा और भूसा भी भरते हैं। प्लॉट का ट्रैक्टर और अन्य वाहन भी वही खड़े रहते हैं। उक्त प्लाट में एक पखवाड़े में दो बार चोरी की वारदात हो चुकी है। चोर ताले तोड़कर अंदर घुसे और टंकी में भरे कई मन गेहूं चुरा ले गए। पहली घटना 22 अप्रैल को हुई। जिसकी रिपोर्ट 27 अप्रैल को उन्होंने कोतवाली थाने में दी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में चोरों के हौंसले बुलंद हो गए। उन्होंने रविवार को फिर से चोरी की वारदात दिन दहाड़े की है। चोर टंकी में भरे गेहूं के साथ ट्रैक्टर के लिंक और अन्य सामान को चुरा कर ले गए हैं। जिसकी रिपोर्ट भी कोतवाली थाने में दी गई है। पीड़ित शिवदीश भारद्वाज का आरोप यदि पुलिस ने पूर्व में हुई चोरी को लेकर सख्त कार्रवाई की होती तो उनकी फिर से आज चोरी नहीं होती। अब तक चोरी की घटना में चार बोरी गेहूं 22 तारीख को 7 बोरी गेहूं आज चोरी हो चुका है।

## एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा-2025 का हुआ सफल आयोजन

## जिला कलक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, लिया व्यवस्थाओं का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट परीक्षा-2025 का आयोजन रविवार 4 मई को जिले के 18 परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहरोड़ एवं बानसूर रोड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।जिला कलक्टर ने केंद्र प्रभारियों एवं संबंधितों से चर्चा कर परीक्षा की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा समय पर प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी और अनुशासित ढंग से संचालित हो।

### 5086 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

परीक्षा में 18 केंद्रों (बानसूर ब्लॉक- 4, बहरोड़-2, कोटपूतली-9, पावटा-3) पर कुल 5328 परीक्षार्थियों (बानसूर-960, बहरोड़-528, कोटपूताली- 2712, पावटा-1128) को परीक्षा में उपस्थित होना था, जिनमें से 5086 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 242 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में जिले में कुल 95.46% परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज की गई।

## बाड़ी में सड़क पर पड़ी गिट्टी से फिसली बाइक : पिता-पुत्र घायल, बहन के घर मिलने जा रहे थे, धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी के हाईवे 11 बी पर तालाबशाही मोड़ के पास आज सुबह 11 बजे सड़क पर गिरी गिट्टी से बाइक फिसल गई। हादसे में पिता-पुत्र घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में धौलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार-आंगई थाना क्षेत्र के टोडपुरा गांव निवासी बृजमोहन कुशवाहा अपने 6 वर्षीय बेटे मोनू के साथ बाइक से हुसैनपुर जा रहे थे। तालाबशाही मोड़ पर सड़क पर पड़ी गिट्टी से बाइक फिसल गई। दुर्घटना में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर घसीटती चली गई। हादसे में पिता-पुत्र दोनों घायल हो गए। ऐसे में आसपास के लोगों ने मदद कर दोनों को मौके से उठाया और बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के बाद बृजमोहन की हालत अधिक गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना की सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# नव ग्रापं तोर दानियाल में मुस्तफाबाद को जोड़ने का ग्रामीणों ने किया विरोध



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** नवसृजित ग्राम पंचायत तोर दानियाल में मुस्तफाबाद को शामिल किए जाने पर ग्रामीणों धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी पूर्व की ग्राम पंचायत दूबरा जो, कि उनके गांव से पास है और मतदान केंद्र भी पास ही पड़ता है, जबकि नवसृजित ग्राम पंचायत तोर दानियाल उनके गांव से दूर है। ग्रामीणों ने कहा कि राजनीतिक द्वेशता के कारण उनके गांव को दूबरा ग्राम पंचायत से हटाकर तोर दानियाल में जोड़ दिया है। उन्होने मुस्तफाबाद गांव को दूबरा में ही यथावत रखे जाने की मांग की है।

उन्होने बताया कि तोर दानियाल से सरकन खेड़ा नजदीक है, उसके बाद भी उस गांव को दूबरा ग्राम पंचायत में जोड़ दिया गया है। इसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए हड़ताल पर बैठक गए। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव से दूबरा ग्राम पंचायत नजदीक है जबकि तोर दनियाल की दूरी अधिक है ऐसे में सरकारी योजनाओं को लाभ लेने के लिए उन्हें दूर दराज तक भटकना पड़ेगा ग्रामीणों की मांग है कि उनकी ग्राम पंचायत दूबरा को यथावत रखा जाए नहीं तो उनकी हड़ताल आगे भी जारी रहेगी। बता दें कि बीते दिनों तोर दानियाल गांव के ग्रामीणों ने भी ग्राम पंचायत तोर दानियाल से मुस्तफाबाद को हटा कर सरकन खेड़ा को तोर ग्राम पंचायत में जोड़ने की मांग करते हुए जिला कलेक्टर और उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपा था। जिसमें में भी मुस्तफाबाद की दूरी तोर दानियाल ग्राम पंचायत से अधिक बताई थी।

## वन्दे मातरम् कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम रामसिंहपुरा के श्री हरिहर आश्रम ब्रह्मलीन बाबा घनश्याम दास महाराज की तपोस्थली महन्त सर्वज्ञ मुनी महाराज के सानिध्य में वन्दे मातरम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के देश भक्ति गीत के द्वारा श्रोताओं को भाव विभोर किया गया। कार्यक्रम में पहलगाम में 22 अप्रैल की जो घटना पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा सुनियोजित तरीके से 26 भारतीय लोगों के ऊपर अंधा धुंध गोलियां धर्म पुछकर चलाई गई उसकी कड़े शब्दों में निन्दा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा भारत माता के जय घोष, इंकलाब जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से की गई। पं सतीश शर्मा ने कहा कि जो भारतीय सेना से टकरायेगा वो चूर चूर हो जायेगा। कलाकार लक्ष्मी नारायण गिराटी ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुति दी। बाल कलाकार बिल्लु कसाणा ने देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगों, माई रंग दे बसंती चोला जैसे विभिन्न देश भक्ति गीतों की प्रस्तुती दी। इस दौरान ख्यालीराम कसाणा, भोलाराम कसाणा, धर्मवीर, सरजीत, शुभम शर्मा, रोहिताश, रामसिंह, सुन्दर सिंह अध्यापक, पप्पूराम समेत अन्य मौजूद रहे।

## बाडी 1500 किलोमीटर का सफर तय कर अपना घर आश्रम बाड़ी से लेने पहुंचा परिवार

### पांच माह से लापता झारखंड के शीतल को मिले परिजन, आश्रम का जताया आभार



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के शीतल हुरत जो काम करने के सिलसिले में मुंबई गए थे वहां से लापता हो गए थे अपना घर के आश्रम प्रभारी राजकुमार गर्ग ने बताया कि यह प्रभुजी दिनांक 11 अप्रैल2025 को मानसिक अस्वस्थ एवं लावारिस स्थिति में अपना घर सेवा समिति जगनेर की सूचना पर अपना घर की एंबुलेंस द्वारा सेवा उपचार हेतु आश्रम में भर्ती किए गए थे । दिनांक 3 मई- 2025 को इनके अपना घर आश्रम बाड़ी में होने की सूचना मिलने पर 1500 किलोमीटर दूर झारखंड से उनके जीजा सोमनाथ और महेश ओहदार परिवारीजन अपना घर आश्रम आए द्व इन्हे स्वस्थ स्थिति में देखकर खुशी से आंसू झलक गए और इन्हें सुरक्षित पाकर आश्रम का आभार जताया ।

इस दौरान राजकुमार गर्ग कार्यालय प्रभारी,नितेश प्रजापति, राकेश कुमार अमन बघेल, भगवान दास, नरेश मनीष , अग्रसेन, दीपक इत्यादि सेवा साथी मौजूद रहे ।

**अब तक 127लोगों का पुनर्वास करवा चुका है आश्रम :** अपना घर के संरक्षक एवं अध्यक्ष सुनील गर्ग कंपनी परिवार ने बताया कि आश्रम से अब तक 127लोगों का पुनर्वास करवाया चुका है वर्तमान में आश्रम में 19 महिलाएं एवं 127 पुरुष कुल मिलाकर 146 प्रभुजी निवासरत हैं

# श्रीमद् भागवत कथा का समापन, विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। कथा वाचक व्यास सुदामा दास महाराज द्वारा श्रीकृष्ण सुदामा मिलन की कथा सुनाई गई। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लाभ भी बतायें। मंदिर कमेटी सदस्यों ने व्यास सुदामा दास महाराज, रामबचन दास महाराज, सीताराम दास महाराज, पं. बजरंग लाल शर्मा समेत अनेक साधु-संतों का सम्मान किया। इस मौके पर विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रभात फेरी लक्ष्मी नगर द्वारा 01 लाख 31 हजार रूपये की राशि भेंट की गई। जिनका मंदिर पुजारी रामबच्चन दास महाराज, मक्खनदास महाराज, सीताराम दास महाराज आदि द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान 251 साधु संतों समेत रामविलास सिंघल, कमल जांगिड़, अनिल जांगिड़, रोहिताश सैनी (उपाध्यक्ष) अरुण गर्ग,सुनीता सैनी (जिलाध्यक्ष)विजय आनंद भारद्वाज, पप्पू कुमावत, सुरेश सैनी, सुरेंद्र सैनी, सतीश यादव, जगदीश मीणा, जगदीश सैनी, दौलत महात्मा, वेदप्रकाश सैन, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, जितेंद्र पत्रकार,बिल्लूराम सैनी पत्रकार,रामकुमार सैनी (रसनाली)रसनाली कि टीम,सुभाष जमालपुरिया, रतिराम सैनी,पूर्व सरपंच शिंभूदयाल गर्ग,सुरेश सैनी,हीरालाल सैनी,सुभाष आदि मौजूद रहे।

# धौलपुर में न्यायालयों के लोक अभियोजकों में बदलाव

### एडीजे कोर्ट के मुकेश सिकरवार और एससी-एसटी कोर्ट के शैलेंद्र मथुरिया को मिली नई जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**धौसपुर।** राजस्थान सरकार ने धौलपुर में न्यायालयों के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। सरकार ने 2 मई 2025 को जारी आदेश में कई लोक अभियोजकों को कार्यमुक्त कर नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिला एवं सेशन न्यायालय के लोक अभियोजक सुजीत लेहचोरिया को कार्यमुक्त किया गया है। उनकी जगह एससी-एसटी कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक शैलेंद्र सिंह मथुरिया को नियुक्त किया गया है। विशिष्ट न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र के विशिष्ट लोक अभियोजक पुरुषोत्तम परमार की जगह एडीजे कोर्ट के एपीपी एवं राजकीय अभिभाषक मुकेश सिकरवार को नियुक्त किया गया है। यह बदलाव राजस्थान के अजमेर, धौलपुर, झालावाड़ और सवाई माधोपुर के विभिन्न न्यायालयों में किए गए हैं। नए नियुक्त अधिकारी अब राज्य सरकार की ओर से न्यायालयों में पैरवी करेंगे।





## न्यायालय परिसर में डिस्पोजल, प्लास्टिक कप प्लेट पर पूर्णतः प्रतिबंध

## डिस्पोजल, प्लास्टिक कप प्लेट में चाय वितरण करने पर वसूला जायेगा जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला अभिभाषक संघ द्वारा न्यायालय परिसर में डिस्पोजल व प्लास्टिक कप, प्लेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. उदय सिंह तंवर ने बताया कि प्लास्टिक, कागज के डिस्पोजल कप मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक व कैंसरकारक है। उन्होंने समस्त अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों के स्वास्थ्य को देखते हुये चाय सप्लायर्स जो न्यायालय परिसर में चाय उपलब्ध करवाते है से अपील कि है कि चाय मिट्टी के सकोरो व कांच के कप में उपलब्ध करवायें, अन्यथा डिस्पोजल, प्लास्टिक कप प्लेट में चाय वितरण करने पर 1100 रूपये का जुर्माना वसूला जायेगा एवं उल्लंघन किये जाने पर कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।

## बहरोड़ के महाराजावास में पेड़ की होगी कटाई, 5 घंटे का रहेगा पावर कट, 4 गांवों की बिजली सप्लाई रहेगी प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

बहरोड़ (नि.स.)। बहरोड़ के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को 5 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। डिस्कॉम के एचटीएम जेईएन अंजली रावत ने इसकी जानकारी दी। महाराजावास 33 केवी पावर हाउस पर पेड़ कटाई का कार्य किया जाएगा। इस दौरान 132 जीएसएस जखराना से निकलने वाली 33 केवी जीएसएस महाराजावास लाइन पर बिजली आपूर्ति सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी। इस कटौती से महाराजावास, बिजोरावास, गोलावास और सांगली गांव प्रभावित होंगे। निवासियों से इस असुविधा के लिए सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## मुनि शिवानन्दी एवं प्रशमानन्दी महाराज का हुआ मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि शिवानन्दी महाराज एवं मुनि प्रशमानन्दी महाराज का निवाई शहर में गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। जैन धर्म प्रचारक सुनिल भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि जैन आचार्य वसुनंदी महाराज के शिष्य जैन मुनि शिवानन्दी महाराज एवं मुनि प्रशमानन्दी महाराज पीपलू से रजवास होते हुए रविवार को निवाई पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुनिश्री टोंक रोड होते हुए वैयरहाऊस, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल व भगवान महावीर मार्ग होते हुए श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मन्दिर पहुंचे जहां समाज एवं कमेटी के लोगों द्वारा पाद प्रक्षालन करके एवं आरती उतारकर अगुवानी की। इस दौरान जैन मुनियों ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर धर्म सभा को संबोधित किए।

## सोशल मिडिया पर धार्मिक उन्माद फैलाने वाले तत्वों पर कार्यवाही, पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफतार

## भडकाऊ पोस्ट डालने पर पुलिस को दे सूचना : एस पी

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** गत दिनों झालावाड़ के डग कस्बे हुए हत्या कांड के मामले को लेकर असामाजिक तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया पर उत्तेजक व आपत्ति जनक पोस्ट वायरल करने वाले व्यक्तियो पर पुलिस निगरानी रख रही है। पुलिस अधीक्षक रिचा तोमर ने बताया सोशल मीडिया पर भड़काऊ, आपत्ति जनक पोस्ट डालने वालों पर निगरानी करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरवी लाल मीणा वृताधिकारी गंगधार जय प्रकाश अटल के निर्देशन में थानाधिकारी उन्हेल के नेतृत्व में टिम का गठन कर सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही थी।पुलिस अधीक्षक ने बताया उक्त टिम द्वारा सोशल मीडिया पर ग़लत टिप्पणी करने पर रविवार को दिवान सिह पुत्र दरबार सिंह निवासी रामपुरा धारा 126/ 170 बी एन एस एस की धारा के तहत गिरफ्तार किया है। साथ पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील है कि कस्बा डग में हुई घटना को लेकर किसी प्रकार से भड़काऊ , आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर नहीं डाले ।और कोई इस प्रकार आपत्ति जनक पोस्ट शेयर करता है उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई ऐसे व्यक्ति की पुलिस दे या शिकायत दर्ज करवायें ।सोशल मीडिया निरन्तर निगरानी जारी है।

## नीट परीक्षा में हेल्प डेस्क बनाकर स्काउट गाइड बने मददगार

### पूर्व शिक्षा उपनिदेशक जोशी ने स्वयं संभाला सेवा का मोर्चा पेयजल व परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में की मदद

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा रविवार को निर्धारित केन्द्रों पर जिला मुख्यालय पर संपन्न हुई । राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड स्थानीय संघ बूंदी के द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित कर बाहर से आने वाले विभिन्न परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो एवं पेयजल की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसके लिए परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय पर बस स्टैण्ड तथा मुख्य चौराहों पर सेवाएं प्रदान की गई। टास्क फोर्स के रूप में रोवर दल अतिआवश्यकता होने पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में मदद के लिए स्वयं के दुपहिया वाहन के साथ भी दिनभर सेवा में तैनात रहे। संगठन के संयुक्त सचिव डॉ सर्वेश तिवारी ने बताया कि स्थानीय संघ द्वारा स्थापित हेल्प डेस्क का नेतृत्व संगठन के सचिव स्वयं पूर्व शिक्षा उपनिदेशक सतीश कुमार जोशी ने किया, वे स्वयं धूप में खड़े होकर परीक्षार्थियों की समस्याओं का निदान करते देखे गए। उनके साथ यूनिट लीडर हंसराज चौधरी एवं जसपाल सिंह गिल ने सुबह से ही मोर्चा संभाला। हेल्प डेस्क के रूप में अलग अलग स्थानों पर राजकीय कन्या महाविद्यालय की रेंजर अंतिमा गुर्जर , मदन मोहन मालवीय स्वतंत्र रोवर क्रू के रोवर स्काउट दीपक गौड व नीतीश चौबदार के निर्देशन में स्काउट गाइड रोवर रेंजर दल ने परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र की जानकारी , वहां तक पहुंचाने के लिए रास्ता व उपलब्ध वहां सुविधाओं, शीतल पेयजल व्यवस्था आदि का मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं दूसरी ओर मृदुल अग्रज सेवा दल सदस्यों द्वारा बस स्टैंड पर गर्मी को देखते हुए पर्याप्त शीतल जल की सेवा प्रदान की गई। इस हेतु पर्याप्त समन्वय व सेवा हेतु स्थानीय संघ कार्यालय पर नियंत्रण कक्ष भी कार्यरत रहा।

## शंभूपुरा में आया मगरमच्छ, किया रेस्क्यू

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** टीमवर्क और साहस के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में चित्तौड़गढ़ के शंभूपुरा कस्बे के बाहरी इलाके से 5 फीट लंबे और लगभग 30 किलोग्राम वजन वाले मगरमच्छ को सफलतापूर्वक बचाया गया। तीन से चार साल के इस मगरमच्छ को स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास देखा, जो सैर के लिए निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मगरमच्छ को देखकर निवासियों में हड़कंप मच गया, उनमें से कई लोग इस जीव को देखकर डर के मारे भाग गए। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, चिंतित ग्रामीणों के एक समूह ने तुरंत मनीष तिवारी से संपर्क किया, जो एक वन्यजीव बचावकर्ता हैं और ऐसी नाजुक स्थितियों से निपटने में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं। बचाव अभियान में तिवारी के साथ मुबारिक खान, राजस्थान ग्रामीण बैंक के कर्मचारी पीयूष कांबले, राहुल वानखेड़े, कुलदीप शर्मा एवं समर्पित टीम भी शामिल थी। टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, स्थिति का आकलन किया और मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ने की योजना बनाई, ताकि जानवर या लोगों को कोई नुकसान न पहुंचे। धैर्य और सटीकता के साथ, बचाव दल मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू करने में कामयाब रहे । सफल रेस्क्यू के बाद टीम ने मगरमच्छ को बस्सी वन्यजीव अभयारण्य में पहुँचाया, जहाँ उसे वन विभाग की देखरेख में उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ दिया गया। मनीष तिवारी ने सफल ऑपरेशन पर राहत व्यक्त की एवं वन्यजीव संरक्षण के महत्व और समाज द्वारा वन्यजीवों को समझने और उनका सम्मान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, जानवर और इंसान दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वन्यजीवों के बारे में जानकारी होने से भविष्य में दोनों की मुठभेड़ को रोकने में मदद कर मिलती है। शंभूपुरा के ग्रामीणों ने रेस्क्यू दल की त्वरित कार्रवाई और पेशेवर रवैये के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# गिव अप जागरूकता वाहन ने गंगधार उपखंड में किया भ्रमण

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** जिम्मेदार झालावाड़ करे पुकार नवाचार के अंतर्गत गिव अप अभियान 2025 के अंतर्गत राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के निर्देशन में जागरूकता वाहन गंगधार उपखंड के डग, चौमहला, गंगधार एवं इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचा। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्रता की पुन: समीक्षा करते हुए सक्षम अपात्र परिवारों को योजना से स्वेच्छा से बाहर होने के लिए प्रेरित करना है।

यह अभियान सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल है ,जिससे सही ,व पात्र लाभार्थियों तक योजना की पहुच सुनिश्चित की जा रही है। जागरूकता वाहन ने ग्रामीणों को 'गौरव से कहो — मैं सक्षम हूँ, मैं सहयोग करूँ हूँ' जैसे सशक्त नारों के माध्यम से प्रेरित किया। गांव-गांव में पंपलेट वितरण, माइक प्रचार तथा जनसंवाद के माध्यम से यह समझाया गया कि आयकरदाता, सरकारी कर्मचारी, चारपहिया वाहन धारक (ट्रैक्टर और एक वाणिज्यिक वाहन जीविकापार्जन के लिए को छोड़कर), बड़े कृषि भूमि धारक, और उच्च आय वाले परिवार स्वेच्छा से अपने नाम योजना से हटाकर वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों को लाभ दिलाने में सहयोग करें। और भविष्य में होने वाली रिकवरी राशि और कानूनी कार्यवाही से बचे। गांव व स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की और कई लोगों ने स्वेच्छा से अपने नाम योजना से हटाने का संकल्प लिया। यह वाहन आगामी दिनों में अन्य ब्लॉकों एवं पंचायतों में भी पहुंचकर इसी प्रकार की जन-जागरूकता फैलाएगा। इस अवसर पर प्रवर्तन अधिकारी गोविंद देथा, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी एवं उचित मूल्य दुकानों के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मेहफावत और किशन जयनारायण मोदी, जगदीश भावसार पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, कृष्णकांत अग्रवाल, कालू खान, महेश गौड, गजा मोदी, मदन, फरीदा बी ओर अन्य उपस्थित रहे।

# नागेश्वर तीर्थ में हुआ वार्षिक ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के उन्हैल मै प्रसिद्ध श्री नागेश्वर पाश्वनाथ तीर्थ में मूलनायक श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ भगवान सहीत समस्त जिनालयों का वार्षिक ध्वजारोहण परम पूज्य आचार्य जिनसुंदरसूरी म.सा. सहीत खरगच्छीय परम पूज्य साध्वी चन्दनबालाश्रीजी एवं आचार्य जयंतसेनसूरी के समुदाय के साध्वी सुपार्श्वनिधिश्री एवं आगमोद्धारक श्री के समुदाय के साध्वी जिनकीर्तिश्रीजी म.सा. आदि ठाणा की निश्रा में सानंद संपन्न हुआ। इस दौरान स्नात्र पुजन एवं सत्तरभेदी पुजन भी पढाई गई, ज्ञात हो कि कार्यक्रम के एक दिन पुर्व शनिवार को भगवान के 18 अभिषेक भी आयोजित हुए जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़चढ़ कर लाभ लिया। प्रतिवर्ष की भॉति मूलनायक भगवान की ध्वजा कायमी आदेष अनुसार मुकेषकुमार अजयराज राठौर परिवार, मुम्बई द्वारा चढाई गई। मंदिर परिसर में स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ, जीरावला पार्श्वनाथ पद्मावतिमाता, एवं अभयसागर गुरूमंदिर की ध्वजा क्रमशः महेशभाई गॉधी, धरमेश मेहता, अनोखीलाल नाहर एवं सीताबाई दीपचंद जैन परिवार द्वारा चढाई गई। चोविस तीर्थकरों की ध्वजाएॅ अंकुर मेहता, दीपक दोसी, प्रफुलभाई, प्रकाश शाह, नरपतभाई आदि ने चढाई। कार्यक्रम के पश्चात दोपहर में राठौर परिवार की ओर से साधर्मिक वात्सलय तथा मंदिरजी में पार्श्वनाथ पंच कल्याणक पूजन एवं अंगरचना भी की गई। स्थानीय श्रीसंघ सहीत चौमहला, आलोट, रतलाम आदि नगरों से आऐ सैकडो श्रावक श्राविकाए एवं तीर्थ पेढी उपाध्यक्ष महैशभाई गॉधी, सचिव धर्मचंद जैन, कोषाध्यक्ष प्रसन्न लोढा एंव ट्रस्टी मोहनलाल कांसवा, गौतमचंद धींग, प्रकाश जैन (बडनगर वाला), हरेशभाई शाह एवं दिलीप डांगी आदि उपस्थित थे। ध्वजाओं को लेकर निकाला वरघोड़ा ध्वजारोहण के पूर्व श्रावक श्राविकाओं ने सभी ध्वजाएॅ अपने मस्तक पर लेकर बैण्ड बाजों के साथ वरघोडा निकाला, तत्पशचात मंदिर की तीन प्रदक्षिणा देकर ध्वजाएॅ चढाई गई।

## नगर पालिका कपासन के अतिक्रमण दल ने कार्यवाही कर अवैध निर्माण कार्य रुकवाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के बालारड़ा मार्ग स्थित अंसारी समाज के सामुदायिक भवन पर अवैध द्वार खोले जाने की सूचना पर नगर पालिका कपासन द्वारा कार्यवाही करते हुए निर्माण कार्य को रुकवाया गया।साथ ही सामुदायिक भवन पर लगाये जा रहे अवैध द्वार को नपा प्रशासन द्वारा जब्त किया गया।

नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने की बिना स्वीकृति कुछ लोगों ने रविवार सुबह दीवार तोड़कर नया दरवाजा लगाने का कार्य आरम्भ कर दिया था। जिसकी सूचना पर जमादार को मौके पर भेजकर काम रुकवाने एवं सोमवार को सक्षम अधिकारी के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया।

इसके बाद भी लगातार अवैध द्वार का निर्माण कार्य जारी रखा गया। जिसमे तोड़ी गई दीवार पर त्वरित नवीन द्वार लगा दिया। जिस पर कार्यवाही करते हुए नगर पालिका के अतिक्रमण दल द्वारा सहायक उपनिरीक्षक श्यामलाल, पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र गुर्जर सहित पुलिस जाप्ते की उपस्थिति में नवीन अवैध द्वार जब्त किया गया साथ ही मौके पर उपस्थित लोगों को निर्माण कार्य बंद करने तथा तोड़ी गई दीवार को बंद करने के निर्देश दिए गए।

## स्वर्गीय समाजसेवी अध्यापिका की स्मृति में पार्वती जल मंदिर का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर के विकास नगर स्थित बालिका स्कूल के सामने स्वर्गीय समाजसेवी अध्यापिका पार्वती सोनी की स्मृति में पार्वती जल मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरि मोहन शर्मा थे। स्वर्गीय सोनी के परिजन राधा वल्लभ सोनी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी मेहुल सोनी ने अतिथियों का माल्यार्पण और साफा बांधवाकर स्वागत किया। विधायक शर्मा ने कहा कि जल सेवा करना एक पुण्य का कार्य है यह हर किसी व्यक्ति को करना चाहिए। बेशाख माह में यह कार्य किया जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं उन्हें जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा और क्षेत्र में विकास के कार्य करवाए जाएंगे। जल मंदिर से स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों राहगिरो को शीतल जल की सुविधा मिलेगी। इस दौरान पद्माकर पाठक, बालमुकुंद शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, विमल जैन, वीर कुमार जैन, छोटेलाल शर्मा, सुखदेव शर्मा, भंवर झवर, जगदीश मंत्री, द्वारका प्रसाद काबरा, शाकिर हुसैन, रमेश सोमानी, द्वारका माहेश्वरी, यूथ क्लब अध्यक्ष हिमांशु जैन, योगेंद्र जैन, अमित निंबार्क, आशीष भंडारी, नारायण झवर, पवन सोमानी, आशुतोष गुप्ता, काली राजानी, कुलदीप हाड़ा, ललित लाहोटी, कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी, मदन सिंह, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बनेड़ा में ट्रेवल्स बस बेकाबू होकर पलटी, कई यात्री घायल

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/बनेड़ा ( अमित शर्मा )।** शनिवार रात भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र में एक ट्रेवल्स बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। शमा ट्रेवल्स की यह बस टोंक से अहमदाबाद जा रही थी, जब बनेड़ा घाटी में एक पेट्रोल पंप के सामने वह बेकाबू होकर पलट गई। हादसा रात करीब 10:15 बजे हुआ। दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। यात्रियों में से अधिकांश सोए हुए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से बनेड़ा चिकित्सालय भेजा गया, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में अशफाक अहमद (मांडलगढ़), अक्सानुर पुत्र शाहिद हुसैन (जहाजपुर), कासिम पुत्र निसार (अहमदाबाद), अजमल पुत्र अब्दुल हमीद (निवाई), मेहरुन्निसा पत्नी स्माइल (अहमदाबाद), इस्माइल पुत्र मंजूर पठान (अहमदाबाद), और आलिया पत्नी सलमान पठान शामिल हैं। हादसे के बाद भीलवाड़ा-शाहपुरा मार्ग पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही बनेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हाइड्रोलिक क्रेन की सहायता से बस को खाई से बाहर निकाला गया और रास्ता साफ कराया गया। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अरनियापथ एपीएल 5 क्रिकेट श्रृंखला का अग्रवाल ने किया उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** अरनियापंथ गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के अवसर पर एपीएल 5 क्रिकेट मैच रॉयल टाइगर केसरपुरा व छावा टीम के मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय मानवधिकार के जिला अध्यक्ष व भाजपा नेता राजू अग्रवाल शंभूपुरा ने किया मीडिया संयोजक कमलेश डांगी मायरा ने बताया कि मैच टीम की अध्यक्षता दिलखुश जाट व राजेश मराठा रवि कल के सानिध्य में दोनों टीमें के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके राष्ट्रगान के साथ शुरुआत की युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुकेश जाट ने कहा कि रॉयल टाइगर केसरपुरा व छावा टीम के बीच क्रिकेट खेला गया रॉयल टाइगर टीम विजेता रही कमलेश डांगी ने कहा की मुख्य अतिथि राजू अग्रवाल की ओर से श्री राम टीम सामरी के बेस्ट बल्लेबाज लोकेश गुर्जर बामनिया को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय कार्य समिति की मिटींग मे भाग लेने राष्ट्रपति भवन जायेंगे मून्दड़ा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** दिल्ली मे 13 मई को आयोजित होने वाली इन्डियन रेडक्रास सोसाइटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मिटींग मे राजस्थान रेडक्रास के कोषाध्यक्ष रमेश मून्दड़ा को आमंत्रित किया है। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस मिटींग मे देश के सभी राज्यपाल महोदय के साथ केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ सभी राज्यों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा देश मे सर्वोत्तम कार्य करने वाले पदाधिकारियों के साथ देश मे अच्छा कार्य करने वाली रेडक्रास को भी सम्मानित किया जायेगा। रेडक्रास सोसाइटी की राष्ट्रीय मिटींग का इस समय आयोजित होना देश में उसकी उपयोगिता को समझा जा सकता है।

## नीट (यूजी) परीक्षा-2025 हुई संपन्न

बढ़ता राजस्थान

बूँदी । राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए), नई दिल्ली की ओर से आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा-2025 जिला मुख्यालय पर 4 मई को दोपहर 2 .00 बजे से सायं 5 .00 बजे तक आयोजित हुई जिसमें जिले में कुल 06 परीक्षा केंद्र थें। जिले में कुल 2568 परीक्षार्थी पंजीकृत थें जिसमें 2510 उपस्थित एवं 58 अनुपस्थित रहें। उपस्थिति का प्रतिशत 97 .74 रहा। परीक्षा नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में परीक्षा सुचारू एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु प्रत्येक केन्द्र पर 01 केन्द्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से फिक्सिंग एवं बायोमेट्रिक भी हुई। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा के दौरान प्रत्येक केंद्र पर एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं एक पुलिस नोडल अधिकारी निरीक्षण हेतु नियुक्त किये गए।

# श्रीनाथ आश्रम करवा खेड़ी में भव्य आध्यात्मिक अनुष्ठान 28 से 31 मई तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य समारोह में आमन्त्रित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** मध्य प्रदेश के आलोट तहसील के ताल शहर के निकट करवा खेड़ी में स्थित श्रीनाथ आश्रम में 28 से 31 मई तक भव्य आध्यात्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में गुरु गोरखनाथ जी, पवन पुत्र हनुमान जी, श्री भैरवनाथ जी, आदि की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 31 मई को मुख्य समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहे हैं जिनके आगमन की संभावना है। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत पीर योगी शेरनाथ महाराज (मठ गरीब नाथ, पिहोवा हरियाणा) करेंगे। करवा खेड़ी श्रीनाथ आश्रम पर महंत श्री योगी प्रकाशनाथ के सानिध्य में गुरु भक्तों द्वारा आयोजन की बृहद स्तरीय तैयारीयां की जा रही है। गुरु भक्तों सहित आसपास एवं निकटवर्ती राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित सुदूरवर्ती क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सहयोग मिल रहा है, वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की स्वीकृतियां भी प्राप्त हो रही है । कार्यक्रम के सम्बंध में श्री नाथ आश्रम में भव्य मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा व विशाल भंडारा के कार्यक्रम की रूप रेखा की योजना पर बैठक में चर्चा की गई। जिसमें आश्रम के महंत श्री योगी प्रकाश नाथ, महंत योगी शोभा नाथ, मुकेश परमार ताल, आलोट से एडवोकेट विनोद माली, आलोट महिला मंडल, भवानी मंडी से अमरलाल, बलवंत गुजर, घनश्याम भट, व आश्रम से जुड़े भक्तों की उपस्थिति में बैठक में चर्चा की गई। 31 मई को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व मुख्य समारोह होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत पीर योगी शेरनाथ महाराज (मठ गरीब नाथ, पिहोवा हरियाणा) करेंगे। आयोजन में मुख्यमंत्री द्वय डॉ. यादव एवं योगी जी को आमंत्रित करने के साथ ही उनकी स्वीकृति प्रतीक्षित है।



## नशे के विरुद्ध सुनेल पुलिस की कार्यवाही पौने दो किलो अफिम डोडा चूरा के साथ एक गिरफ्तार, कंटेनर भी किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (नि .स .)। पुलिस अधीक्षक रिचा तोमर द्वारा जिले भर में नशे व आपराधिक गतिविधियों की रोक थाम के लिए चलाएं जा रहे अभियान के तहत सुनेल पुलिस ने नशे की बड़ी खेप को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया की सुनेल पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान में सलोतिया गांव से आगे पाऊ खेड़ी नहर के पास लालू खेड़ी नलखेडा जिला आगर मध्यप्रदेश निवासी सलाम शाह पुत्र सलीम शाह के कब्जे से एक सौ पिचहतर किलो अवेध मादक पदार्थ अफिम डोडा चुरा बरामद किया गया है साथ ही तस्करी के लिए उपयोग में लिए गये कंटेनर संख्या आर जे 32 जी ए 0553 को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के कब्जे बरामद मादक पदार्थ की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित लागत करीब सत्ताईस लाख रुपए है तथा बरामद कंटेनर की किमत पचास लाख रूपये के आसपास है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ के सम्बन्ध में पुलिस अनुसंधान कर रही है तथा यह जानकारी में जुटी है आरोपी मादक पदार्थ कहा से खरीदी कर कहा और किसके लिए लेंजा जा रहा था।

# नवाचार लाया रंग : आर के जिला चिकित्सालय में आज से मरीजों को सीधे मोबाइल पर मिलेगी ब्लड जांच रिपोर्ट

## कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रयास लाए रंग, पांच महीनों से टीम कर रही थी मेहनत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रशासन का एक और नवाचार सफल हुआ है जिसके अब भविष्य में हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। राजसमंद का आर के जिला चिकित्सालय प्रदेश में जिला चिकित्सालय श्रेणी में सीधे मोबाइल पर जांच रिपोर्ट भेजते हुए अपनी एक अलग पहचान स्थापित करने जा रहा है।जिले के आर के जिला चिकित्सालय में एक अत्यंत सराहनीय और जनोपयोगी पहल की शुरुआत सोमवार 5 मई से होने जा रही है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के मार्गदर्शन में अब मरीजों को उनकी ब्लड जांच रिपोर्ट अस्पताल आने की आवश्यकता बिना, सीधे उनके मोबाइल फोन पर प्राप्त हो सकेगी। यह सुविधा सोमवार से जिले के आमजन के लिए औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी और सभी इसका लाभ ले पाएंगे। इस प्रणाली को शुरू करने की दिशा में पिछले पाँच महीनों से कलक्टर के निर्देश पर पीएमओ की टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे थे। जिला कलक्टर असावा ने पदभार ग्रहण करते ही




इस योजना को प्राथमिकता देते हुए पीएमओ डॉ. रमेश रजक और उनकी टीम को निर्देशित किया था कि आर. जिला चिकित्सालय में मरीजों को डिजिटल माध्यम से रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से रिपोर्ट लेने के लिए बार-बार अस्पताल के चक्कर न लगाने पड़ें। पीएमओ डॉ. रमेश रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा तकनीकी रूप से काफी जटिल थी। शुरुआत में आईएचएमएस सॉफ्टवेयर के साथ रिपोर्ट को मोबाइल पर भेजने के कई प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके अतिरिक्त, रिपोर्टिंग मशीनों को कंप्यूटर से जोड़ने में भी कई तकनीकी समस्याएं आईं। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों मरीजों के लिए क्यूआर कोड जनरेट कर रिपोर्ट को सुरक्षित और सुलभ रूप से भेजा जाए। इसके लिए मिशन सहभागिता के तहत भामाशाह के सहयोग से नई जांच मशीन डोनेट हुई जो सॉफ्टवेयर से कनेक्ट हो सकी। जिला कलेक्टर के निर्देशन और तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता से इन सभी समस्याओं का समाधान किया गया। अंततः पाँच महीने की कड़ी मेहनत के बाद यह सुविधा पूर्णतः तैयार हो गई और सोमवार से शुरू की जा रही है।

**इस तरह मिलेगी मोबाइल पर रिपोर्ट :** सोमवार से लागू इस नई प्रणाली के तहत जब मरीज चिकित्सक से परामर्श के बाद जांच करवाने की पर्ची बनवाता है, तो उस पर्ची पर एक यूनिक क्यूआर कोड दिया जाएगा। सैंपल देने के बाद मरीज अपने मोबाइल फोन से इस क्यूआर कोड को स्कैन कर जांच रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर देख सकेगा। यदि किसी कारणवश हार्ड कॉपी आवश्यक हो, तो वह अस्पताल से भी रिपोर्ट प्राप्त कर सकेगा। यह तकनीकी नवाचार विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, विकलांगों और गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। पहले इन मरीजों को रिपोर्ट के लिए कई बार अस्पताल आना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें यह सेवा घर बैठे मिल जाएगी।



# संकट मोचन एवं मंशापूर्ण धाम ग्राम कादोलाई में हुआ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत केरोट के ग्राम कादलाई में परंपरागत हिंदू रीति - रिवाज व कलश और मंत्र उच्चारण कर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ तीन दिवसीय आयोजन समापन हुआ। पुजारी रामगोपाल वैष्णव कैरोट ने बताया कि महंत श्री श्री शंकर दास जी महाराज आश्रम धानेश्वर के पीठाधीश के सानिध्य समापन हुआ। इस दौरान आयोजन कार्यक्रम के तहत संगीत में सुंदरकांड पाठ वह अखंड रामायण पाठ और दूसरे दिन रात्रि जागरण, भजन संध्या का आयोजन हुआ। आयोजन कार्यक्रम तीनों दिन यज्ञ हवन मैं जोड़ो द्वारा मंगलमय आहुतियां दी गई। पंचकुडी महा यज्ञ में विराजमान यजमान कैरोट एवं कादोलाई के जोड़े बरकरार रहे। और यजमानों द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी और क्षेत्र की मंगल कामना की प्रार्थना की गई। वहीं समस्त ग्रामीण जनों ने अपनी सेवा देते हुए आए हुए अतिथियों को जलपान ग्रहण करवाते हुए महाप्रसाद ग्रहण करवाया। इस आयोजन कार्यक्रम में 51 गांव की आई रामधूनी एवं मंत्रोचार के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ कलश स्थापना की गई। इस दौरान समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।और यज्ञ में यजवानों द्वारा पूर्णाआहुति दी। इस दौरान यज्ञ में बैठने वाले यजमान जुगल किशोर वैष्णव केकड़ी, सुरेश गुर्जर और जय लाल गुर्जर, रामरतन कुमावत, रामलाल कुमावत, कादोलाई, और कैरोट से रामरतन कीर, सूरज करण कीर, गोपाल श्रीमती गुलाब देवी जाट, रघुनाथ खाती, आदि यजमानों ने यज्ञ में पूर्णाआहुति दी।

# ग्राम पंचायत की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा है स्कूल प्रशासन

## विद्यालय के बाहर पड़े बजरी के ढेर को विद्यालय के प्रिंसिपल, शिक्षक व बच्चियों ने सफाई करके हटाया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के बांदनवाड़ा कस्बे की महिला सरपंच की लापरवाही का खामियाजा अब विद्यालय की बालिकाओं को भी भुगतना पड़ रहा है।एक और जहां पूरे गांव में जगह जगह गंदगी के आलम से ग्रामीण परेशान हैं वहीं दूसरी और कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के बाहर लम्बे समय से पड़े गंदगी व बजरी के ढेर से तंग आकर शनिवार को विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ.वीरेश शर्मा व शिक्षक खुशीराम सहित बालिकाओं ने हाथों में झाड़ू लेकर उसे हटाने की मुहिम छेड़ते हुए स्कूल के बाहर लगे ढेर को साफ करके छोड़ा।विद्यालय के प्रिंसिपल वीरेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय के बाहर सड़क पर काफ़ी दिनों पूर्व से बजरी बिखरी हुई पड़ी थी जिसके चलते रोजाना विद्यार्थी स्लिप होकर गिर रहे थे। शनिवार सुबह भी कुछ विद्यार्थी वहाँ दुर्घटनाग्रस्त होते बचे जिसे शिक्षक खुशीराम गुर्जर ने देखा और उन्हें बताया जिस पर वो दोनों ही झाड़ू लेकर साफ करने लगे जिसे देखकर कक्षा 9 की बालिकाएँ आ गई और फिर देखते ही देखते उन सबके सहयोग से बजरी के ढेर को वहाँ से हटाकर साफ के दिया।देश के प्रधानमंत्री की पहल पर एक और जहां समूचे देश में स्वच्छ भारत अभियान को चलाया जा रहा है तथा ग्राम पंचायतों को प्रतिवर्ष लाखों रूपये का बजट दिया जा रहा है लेकिन कस्बे में सफाई अभियान के नाम पर केवल औपचारिकता की जा रही है जिसका उदाहरण आज भी देखने को मिला।जो काम ग्राम पंचायत का है वो काम विद्यालय के प्रिंसिपल,टीचर व बालिकाओं द्वारा किया गया।

# राजसमंद में जयकारों के साथ हुई राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा, बालाजी नगर स्थित वीर हनुमान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद में बालाजी नगर स्थित वीर हनुमान मंदिर में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। मंदिर परिसर में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, सीता माता व भक्त हनुमान की सुंदर प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गुंज उठा। शनिवार को मूर्तियों की अधिवास विधि सम्पन्न कराई गई इसमें जल, अन्न, पुष्प, फल में मूर्तियों का अधिवास किया गया।

### मंदिर में हुई आकर्षक सजावट

वही रविवार को प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिर में सुबह के समय हवन-यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ प्राण प्रतिष्ठा की पूर्ण आहुति दी गई। उसके बाद प्रभु की मनमोहक प्रतिमाओं को आकर्षक फूलों से सजाया गया व जयकारों के साथ प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न की गई। इस दौरान संत बिहारीदास महाराज, श्याम दास महाराज, पंडित शशिकांत दीक्षित, अपर जिला न्यायाधीश सुनील ओझा, विधायक दिप्ती माहेश्वरी, आयुक्त ब्रजेश राय, भगवती लाल सोनी, दीपक सोनी, अमित सोनी, दिनेश निष्कलंक, कैलाश निष्कलंक, सुरेश भाट, अर्जुन लड्ढा, गिरीश अग्रवाल, सहित श्रद्धालु मौजूद थे। ठाकुरजी पामणा का अनूठा धार्मिक कार्यक्रम कल महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को प्रभु सेवा से जुड़ा ठाकुरजी पामणा का अनूठा धार्मिक कार्यक्रम होगा, जिसके तहत राजनगर बड़ा मंदिर से भगवान चारभुजानाथ का आगमन होगा। शाम सवा 5 बजे भगवान पालकी में विराजित होकर गाजे-बाजे के साथ ठाठ-बाट से रवाना होकर कार्यक्रम स्थल वीर हनुमान मंदिर आएंगे। प्रभु के आगमन पर विशेष सेवा-पूजा होगी एवं प्रभु को छप्पन भोग धराया जाकर दर्शन होंगे। इसके बाद रात 8 बजे पं. डॉ. मिथलेश नागर के सान्निध्य में जागरण एवं सुन्दर कांड पाठ कार्यक्रम होगा। महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार 6 मई को सुबह हवन अनुष्ठान होगा और वार्षिक कार्यक्रम के तहत वीर हनुमान मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी।

# मुनि शिवानन्दी एवं प्रशमानन्दी महाराज का हुआ मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि शिवानन्दी महाराज एवं मुनि प्रशमानन्दी महाराज का निवाई शहर में गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। जैन धर्म प्रचारक सुनिल भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि जैन आचार्य वसुनंदी महाराज के शिष्य जैन मुनि शिवानन्दी महाराज एवं मुनि प्रशमानन्दी महाराज पीपलू से रजवास होते हुए रविवार को निवाई पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुनिश्री टोंक रोड होते हुए वैयरहाऊस, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल व भगवान महावीर मार्ग होते हुए श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मन्दिर पहुंचे जहां समाज एवं कमेटी के लोगों द्वारा पाद प्रक्षालन करके एवं आरती उतारकर अगुवानी की। इस दौरान जैन मुनियों ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर धर्म सभा को संबोधित किए। इस दौरान गोपाल कठमाणा, मुकेश जैन, हितेश छाबड़ा, सुनील भाणजा, विमल सोगाणी, कमलेश जैन, त्रिलोक रजवास, प्रेमचन्द जैन, चेतन जैन, जयकुमार जैन व राजेन्द्र जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# बिजयनगर सथाना ग्राम के पास नेशनल हाईवे पर निजी बस पलटी कई यात्री घायल हुए



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/ बिजयनगर।** अजमेर जिले के निकटवर्ती नसीराबाद से बिजयनगर के बीच सथाना ग्राम के पास नेशनल हाईवे पर एक निजी बस का टायर फटने के कारण पलट गई बस का टायर फटते ही बस हाईवे के किनारे चार पाच फीट निचे सड़क किनारे गिर गई , बस के पलटते ही यात्रियों में हाहाकार मच गया ओर देखते ही देखते हाईवे पर लोगों का जमावड़ लग गया , बस पुरी तरह से क्षतिग्रत हो गई और बस में रखा लगेज इधर-उधर बिखर गया। लोगों की सूचना पर बिजयनगर पुलिस के दिलीप सिंह शेरसिंह मय टीम मौक पर पहुंचे ओर ग्रामीणों की मदद से यात्रियों को बस से बाहर निकाला घायलों को एंबुलेंस की मदद से राजकीय चिकित्सालय बिजयनगर पहुंचाया गया निजी ट्रैवल्स बस सीकर से नासिक जा रही थी दो क्रेन की मदद से बस को नीचे खड़े में से बाहर निकाला कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम लग गया जिसको पुलिस ने खुलवाया , यात्रियों ने बताया की बस सीकर से नासिक जा रही थी बस का अचानक टायर फटने से बस पलट गई।

बस में लगभग 50 सवारियां मौजूद थी ज्यादातर सांवरिया को मामूली चोट आई जिसमें से 8 यात्रियों को बिजयनगर चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर उनका इलाज जारी है गनीमत रही कि कोई भी गंभीर घायल नही हुआ ज्यादातर सांवरिया बस के पास हाईवे पर बैठी थी ओर अपने गंतव्य पर जाने के अन्य साधन का इंतजार कर रही थी।

## मेडिकल कैम्प व गौ सेवा सहित कई कार्यक्रमों की हुआ शुभारंभ

# महावीर इंटरनेशनल स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम, महावीर इंटरनेशनल की अंतरराष्ट्रीय कार्यकारणी के पदाधिकारी पहुंचे नाथद्वारा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** महावीर इंटरनेशनल के स्वर्ण जयंती वर्ष व यूथ श्रीनाथजी केंद्र के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न सेवा कार्यों का शुभारंभ किया गया, एम आई अध्यक्ष धर्मेश बापना ने बताया कि आज से 7 दिवसीय एक्यूप्रेशर कैम्प, मूक बधिर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण, गौ सेवा, कुपोषित बच्चों के लिए कपड़े, खिलौने व नेत्र दान प्रेरणा सहित विभिन्न सेवा कार्यों का शुभारंभ किया गया व संगठन द्वारा की गई समाजिक सरोकार की गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया है ओर अंतराष्ट्रीय कार्यकारणी सहित संगठन में विशिष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया।

अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन ने कहा कि उन्हें आज इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर काफी खुशी हुई है व जिस प्रकार से नाथद्वारा के यूथ श्रीनाथजी केंद्र ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल किया है वह सराहनीय है ।कार्यक्रम के दौरान कोषाध्यक्ष कपिल डागलिया, पीयूष लोढ़ा, हितेश हिरण, दीपेश धाकड़, कल्पित मूथा, विकाश धाकड़, निशांत कोठारी व सूरज राठौर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मिड डे मील योजना के तहत लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग

# विद्यालयों में विद्यार्थियों के पोषाहार में न हो व्यवधान : महेंद्र कुमार लखारा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर राज्य के विद्यालयों में संचालित मिड डे मील योजना के अंतर्गत कुक कन्वर्जन राशि एवं कुक-कम-हेल्पर मानदेय की राशि का भुगतान गत 4 माह से लंबित है। इस संदर्भ में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने मिड डे मील आयुक्त महोदय को ज्ञापन प्रेषित कर शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। केकड़ी जिला मंत्री अर्जुन खींची ने बताया कि राज्य के अनेक विद्यालयों में 4 से 6 माह से मिड डे मील योजना की कुक कन्वर्जन राशि एवं रसोईयों (कुक-कम-हेल्पर) के मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण विद्यालयों में पोषाहार व्यवस्था गंभीर संकट में है। विद्यालयों द्वारा बाजार से खाद्य सामग्री लाना एवं रसोईयों को समय पर मानदेय देना असंभव होता जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों के पोषाहार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। संगठन ने मांग की है कि लंबित भुगतानों का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा आगामी तिमाही हेतु अग्रिम तीन माह की राशि विद्यालयों को उपलब्ध कराई जाए, जिससे विद्यार्थियों को सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण पोषाहार मिल सके। इसके साथ ही महात्मा गांधी विद्यालयों एवं अन्य विद्यालयों, जहां पूर्व-प्राथमिक कक्षाएँ संचालित हैं, वहां छात्रसंख्या के आधार पर भी कन्वर्जन राशि शीघ्र जारी की जाए। लखारा ने आशा व्यक्त की है कि विभाग शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर विद्यालयों व विद्यार्थियों को राहत प्रदान करेगा। जिला मंत्री केकड़ी अर्जुन खींची ने प्रदेश महामंत्री लखारा को इस समस्या से अवगत करा शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है । मांग करने में केकड़ी जिला मंत्री अर्जुन खींची,जिला संगठन महिला मंत्री ऊषा जोशी , तारा चंद प्रजापति, धर्मी चंद माली,उप शाखा भिनाय अध्यक्ष गोविंद राम जांगिड़, मंत्री दिनेश कुमार वैष्णव, कोषाध्यक्ष राजू लाल माली, महिला मंत्री सुमन सहित संगठन के पदाधिकारी है।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर अपलोड करने वाला युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करना एक युवक को महंगा साबित हुआ।अजमेर के सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट को वॉच करने के दौरान जानकारी में आया है कि कुमार सौरभ ऑफिस नामक सोशल मीडिया अकाउंट पर अकाउंट होल्डर द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किए हुए हैं। पुलिस ने तत्काल संज्ञान में लिया तथा मामले को गंभीरता को देखते हुए वीडियो के संबंध में कार्रवाई करने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के द्वारा चलाए गए अभियान में, हिमांशु जांगिड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं मुख्यालय अजमेर ओमप्रकाश सरावग, पुलिस उप अधीक्षक भारती दक्षिण नगर अजमेर के निर्देशन में थाना अधिकारी वीरेंद्र सिंह क्लॉट टावर के नेतृत्व में टीम का गठन कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। टीम के द्वारा तकनीकी माध्यम से सोशल मीडिया अकाउंट धारक का नाम मालूम कर फोटो व नाम के आधार पर उसके सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी एकत्रित कर सौरव सोलंकी पुत्र अजय सोलंकी को डिटेन कर उसका सोशल मीडिया अकाउंट चेक किया गया। तब मालूमात की तो जानकारी में आया कि सोशल मीडिया पर फेमस होने के चक्कर में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो प्रदर्शित किया था। युवक ने बताया कि सोशल मीडिया पर फेमस होने के चक्कर में ओर अपने दोस्तों के साथ रुतबा बढ़ाना चाहता था इसलिए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करता किया था। पुलिस ने धारा 126,135 बटे तीन 170,शन्ति भंग के तहत गिरफ्तार किया गया। रील में जो मोटरसाइकिल राज.जे. 01 एस एक्स 5693 को धारा 207 एम.वी. एक्ट में जप्त किया गया।

## मंदिर पूर्णाहुति कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धीरज गुजर ने की शिरकत

## कलश की मुख्य बोली 3 लाख 41हजार 1 रुपया मुकेश डडवाडिया के रही

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के फुलिया कला में डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता मंदिर पूर्णाहुति को लेकर कस्बे में रविवार को अभिजीत मुहूर्त मे दोपहर 12.15 बजे मंत्रोच्चार के साथ डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता मंदिर शिखर पर कलश स्थापना की गई। डडवाडिया सती माता के मुख्य कलश की बोली 3,41,001 मुकेश पिता रामलाल डडवाडिया फूलिया कलां के रही। डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता विकास समिति अध्यक्ष पूरणमल डडवाडिया ने बताया कि तेजाजी तालाब पाल स्थित मंदिर पूर्णाहुति कार्यक्रम को लेकर कस्बे मे दो दिवसीय (3 एवं 4 मई) धार्मिक आयोजन किए गए। मांगलिक कार्यक्रम आयोजन में सहभागी होकर जनसभा को संबोधित किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर समिति के संरक्षक रामचंद्र डडवाडिया, आयोजन समिति के संचालक बीरमलाल डडवाडिया, पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर, शाहपुरा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी नरेन्द्र कुमार रेगर, अक्षय गुर्जर सरपंच आजाद राव पूर्व सरपंच किशन गोदारा फूलिया कलां, पूर्व सरपंच मुकेश बलाई फूलिया कलां, उपसरपंच हरिसिंह लामरोड फूलिया कलां, महावीर कुमावत सांगरिया, जनप्रतिनिधिगण तथा क्षेत्र से आए सैकड़ो की संख्या मे रेगर समाज के महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# कुकिंग कन्वर्जन राशि प्राप्त नहीं होने से नाराज शिक्षक काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध

## चेतावनी- अतिशीघ्र भुगतान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के फूलिया कलां/राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय फूलिया कलां के द्वारा पूर्व में 9 अप्रैल 2025 को कुकिंग कन्वर्जन राशि विगत 7 माह से नहीं मिलने एवं कुक कम हेल्पर के मानदेय राशि का भुगतान नहीं होने को लेकर जिलाधीश के नाम उपखंड अधिकारी फूलिया कलाँ को ज्ञापन देकर अतिशीघ्र दिलाने की मांग की थी द्य एक माह होने को आया है परन्तु अभी तक राशि जमा नहीं होने से कुक कम हेल्पर काम करने से मना कर रहे हैं एवं कुकिंग कन्वर्जन राशि जमा नहीं होने से पोषाहार बनाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इसके विरोध में दिनांक 5 मई को फूलिया कलाँ उप शाखा के शिक्षक अपने अपने विद्यालय में काली पट्टी बांधकर



विरोध जताएंगे। उपशाखा अध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय पर भुगतान नहीं होता है तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

# सलमान खान पहली मुलाकात में बोले तुम में कोई बात है...

## राजश्री से डेब्यू के बावजूद लगा फ्लॉप का ठप्पा; फिर दबंग-2 में मिला मौका, संभाला करियर

नन्ही सी थीं, जब घर छोड़कर भागना पड़ा। पेरेंट्स ने महज एक सूटकेस के साथ इस उम्मीद में घर छोड़ा था कि कुछ दिनों की बात है। लेकिन 35 साल हो गए, वो आज तक कश्मीर नहीं लौट पाए। कश्मीर में इनके पास एक बड़ा सा घर और असीम खुला आसमान था। लेकिन दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में परिवार एक कमरे तक सिमट गया। जीरो से शुरुआत कर मां-बाप ने जैसे-तैसे अच्छी परवरिश दी।

पढ़ाई पूरी कर फिल्म इंडस्ट्री में आईं तो पहली फिल्म से फ्लॉप का ठप्पा लग गया। लोगों ने काम देने से इनकार कर दिया। इस दौरान टूटी-बिखरी, एक्टिंग छोड़ने का भी सोचा लेकिन फिर खुद को समेटकर टिके रहने का फैसला किया। इन्हें इनके फैसले का नतीजा भी मिला।





### एक महीने की थीं, जब कश्मीर से भागना पड़ा

मैं कश्मीर पंडित हूं। बस एक महीने की थी, जब मेरी फैमिली को कश्मीर से अपना सबकुछ छोड़कर भागना पड़ा था। मेरी मां वहां एक स्कूल में प्रिंसिपल थीं। वहां से आने के बाद मेरा जीवन दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई में बीता। हम लोग कश्मीर से भागे थे, इसलिए मेरे पेरेंट्स का फोकस मेरी पढ़ाई पर रहा। उन्होंने अपने बच्चों की एजुकेशन पर बहुत ध्यान दिया, ताकि हम लाइफ में कहीं पीछे न छूट जाएं। मैंने जेवियर्स से बीबीएम की पढ़ाई की है। कॉलेज के दौरान ही मैं यूटीवी के साथ इंटर्नशिप कर रही थी। पढ़ाई खत्म करने बाद मैं यूटीवी के साथ दो-तीन साल तक काम करने वाली थी। इसके बाद मैं एमबीए करने वाली थी। मैंने अपनी लाइफ को लेकर पूरा प्लान बना रखा था। लेकिन लाइफ और किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### राजश्री के ऑडिशन में पूरा मोनोलॉग भूलीं

मैं कॉलेज के दौरान पॉकेटमनी के लिए ऐड फिल्म करती थी। मैंने बहुत सारे ऐड में काम किया था। जब मैं कॉलेज के आखिरी साल में थी, तब राजश्री के कास्टिंग डायरेक्टर विक्की सदाना ने मुझे कॉल किया। उन्होंने कॉल पर कहा कि सूरज बड़जात्या 'मैंने प्यार किया' के बाद एक लड़का-लड़की को लॉन्च करने वाले हैं इसलिए हम आपका टेस्ट करना चाहता हैं। मैंने कभी भी फिल्म के लिए कोई ऑडिशन नहीं दिया था। मैंने कास्टिंग डायरेक्टर से बोला कि मैंने कभी फिल्म का ऑडिशन दिया नहीं है तो मुझे नहीं पता कि क्या करना है। उन्होंने मुझे कहा कि परेशान मत हो, फिर उन्होंने मुझे राजश्री की किसी पुरानी फिल्म का एक मोनोलॉग दिया। मुझे उसे सीखकर ऑडिशन के लिए जाना था।

मैं माधुरी दीक्षित और उनकी फिल्म 'हम आपके हैं कौन' की बहुत बड़ी फैन हूं। मैं ये सोचकर गई थी कि मैं जाकर राजश्री का ऑफिस देखूंगी। सूरज बड़जात्या सर से मिलूंगी, क्योंकि मेरा एक्टिंग में कुछ होने वाला नहीं है। मुझे याद है कि मैंने मोनोलॉग को रट लिया था। मैं पहले टेक में ही पूरा मोनोलॉग भूल गई। मैं स्कूल में पढ़ाकू थी, क्योंकि मैं रटकर सब याद कर लेती थी। रट्टा मारना मेरी खूबी थी, लेकिन कैमरे के सामने मेरी हालत खराब हो गई। मेरे पसीने छूट रहे थे।

कास्टिंग डायरेक्टर ने मेरी हालत देखकर कहा कि तुम रिलैक्स हो जाओ। ब्रेक लो और जाओ बाहर घूमकर आओ फिर से करते हैं। उस वक्त मेरे दिमाग में चल रहा था, अब तो, ये तो ईगो और रिस्पेक्ट की बात हो गई। अब किसी भी हाल में करना पड़ेगा। खैर, जैसे-तैसे मैंने ऑडिशन दिया और उसके बाद मैं इस बात को ही भूल गई।

### 600-700 लड़कियों में राजश्री प्रोडक्शन ने मुझे चुना

कुछ हफ्ते बाद मुझे राजश्री से कॉल आया कि उन्हें मेरा टेस्ट अच्छा लगा। अब मुझे एक और टेस्ट देना होगा अक्षय ओबरॉय के साथ, जो मेरी तरह ही फ्रेश फेस थे। उस रोल के लिए 600-700 लड़कियों का टेस्ट चल रहा था। मैं गई और अक्षय के साथ पूरे दिन टेस्ट चला। हमने साथ में दो-तीन सीन्स किए, डांस भी किया। हमारा दूसरा टेस्ट राजश्री के ऑडिटोरियम में हो रहा था। वहां के प्रोजेक्शन रूम से सूरज सर हमें देख रहे थे। ये बात हमें बाद में पता चली।

खैर, मैंने टेस्ट खत्म किया और घर जाकर अपनी नॉर्मल लाइफ में बिजी हो गई। दो हफ्ते बाद मुझे एक प्राइवेट नंबर से कॉल आया। मैंने फोन उठाया तो उधर से आवाज आई कि नमस्ते, मैं सूरज बड़जात्या बात कर रहा हूं। हमें आपका टेस्ट बहुत पसंद आया और हम चाहते हैं कि आप हमारी फिल्म करें। आपको अभी डिसीजन लेने की जरूरत नहीं है। आप ऑफिस आइए, स्क्रिप्ट सुनिए अगर अच्छी लगे तो फिल्म कीजिएगा।

मैं सूरज बड़जात्या नाम सुनते ही ब्लैंक हो गई थी। ऊपर से ये कहना कि आपको स्क्रिप्ट पसंद आए तभी काम करिएगा। न्यूकमर के साथ ऐसे कौन बात करता है। वो कमाल के इंसान हैं। फिर मैं अपने पेरेंट्स के साथ राजश्री के ऑफिस गई। हम सब सूरज सर से पहली बार मिले। इस तरह मेरी पहली फिल्म 'इसी लाइफ में' हो गई।

### मैं फिल्म इंडस्ट्री के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थी

राजश्री प्रोडक्शन और सूरज बड़जात्या के साथ काम करने के बाद मुझे लगा था कि इंडस्ट्री में हर सेट ऐसा ही होता होगा। मैं फिल्म इंडस्ट्री के लिए तैयार नहीं थी। मैं नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से आती हूं। मुझे इस इंडस्ट्री के बारे में कुछ नहीं पता था। मुझे गाइड करने वाला कोई नहीं था। मुझे नहीं पता था कि खुद को कैसे रिप्रेजेंट करते हैं। पीआर टीम जैसी कोई चीज होती है।

# अपकमिंग लीप पर बोले शिवम खजूरिया, यहां से कहानी में आएगा पेचीदा मोड़...


साथ ही साथ फैंस यह भी जानना चाहते हैं कि इस लीप के बाद कहानी किस तरह आगे बढ़ेगी? क्या कुछ नए किरदारों की एंट्री होगी, या फिर मेकर्स पुराने किरदारों में से कुछ को वापस लाएंगे। इसी बीच शो में आने जा रहे लीप पर शिवम खजूरिया ने अपना रिएक्शन दिया है।

### अपकमिंग लीप पर बोले शिवम

रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा में प्रेम कोठारी का किरदार निभाने वाले शिवम खजूरिया ने शो के अपकमिंग लीप के बारे में बताया कि इस ट्विस्ट ने सब कुछ बदलकर रख दिया है और किसी ने भी इसके बारे में नहीं सोचा था। शिवम ने कहा कि अनुपमा अचानक गायब हो जाएगी और यह बात सभी किरदारों को हिलाकर रख देगी। शिवम खजूरिया ने कहा कि कहानी में इस तरह का बोल्ड फैसला जरूरी था। बता दें कि नए प्रोमो में दिखाया गया है, कि फिर एक बार अनुपमा अपनी बेटी का दिल तोड़ देगी। शिवम खजूरिया ने कहा, ये लीप और ट्विस्ट ना सिर्फ कहानी में और गहराई पैदा करेंगे बल्कि लोगों को इससे जोड़े रखेंगे। आने जा रहा यह ट्विस्ट इमोशन्स से लबरेज होगा और दर्शकों को बहुत मजबूती से हिट करेगा। मैं यह देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं कि यह नया चैप्टर किस तरह आगे बढ़ेगा।



जाहिर तौर पर यह कहानी में एक टर्निंग प्वॉइंट साबित होने वाला है। दर्शकों के जेहन में ढेरों सवाल होंगे, लेकिन अभी के लिए उन्हें यह शो देखते रहना होगा। क्योंकि जल्द ही एक नया सफर शुरू होने जा रहा है।



# बेटे की पढ़ाई के लिए सेविंग कर रही हैं सोनम कपूर

## कहा- पहली बार मुझे पति से...

सोनम कपूर अपने बेटे वायु को काफी प्यार करती हैं। वह काम से ब्रेक लेकर बेटे पर पूरा फोकस करती हैं और उन्हें अच्छी परवरिश देती हैं। अब सोनम ने हाल ही में बताया कि वह काफी पैसे बचाएंगी ताकि अपने बेटे को अच्छी एजुकेशन दे सकें। सोनम ने बताया कि हाल ही में उन्हें पहली बार अपने पति से काफी जलन महसूस हुई।

### क्या बोलीं सोनम

वोग इंडिया को दिए इंटरव्यू में सोनम ने कहा, मेरे पति वॉर्टन यूनिवर्सिटी से पढ़े हैं। हाल ही में वह मुझे वहां कैंपस लेकर गए और तब पहली बार मुझे उनसे जलन हुई। यही वजह है कि मैं वायु की पढ़ाई के लिए सेविंग कर रही हूं। मैं चाहती हूं कि वह अच्छे रीडर बने।

बता दें कि कुछ साल पहले सोनम ने बताया था कि उनकी लाइफ का सबसे बड़े रिग्रेट है कि उन्होंने कभी अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की। सोनम ने कहा था, मैंने 12 के बाद पढ़ाई नहीं की और फिर मैं एक्ट्रेस बन गई। मैं 4 साल तक रुक सकती थी।

सोनम ने अपने करियर की शुरुआत साल 2005 में संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक से की थी। इसके बाद साल 2007 में उन्होंने फिल्म सावरिया से डेब्यू किया था। सोनम और आनंद ने साल 2018 में शादी की थी और साल 2022 में दोनों के बेटे वायु का जन्म हुआ। सोशल मीडिया पर बेटे की फोटो भी दोनों शेयर करते रहते हैं, लेकिन चेहरा अभी नहीं दिखाया है।

# सौतेली बेटी को डांटती नजर आई दीया मिर्जा

## वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस, फैंस बोले- हक है, तो कुछ ने जताई नाराजगी

दीया मिर्जा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी सौतेली बेटी समायरा को डांटती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स के तरह-तरह के कमेंट्स देखने को मिल रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि समायरा दीया की ही बेटी हैं, इसलिए उन्हें डांटने का पूरा हक है। हालांकि, कुछ ने इसकी आलोचना भी की।

वीडियो में दीया मिर्जा और उनकी सौतेली बेटी समायरा को मलाइका अरोड़ा के रेस्टोरेंट से बाहर आते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान समायरा के साथ एक और लड़की भी मौजूद थी। दोनों मस्ती कर रही थीं, तभी अचानक दीया वहां पहुंचीं और उन्होंने समायरा का हाथ खींचते हुए उसे डांट दिया। वीडियो में समायरा सॉरी कहती हुई भी नजर आ रही है। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया तो कमेंट सेक्शन में लोगों के रिएक्शन भी सामने आने लगे। कुछ लोग दीया का समर्थन करते नजर आए, जबकि कुछ का कहना था कि पब्लिक में इस तरह डांटना ठीक नहीं है। उनका कहना है कि समायरा दीया की डांट से डर गई थी।

### दीया और वैभव दोनों की है दूसरी शादी

पूर्व मिस एशिया पैसिफिक दीया मिर्जा और बिजनेसमैन वैभव रेखी ने साल 2021 में हिंदू रिवाज से मुंबई में शादी की थी। दीया और वैभव दोनों की ही यह दूसरी शादी है। इससे पहले 2014 में दिया ने अपने बिजनेस पार्टनर साहिल संघा से शादी की थी, जिनसे 2019 में उनका सेपरेशन हो गया था। वहीं, वैभव रेखी की पहली शादी योग और लाइफस्टाइल कोच सुनैना से हुई थी। समायारा वैभव और सुनैना की ही बेटी है। दीया अपनी सौतेली बेटी के साथ एक खूबसूरत बॉन्ड शेयर करती हैं। जब एक्ट्रेस अपने पति वैभव रेखी के साथ मालदीव में हनीमून मनाने गई थीं। उनके साथ वैभव रेखी की बेटी समायरा भी वहां मौजूद थीं, जिसकी तस्वीरें दीया ने अपने सोशल मीडिया पर भी शेयर की थीं।



# फिर अपनी छोटी सोच दिखाएगी वसुंधरा, आग में घी डालने का काम करेगा गौतम

अनुपमा सीरियल में शनिवार को आप देखेंगे कि राघव अपना केस वापस लेने की बात बताएगा। अनुपमा राहत की सांस लेगी और हाथ जोड़कर उसका शुक्रिया अदा करेगी कि उसके परिवार के लिए राघव ने इतना बड़ा बलिदान किया। राघव भी कहेगा कि जब मेरे साथ कोई नहीं था तब आप खड़ी थीं, आपके परिवार के लिए इतना तो कर सकता हूं। बदले में राघव अनुपमा से एक नौकरी मांगेगा और अनुपमा उसे अपनी अनु की रसोई में पूरे सम्मान के साथ काम करने का ऑफर देगी जिसे राघव मना नहीं कर पाएगा।

### आग में घी डालने का काम करेगा गौतम


कृष्ण कुंज में किंजल वापस आएगी तो सभी बहुत खुश होंगे लेकिन तोषू की नाक पर गुस्सा सवार होगा। अनुपमा ही किंजल को संभालेगी। उधर कृष्ण कुंज में गौतम जाकर वसुंधरा कोठारी के कान भर देगा कि उसने किंजल को छुड़वा तो दिया है लेकिन पैसे लौटाने को कहा है। बावजूद इसके कि वसुंधरा कोठारी के पूरे परिवार पर लगा आरोप अनुपमा की वजह से राघव ने वापस लिया होगा, वसुंधरा कहेगी कि उन लोगों को पता चलना चाहिए कि कोठारी खानदान से टक्कर लेने का अंजाम क्या होता है।

### फिर अपनी छोटी सोच दिखाएगी वसुंधरा

बातों-बातों में गौतम यह भी बता देगा कि आपका पैसा घूमकर आपके ही पास आने वाला है। क्योंकि किंजल का कर्ज प्रेम और राही चुकाने वाले हैं। वसुंधरा कोठारी भड़क जाएगी और प्रेम-राही पर उस परिवार को पैसा लौटाने के लिए गुस्सा करेगी। दोनों बताएंगे कि यह उनका पैसा है जो उन्होंने अपनी मेहनत से कमाया है। लेकिन तब भी मोटी बा पैसा नहीं देने की बात कहेगी। प्रेम समझाएगा कि वैसे भी अनुपमा ने पैसा लिया नहीं है। तब जाकर मोटी बा की जान में जान आएगी। उधर आर्यन देर रात ड्रग्स करके लौटेगा तो पराग उससे सवाल जवाब करेगा।

### तोषू को होगा अपनी गलती का अहसास

ख्याति उसे बचाएगी और फिर जब वो अपने बिस्तर पर लेटा होगा तो उसका ख्याल रखेगी। आर्यन जो कि नींद में होने का बहाना कर रहा होगा वह अपनी मां के इस प्यार के अहसास से भावुक हो जाएगा। उधर कृष्ण कुंज में जब लीला और बापूजी बहस कर रहे होंगे तो तोषू कहेगा कि उसकी पत्नी को यह सब करना पड़ा क्योंकि उसने कभी भी एक अच्छा पति और पिता होने का फर्ज नहीं निभाया। किंजल अनुपमा को जेल में रहने का अपना तजुर्बा बताएगी और कोठारी मेंशन में चीजें पॉजिटिव होती दिखेंगी। आगे क्या होगा? जानने के लिए जुड़े रहिए लाइव हिन्दुस्तान के साथ।



# अवनीत की फोटो लाइक करने पर विराट कोहली की सफाई : बोले- इसके पीछे कोई इरादा नहीं था, कृपया बेवजह कोई भी बातें न बनाएं



इंडियन क्रिकेटर विराट कोहली ने हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर की एक पोस्ट को लाइक किया था। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद विराट ने उस लाइक को हटा दिया था। लेकिन इसी बीच विराट के लाइक का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। अब इस मामले में विराट ने सफाई दी है। विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाते हुए लिखा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि फीड क्लियर करते समय ऐसा लगता है कि एल्गोरिदम ने गलती से कोई इंटरैक्शन रजिस्टर कर लिया है। इसके पीछे मेरा कोई इरादा नहीं था। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि कृपया बेवजह कोई भी बातें नहीं बनाएं। समझने के लिए धन्यवाद।

जैसे ही विराट ने अवनीत कौर के फैंस पेज की पोस्ट लाइक की, उसके बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स तरह-तरह के कमेंट्स करने लगे। एक यूजर ने लिखा, 'कोहली साहब, ये क्या था? तो दूसरे ने लिखा, 'कौन-कौन विराट कोहली के लाइक को देखने यहां आया था?। इसके अलावा कई यूजर्स ने मजेदार कमेंट्स करते हुए कहा, 'बेटा अकाय पापा का फोन वापस कर दो।

सही फैसला लेना काबिलियत नही है,
फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# सीकर में तेज बारिश, जयपुर में बिजली गिरने से बच्ची की मौत

## पूरे राजस्थान में आंधी-बरसात का अलर्ट, तापमान में आई गिरावट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर में रविवार दोपहर बाद तेज बारिश हुई। कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। मौसम केंद्र जयपुर ने 5 मई को 11 जिलों में ऑरेंज और बाकी जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। जयपुर के गोविंदगढ़ कस्बे के सिंगोद कला गांव में रविवार शाम बिजली गिरने से 5 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची के पिता सांवरमल यादव ने बताया कि शाम 6 बजे उनकी बेटी मनीषा चौक में नीम के पेड़ के नीचे खेल रही थी। इसी दौरान पेड़ पर बिजली गिरी और बच्ची उसकी चपेट में आ गई। पिछले 24 घंटों में सीकर में 20एम एम बारिश हुई, जबकि जोधपुर में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। जयपुर, बूंदी, कोटा, पाली और भीलवाड़ा समेत दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में मौसम साफ रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान चित्तौड़गढ़ में 39.7 डिग्री और सबसे कम सिरोही में 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में पारा 36.7 डिग्री, अजमेर में 35.8 डिग्री, कोटा में 37 डिग्री और जोधपुर में 37.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम के इस बदलाव से अधिकांश शहरों में तापमान औसत से नीचे दर्ज हुआ। कोटा में 5 डिग्री, चूरू-फलौदी में 6.2 डिग्री, जोधपुर में 3.6 डिग्री और अजमेर में 4.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।

**चूरू में गिरी बिजली, 10 भेड़ों की मौत :** चूरू के सादुलपुर में लंबोर खेड़ी गांव में रविवार दोपहर 12 बजे बिजली गिरने से 10 भेड़ों की मौत हो गई। मोहनलाल राहड़ करीब 50 भेड़ों को चरा रहे थे। बारिश तेज होने पर उन्होंने भेड़ों को एक पेड़ के नीचे बैठा दिया। इसी दौरान पेड़ पर बिजली गिरी और 10 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई।

**बारिश-आंधी से रात में ठंडक :** राज्य के कई शहरों में शनिवार दोपहर बाद आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के कारण दिन के साथ रात का तापमान भी गिर गया। अधिकांश शहरों में बीती रात तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान पाली के पास जवाई एरिया में 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में उमस और गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली।

यहां बीती रात पारा गिरकर 20.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जयपुर में न्यूनतम तापमान 23.8, जैसलमेर में 23.2, पिलानी में 22.4, टोंक में 22.1, जोधपुर में 21.9, अजमेर-सीकर में 21.5, बीकानेर में 21.4, अलवर में 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### सबसे ज्यादा गर्मी चितौड़गढ़ में रही

राजस्थान में सबसे ज्यादा गर्मी चित्तौड़गढ़ में रही। यहां अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। फलोदी, जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, भीलवाड़ा, कोटा, जैसलमेर, नागौर और अजमेर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज हुआ। तेज गर्मी के बाद शनिवार दोपहर जयपुर, नागौर, सीकर, झुंझुनूं, कोटा, बारां, झालावाड़ समेत कई जिलों में मौसम बदला। बादल छाने के बाद तेज आंधी चली। टोंक, जयपुर, सीकर, कोटा, नागौर समेत कुछ अन्य जिलों में बारिश हुई और कुछ जगहों पर ओले गिरे।

### जयपुर में आंधी के बाद बारिश से पारा 10 डिग्री तक गिरा

राजधानी जयपुर में शनिवार दोपहर बाद मौसम में हुए बदलाव से तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। ऑटोमैटिक वेदर सिस्टम की रिपोर्ट देखें तो जयपुर में दोपहर ढाई बजे तक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन शाम करीब 4:30 बजे तक पारा लुढ़ककर 25.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जयपुर में तेज धूलभरी हवा चलने के बाद कई जगह गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई।





# गुजरात में बस-जीप-बाइक की भिड़ंत में पांच की मौत

## जीप और बाइक पर सवार लोगों की मौत हुई, आठ घायलों में एक गंभीर



बढ़ता राजस्थान

**साबरकांठा ( हिम्मतनगर )।** गुजरात में साबरकांठा जिले के खेड़ब्रह्मा-अंबाजी मार्ग पर शनिवार दोपहर हिंगटिया गांव के पास एक भीषण हादसा हो गया। यहां एसटी बस, एक जीप और एक बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में एक बच्ची समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। खेरोज पीआई एनआर उमट के बताए मुताबिक, घायलों को इलाज के लिए हिम्मतनगर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। इनमें एक महिला की हालत गंभीर है। जीप के नीचे फंसे लोगों को निकाला हादसा इतना भयानक था कि जीप पूरी तरह से पलट गई और उसमें सवार लोग वाहन में फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही खेरोज पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। फंसे हुए लोगों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल एक लड़की को विशेष इलाज के लिए मटोड़ा अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीनों वाहन किसी अज्ञात कारण से तेज रफ्तार में एक-दूसरे से भिड़ गए। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। खेड़ब्रह्मा थाने के पीआई भी अपने स्टाफ के साथ सिविल अस्पताल पहुंचे और घायलों के उपचार की जानकारी ली।

# रणथंभौर में फिर बढ़ा बाघों का कुनबा


## बाघिन टी-111 शक्ति ने 2 शावकों को दिया जन्म, जोन नंबर 4 में साथ आई नजर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिजर्व से एक बार फिर अच्छी खबर आई है। यहां बाघिन टी-111 शक्ति ने 2 शावकों को जन्म दिया है। इससे वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रणथंभौर के जोन 4 और कुण्डेरा रेंज के अधीन आने वाले वन क्षेत्र में विचरण करने वाली बाघिन टी-111 शक्ति 2 शावकों के साथ नजर आई है। फिलहाल वन विभाग की ओर से बाघिन की मॉनिटरिंग व ट्रैकिंग लगातार की जा रही है। इसके साथ ही अब एक बार फिर रणथंभौर में बाघों का कुनबा बढ़ गया है।

### जामुनदेह के पास शावक के साथ दिखी बाघिन

वन विभाग के अनुसार रविवार सुबह जामुनदेह के पास बाघिन शक्ति 2 शावकों के साथ नजर आई और इसका एक धुंधला फोटो कैमरे में भी कैद किया गया है। इसके बाद पर्यटकों ने इस बारे में वन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाघिन और शावकों की मॉनिटरिंग शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार टीम को बाघिन की आवाज तो सुनाई दे रही है, लेकिन झाड़ियां अधिक होने के कारण बाघिन अभी नजर नहीं आ रही है।



### दूसरी बार शावकों को दिया जन्म

वन अधिकारियों ने बताया कि बाघिन शक्ति की उम्र करीब 7 साल है और यह बाघिन दूसरी बार मां बनी है। पहली बार शक्ति ने साल 2021 में 4 शावकों को जन्म दिया था। बाघिन शक्ति रणथंभौर की बाघिन कृष्णा यानि टी-19 के अंतिम लिटर (ब्यात) की संतान है।

### साल 2025 में अब तक 7 शावकों का हुआ जन्म

यह साल रणथंभौर के लिए खुशियों से भरा रहा है। इस साल बाघिन टी-2313 ने 2 शावकों को जन्म दिया। वहीं बाघिन सुल्ताना ने 3 शावकों को जन्म दिया है?। जबकि बाघिन शक्ति आज 2 शावकों के साथ दिखाई दी है। ऐसे में इस साल अब तक रणथंभौर में 7 नए शावक आ चुके हैं। स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड के पूर्व सदस्य धीरेंद्र के. गोधा ने बताया कि रणथंभौर में बाघिन टी-111 ने शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही बाघों का कुनबा बढ़ना बहुत ही खुशी की बात है। इसका पूरा श्रेय वनकर्मियों को जाता है, जो जमीन पर रहकर काम कर रहे हैं, जिनकी वजह से आज हमारे देश के जंगल सुरक्षित हैं।

# जयपुर में डंपर ने 2 बहनों समेत तीन को कुचला, मौत

## युवतियों ने बाइक सवार युवक से ली थी लिफ्ट, एनजीओ में करती थीं नौकरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में डंपर ने दो चचेरी बहनों समेत तीन लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौके पर मौत हो गई। ड्राइवर डंपर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दोनों युवतियां नौकरी पर जा रही थीं। मामला बस्सी थाना इलाके का सुबह 8:45 बजे का है। बस्सी थाने के एएसआई तोताराम ने बताया- बस्सी के दिपुरा गांव निवासी प्रिया शर्मा (22) और खुशी शर्मा (21) चचेरी बहनें थी। दोनों बस्सी स्थित एक एनजीओ में जॉब करती थीं। आज सुबह दोनों एनजीओ जाने के लिए घर से निकली थीं। घर से कुछ दूरी पर उन्हें रानियां वास (दौसा) निवासी बाइक सवार अशोक कुमार बैरवा मिला। दोनों युवतियों ने अशोक से बस्सी तक जाने के लिए लिफ्ट ली। बस्सी ओवरब्रिज के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### मोबाइल और डॉक्यूमेंट से हुई पहचान

हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सड़क पर शव पड़े थे और खून फैला हुआ था। तीनों शव को एम्बुलेंस से बस्सी सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया।

पुलिस ने डंपर को सड़क से हटवाया। जेब से मिले मोबाइल और डॉक्यूमेंट के आधार पर दोनों युवतियों की पहचान हुई। हादसे की जानकारी मिलने पर युवतियों का परिवार बस्सी सीएचसी पहुंचा।

डंपर बस्सी चक से तूंगा की तरफ जा रहा था। हादसे के वक्त डंपर खाली था। युवक अशोक के बैग से हथौड़ी और खुरपी मिली है। अशोक बस्सी में अपने रिश्तेदारों के पास किराए का कमरा लेकर रह रहा था।

# राहुल गांधी ने माना- ऑपरेशन ब्लू-स्टार गलती थी

बढ़ता राजस्थान

**बॉस्टन, अमेरिका।** राहुल गांधी ने माना कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। करीब दो हफ्ते पहले अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल से ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा- जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुई, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। इस कार्यक्रम का वीडियो रविवार को वायरल हुआ।



**सिख युवक ने कहा- कांग्रेस सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं थी-** पिछले महीने अप्रैल में राहुल गांधी ब्राउन यूनिवर्सिटी के एक ओपन इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान एक कार्यक्रम में सिख युवक ने राहुल गांधी से पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा- आप सिखों की बात करते हैं, लेकिन आप सिखों के बीच डर पैदा करते हैं कि बीजेपी क्या करेगी।

# पायलट बोले-सरकार को नौकरशाह चला रहे, मंत्री-विधायक रो रहे

## एसआई भर्ती रद्द करने में क्या मजबूरी? सरकार के मंत्री भी चाहते हैं कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को जोधपुर में एसआई भर्ती घोटाले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में नैतिकता के आधार पर मंत्रियों से इस्तीफा ले लिया जाता था, लेकिन भाजपा सरकार में कोई जवाब देने को तैयार नहीं है। भर्तियों में हो रही गड़बड़ियों को लेकर पायलट ने आरपीएससी का पुनर्गठन करने की मांग की। पायलट ने कहा- सरकार के मंत्री खुद कह रहे हैं कि एसआई भर्ती रद्द होनी चाहिए और कमेटी बनाई जाए, फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसी क्या मजबूरी है, क्या व्यवस्था है जो आप कुछ नहीं करना चाहते? जो युवा ईमानदारी से पढ़ाई करते हैं, उनके साथ धोखा न हो, इसलिए सभी एसआई भर्ती रद्द करने के पक्ष में हैं। लेकिन सरकार की अनदेखी समझ से परे है। पायलट ने आगे कहा- प्रदेश सरकार को सिर्फ नौकरशाह चला रहे हैं। मंत्री और विधायक रोते फिर रहे हैं, कोई नहीं सुन रहा। आपस में इतना खिंचाव है कि कौन नेतृत्व कर रहा है, कैसे संचालन हो रहा है, समझ नहीं आ रहा।

### नैतिकता पर कांग्रेस-बीजेपी का फर्क

राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा- यूपीए सरकार में सोनिया गांधी के निर्देश पर मंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देते थे। बंसल जी हों या शशि थरूर, कॉमनवेल्थ गेम्स में कोर्ट ने आरोप खारिज किए, फिर भी इस्तीफे दिए। लेकिन बीजेपी सरकार में एसआई भर्ती पर मंत्री पर आरोप हैं, कोई जवाब नहीं।



### जातिगत जनगणना का मुद्दा

सचिन पायलट ने कहा- सवा साल बीत गया, लेकिन वादे पूरे नहीं हुए। जिन मुद्दों पर बीजेपी सत्ता में आई, उन पर कहां खड़ी है? समझ नहीं आ रहा। कांग्रेस और राहुल गांधी वर्षों से जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे। बीजेपी के नेता उन्हें अर्बन नक्सली कहते थे। एक है तो सेफ है, बटोगे तो कटोगे जैसी बातें करते थे। अब वही समझ गए कि देश क्या चाहता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com